लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 91, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 28 अप्रैल 2024





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मौलिक चिंतन का ह्रास करती छाया शिक्षा प्रणाली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


www.amritvichar.com


**आज का मौसम** 41.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 33 सूर्यास्त 18 : 39




अक्षय की फिल्म खेल खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज...16







## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत

**बिजनौर।** क्षेत्र के गांव सत्तार वाला के पास शनिवार सुबह वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाया। बढ़ापुर के मोहल्ला नौमीवाला निवासी गौरव (19) पुत्र अमर सिंह, प्रिंस (18) पुत्र महेन्द्र सिंह और वंश (19) पुत्र नरपाल सिंह गांव नेकपुर में शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। शनिवार सुबह 4 :30 बजे जब बाइक पर सवार होकर तीनों नगीना क्षेत्र के गांव सत्तार वाला के पास पहुंचे तो यहां वाहन (छोटा हाथी) से टक्कर हो गई। इस कारण गौरव और प्रिंस की मौके पर मौत हो गई।

### सलमान के घर के बाहर गोलीबारी मामले में मकोका के तहत मुकदमा दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 14 अप्रैल को बांद्रा स्थित अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना को लेकर शनिवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया। शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल के अलावा सोनू कुमार चंदर बिश्नोई और अनुज थापन (32) के साथ-साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई पर भी मकोका लगाया गया है।

### मुंबई में अस्पताल में लगी आग, चार झुलसे

**मुंबई।** कांदिवली पश्चिम में स्थित विन्स अस्पताल में शनिवार दोपहर आग लग गई जिसमें चार लोग झुलस गये। अग्निशमन अधिकारी अधिकारी ने बताया कि आग हॉस्पिटल के पिछले हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया।



मनाली : ताजा बर्फबारी के बाद अटल टनल रोहतांग साउथ पोर्टल से होकर गुजरते वाहन। बर्फबारी से रास्ते दुर्गम हो गए हैं। • एजेंसी

# पिछड़ी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने जा रही है कांग्रेस : योगी

## अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी की छूट की बात कर रहा विपक्ष

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वे कराकर संपत्ति का विभाजन करने की तैयारी कर रही है। सरकार बनने पर कांग्रेस पिछडी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने का भी काम करने जा रही है उसमें से 6 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के नाम पर आरक्षण मे हिस्सेदारी करने की तैयारी है। पहले आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी, अब अगर कहीं सुतली बम भी फटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि मेरा हाथ नहीं है।

वह शनिवार को औरैया में अजीतमल जनता महाविद्यालय में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी करने की भी छूट देने की तैयारी कर रही है। विपक्षियों के मंसूबे अप संस्कृति को हमारी



• आरक्षण में से अल्पसंख्यकों के नाम पर 6 प्रतिशत हिस्सेदारी दे देगी कांग्रेस

संस्कृति पर जबरदस्ती थोपने का प्रयास करने की तैयारी है। हमे उनके मंसूबे पूरे नहीं होने देने हैं। एक देश दो विधान नही चलेगे।

योगी ने कहा कि हम राम मंदिर ही नहीं बनाते हम आतंकवादियों और माफिया का राम नाम सत्य भी करना जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के भविष्य को सुरक्षित करने और विकसित करने के लिए तीसरी बार भी मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इनकी यूपीए सरकार के समय में आतंकवादियों माफियाओं को संरक्षण मिलता था। इनके मंसूबे सही नहीं है, इन्हें गरीब किसानों से कोई सहानुभूति नहीं यह माफियाओं के साथ हैं। समाजवादी पार्टी के शासन में आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने की पैरवी सरकार द्वारा की गई थी।

### क्या तीन तलाक की कुप्रथा को दोबारा लागू करेगी कांग्रेस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालिबानीकरण करना चाहती है? कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए।

### गोमांस पर क्यों चुप हैं इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोमांस मुद्दे पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूछा गोमांस पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी चुप क्यों हैं। क्या उनकी भी सहमति है। वह अपने घोषणा पत्र में लिख रहे हैं कि अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकार दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है, जो शेष समुदाय से अलग है। उन्होंने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं, जो कभी बैलेट लूटा करते थे। लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। योगी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि बीते वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी? 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?

### एक मई को राष्ट्रपति करेंगी रामलला के दर्शन

**अयोध्याः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या दौरे पर आएंगी। वह यहां रामलला का दर्शन-पूजन करेंगी। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई। हालांकि उनके दौरे को लेकर अब तक विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के राष्ट्रपति का यह पहला दौरा होगा। चर्चा यह भी है कि वह हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के साथ मां सरयू की आरती में शामिल हो सकती हैं। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति के दौरे के आसपास उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी अयोध्या आ सकते हैं। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति एक मई को अयोध्या आएंगी। अभी विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है।

## सैफनी के इमाम की अजमेर की मस्जिद में पीटकर हत्या

संवाददाता, सैफनी (रामपुर)

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी कारी मोहम्मद माहिर की अजमेर की एक मस्जिद में अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। पिता ने बताया कि माहिर दो दिन पहले ही अजमेर गया था।

सैफनी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी 25 वर्षीय कारी मोहम्मद माहिर पुत्र असलम करीब सात वर्ष से अजमेर के कंचन नगर की मोहम्मदी मस्जिद में रहकर इमामत करते थे। इसके साथ ही वह बच्चों को भी पढ़ाते थे। पिता असलम ने बताया कि



• सात वर्ष से मोहम्मदी मस्जिद में इमामत कर रहा था

शनिवार तड़के तीन बजे अजमेर से फोन आया कि उनके पुत्र माहिर की अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। बताया कि इमाम छात्रों के साथ अपने कमरे में सोए थे। रात को बदमाश लाठी-डंडे लेकर अंदर घुस गए और साथ में सो रहे बच्चों को डरा-धमका कर कमरे से बाहर निकाल दिया और उनपर हमला कर दिया।

### लैंडिंग गियर में खराबी, दिल्ली वापस लौटा विमान

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद जा रहा इंडिगो का एक विमान शनिवार दोपहर को लैंडिंग गियर में खराबी पाए जाने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। उड़ान संख्या 6ई 129 का विमान में लगभग 170 लोग सवार थे।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि विमान का जरूरी निरीक्षण किया जा रहा है, और यात्रियों को एक वैकल्पिक विमान उपलब्ध कराया जा रहा है। उड़ान भरने के बाद अचानक गियर में खराबी आने से विमान को लौटना पड़ा और उड़ान के लिए आपातकाल घोषित कर दिया गया था।

### जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। गत 25 अप्रैल को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। गौरतलब है कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मामले में पूर्व सांसद के खिलाफ जौनपुर के लाइन बाजार थाने में 10 मई 2020 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एमपी/एमएलए कोर्ट ने उन्हें 6 मार्च 2024 को 7 साल की सजा सुनाई थी, जिसे रद करने और जमानत की मांग करते हुए सांसद ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।



बहस के दौरान पूर्व सांसद के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। शनिवार को अचानक जब धनंजय सिंह को जौनपुर से हाई सिक्योरिटी बरेली जेल शिफ्ट किया जा रहा था, तभी दोपहर 12 बजे उन्हें जमानत मिलने की सूचना आई।

## सांड का सींग स्कूटी सवार युवक के सीने में आरपार, मौत

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचारः** दोस्त के साथ लालकुआं से हल्द्वानी की ओर जा रहे धारचूला निवासी स्कूटी सवार युवक को हल्दूचौड़ में सांड ने टक्कर मारी जिसमें उसका सींग युवक के सीने के आरपार हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी वाहन से तुरंत ही डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंचाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना में स्कूटी पर बैठा उसका साथी भी गंभीर रूप से घायल है और सरकारी अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस के अनुसार योगेश सिंह (25 वर्ष) पुत्र जगत सिंह निवासी धारचूला अपनी बहन के घर इंद्रानगर प्रथम बिंदुखता आया था। उसके साथ में बैठा युवक पुष्कर सिंह पुत्र जमन सिंह भी योगेश की बहन के पड़ोस में ही रहता है। शुक्रवार देर सायं लगभग साढ़े नौ बजे दोनों युवक स्कूटी से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह हल्दूचौड़ में भारतीय स्टेट बैंक के



• हल्दूचौड़ में शुक्रवार की देर रात हुई घटना

• सांड की टक्कर से स्कूटी बेकाबू होकर रपटी दूसरा सवार युवक भी हुआ घायल

सामने पहुंचे तभी सड़क के बीचों-बीच खड़े सांड ने स्कूटी पर बैठे योगेश को टक्कर मारी जिसमें सांड का सींग योगेश के सीने में घुस गया जबकि स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शी पूर्व विधायक के पुत्र मुकेश दुम्का ने आनन-फानन में घायल योगेश को निजी वाहन से हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। योगेश की मौत से उसकी बहन के घर और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने बताया कि स्कूटी सवार सांड की चपेट में आ गए थे। स्कूटी चला रहे युवक की सीने में सांड का सींग घुस गया।

## उग्रवादी हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत, 2 घायल

इंफाल, एजेंसी

• मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के शिविर पर किया हमला

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य कर्मी घायल हो गए। उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही।

इस दौरान उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन. सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। हमले में निरीक्षक जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास छर्रे लगने से घायल हो गए। अधिकारी ने कहा दोनों घायल जवानों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने कहा कि हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश जारी है।

### 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' वाले गुरुचरण सिंह का अपहरण

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अभिनय कर चुके गुरुचरण सिंह के लापता होने पर दिल्ली पुलिस ने शनिवार को अपहरण का मामला दर्ज किया है। सिंह धारावाहिक में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाते थे।



अधिकारियों ने कहा कि यहां पालम क्षेत्र के निवासी 50 वर्षीय अभिनेता की तलाश के लिए कई टीम का गठन किया गया है। वह पांच दिन से लापता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि सिंह को आखिरी बार 22 अप्रैल को दिल्ली हवाई अड्डे के निकट देखा गया था और वह सामान लिए हुए थे।

उनके घर से दिल्ली हवाई अड्डे तक के मार्ग के बारे में और जानकारी एकत्र करने के लिए उनके आवास के नजदीक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## मोदी सुपरमैन नहीं, महंगाई मैन बन गये हैं : प्रियंका

नई दिल्ली/लातूर, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि हर चुनावी सभा मे भारतीय जनता पार्टी भले ही उन्हें सुपरमैनकी तरह पेश करती हो लेकिन देश की जनता समझती है कि वह सुपरमैन नहीं बल्कि महंगाई मैन है।

प्रियंका ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, चाहें तो चुटकी भर में युद्ध रुकवा सकते हैं। तो मोदी ने बेरोजगारी और महंगाई क्यों नहीं कम की। दरअसल, इन्हें पता ही नहीं कि जनता के क्या संघर्ष हैं। आप इस महान देश की जनता हैं। आपने खून-पसीने से इस



• बोलीं- केंद्र सरकार के विभागों में 30 लाख पद खाली पड़े

देश की धरती को सींचा है। वहीं, लातूर जिले के उदगीर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका नेता ने कहा कि केंद्र (सरकार के विभागों) में 30 लाख पद खाली पड़े हैं, जो पिछले 10 साल में नहीं भरे गए। 70 करोड़ लोग, विशेष रूप से नौजवान बेरोजगार हैं। जीएसटी (माल एवं सेवा कर) प्रत्येक कृषि उपकरण पर लगा दिया गया है।

### कसाब को सजा दिलाने वाले वकील उज्जवल निकम को भाजपा से टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। शनिवार को भाजपा की ओर से लोकसभा उम्मीदवारों की 15वीं सूची घोषित की गई जिसमें मुंबई उत्तर मध्य सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन को इस बार टिकट नहीं दी। निकम ने वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में पकड़े गये पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में बतौर सरकारी वकील अहम भूमिका निभायी थी। इसके अलावा उन्होंने 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड और प्रमोद महाजन हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में भी सरकारी पक्ष की सफलता पूर्वक पैरवी की थी। भाजपा ने इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी की।



### अवैध इकाइयों में बन रहा था मादक पदार्थ, सात गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को राजस्थान और गुजरात में मादक पदार्थ बनाने की तीन अवैध इकाइयों का भंडाफोड़ कर 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। स्वापक नियंत्रण ब्यरो (एनसीबी) के उप महानिदेशक (संचालन) ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि मादक पदार्थ बनाने वाली इन अवैध इकाइयों में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए दोनों एजेंसियों द्वारा लगभग तीन महीने की गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी के बाद प्रयोगशालाओं का पता लगाया गया।

## सीडीएस के जरिये महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करने पर फैसला करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से संयुक्त रक्षा सेवाओं (सीडीएस) परीक्षा के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना अकादमी में महिलाओं के प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा है।

अदालत ने कुश कालरा की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आईएमए,




• प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा

आईएनए और वायु सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली दिसंबर 2023 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। इस मुद्दे पर याचिकाकर्ता का प्रतिवेदन अब भी अधिकारियों के पास लंबित होने के मद्देनजर, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिवादी को आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार प्रतिवेदन पर निर्णय लेने के निर्देश के साथ रिट याचिका का निस्तारण किया जाता है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अधिसूचना ने अनुचित रूप से महिलाओं को लैंगिक आधार पर आईएमए, आईएनए और आईएफए के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने से बाहर कर दिया क्योंकि यह केवल उन्हें ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए विचार करने की अनुमति देता है।

## बच्चों को छोटे कमरों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंसते थे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### खुलासा : यतीम बता लोगों से जकात की मोटी रकम हड़प रहे थे मदरसा संचालक

**अमृत विचारः** बिहार अररिया जिले से यूपी के सहारनपुर के मदरसों में ले जाए जा रहे बच्चों को यतीम बताकर मदरसा संचालक जकात की मोटी रकम हजम कर रह रहे थे। बच्चों को खाने के नाम पर गुणवत्ता विहीन दाल-चावल परोसा जा रहा था।

छोटे-छोटे कमरों में बच्चों को भेड़ बकारियों की तरह ठूंसा जाता था। इन बातों का खुलासा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी व पूर्व सदस्य संगीता शर्मा के सामने बच्चों ने रो-रोकर कर किया। शनिवार को



लखनऊ में मोहन रोड स्थित बाल सुधार गृह के अधीक्षक से बच्चों के संबंध में बात करतीं डॉक्टर शुचिता चतुर्वेदी।



• डबल डेकर बस से बरामद किए थे 97 बच्चे

डॉ. शुचिता व संगीता शर्मा ने मोहन रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रखे गये बच्चों से मुलाकात कर उनकी आपबीती जानी।

डॉ. शुचिता शर्मा के मुताबिक अयोध्या से बालगृह भेजे गये कुल 95 बच्चे हैं। सभी बच्चे बिहार के अररिया जिले के कई गांवों के हैं। सहारनपुर में तौसीख नामक युवक ने मदारूल उलूम रफीकिया और रिजवान ने मदरसा दारे अरकम नाम से नये मदरसे खोले हैं। यह बच्चे इन्हीं दोनों मदरसों में ले जाए जा रहे थे। सभी के परिवार में 8 से दस भाई हैं। इन सभी के अपने-अपने गांवों के सरकारी स्कूलों में भी नाम लिखा है। इस बीच नये खुले मदरसों को चलाने के लिए इनके संचालक वहां पहुंचे। बच्चों के परिजन को झांसे में लेकर धार्मिक पढ़ाई कराने के नाम पर ले आए हैं। बच्चों ने बताया कि मदरसा संचालक उन्हें यतीम बताकर लोगों को जकात के नाम पर रकम हड़पते हैं। बच्चों ने बताया कि उनसे तीन मंजिला मकान पर ईंटें चढ़वाई जातीं थी। छोटे-छोटे कमरों में 15-15 बच्चों को रखा जाता है। गर्मी के दिनों में इन कमरों में पंखे नहीं लगे होते हैं। डा. शुचिता से बच्चों ने कहा कि वह लोग मदरसा में नहीं पढ़ना चाहते हैं, अपने घर जाना चाहते हैं। अयोध्या पुलिस मामले में जांच कर रही है। वह यह भी पता कर रही कि जिन मदरसों में बच्चों को ले जाया जा रहा था, वह मान्यता प्राप्त हैं या नहीं। संचालक भी असली हैं या नकली। डा. शुचिता ने बताया कि आयोग की तरफ से जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला सामान्य तो बिल्कुल भी नहीं लग रहा है।

## एक नजर

### जयवीर सिंह को मिली वाई श्रेणी सुरक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की मैनपुरी लोस सीट से चुनाव लड़ रहे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को केंद्र सरकार ने तोहफा दिया है। भाजपा प्रत्याशी को वाई श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। बताया गया कि जयवीर की सुरक्षा में पैरामिलिट्री के जवान मौजूद रहेंगे। जयवीर सिंह हाईप्रोफाइल सीट मैनपुरी से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव जयवीर के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं।

### मंत्री संजय निषाद ने मांगी जेड प्लस सुरक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मांगी है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि वह संतकबीरनगर में एक विवाह समारोह में पहुंचे हुए थे। इस दौरान समाजवादी पार्टी के गुंडों ने उनपर हमला किया। इस तरह के हमले और हो सकते हैं। इसको देखते हुए उन्होंने सुरक्षा की मांग की है।

### अंशू अवस्थी बने कांग्रेस मीडिया कमेटी के कोऑर्डिनेटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी को प्रदेश कांग्रेस मीडिया स्ट्रेटजी कमेटी का कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। उन्हें पार्टी के वक्तव्य के प्रचार-प्रसार साथ भाजपा की ओर से फैलाये जा रहे झूठ का पर्दाफाश करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### बरेली में न्यायालय भवनों के लिए धनराशि जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली जिला न्यायालय में 53 न्यायालय भवनों के कायाकल्प का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। शासन ने प्रथम किस्त के रूप में 137.75 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को अवमुक्त कर दी है। बता दें कि बरेली न्यायालय परिसर और भवन की मरम्मत कार्य होना तय था। 53 न्यायालय भवन की मरम्मत, जल निकासी, सीसी मार्ग के अलावा अनुरक्षण कार्य होने थे। कुल 275.50 लाख रुपये का स्टीमेट स्वीकृत हुआ था, जिसके सापेक्ष शासन ने प्रथम किस्त के रूप में 137.75 लाख रुपये अवमुक्त कर दिये हैं।

# चौथे चरण की 13 सीटों के लिए चुनावी महारथी तैयार




राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व शाहजहांपुर के ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के चुनावी महारथी तैयार हैं। हालांकि, प्रत्याशियों की नाम वापसी 29 अप्रैल को होगी, इसके बाद औपचारिक तौर पर प्रत्याशियों की स्थिति साफ होगी। इस चरण में 13 मई को मतदान होगा।

इस बीच, सभी राजनीतिक दलों ने ताकत झोंक दी है। चुनावी सभाओं व जनसंपर्क के जरिये मतदाताओं को पक्ष में लाने की कवायद चल रही है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने इटावा में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कानपुर देहात में चुनावी सभा की।

चौथे चरण में कुल लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में लोकसभा क्षेत्रों में 2.46 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 16334 मतदान केन्द्र व 26588 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। ददरौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.72 लाख मतदाता है, जिसमें 1.99 लाख पुरुष मतदाता व 1.72 लाख महिला मतदाता हैं।

## 13 मई को होगा मतदान

**शाहजहांपुर (अजा) सीट**
भाजपा–अरुण कुमार सागर
सपा–ज्योत्सना गौड़
बसपा–दोद राम वर्मा

**सीतापुर सीट**
भाजपा–राजेश कुमार वर्मा
कांग्रेस–राकेश कुमार
बसपा–महेन्द्र सिंह
अपना दल (कमेरावादी)–मो. काशिफ

**उन्नाव सीट**
भाजपा–स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी
सपा–अन्नू टंडन
बसपा–अशोक कुमार

**फर्रूखाबाद सीट**
भाजपा–मुकेश राजपूत
बसपा– क्रांति पांडेय
सपा–नवल किशोर

**कन्नौज सीट**
सपा–अखिलेश यादव
भाजपा–सुब्रत
बसपा–इमरान बिन जफर

**कानपुर सीट**
भाजपा–रमेश अवस्थी
बसपा–कुलदीप भदौरिया
कांग्रेस–आलोक मिश्रा

**खीरी सीट**
भाजपा–अजय कुमार
सपा–उत्कर्ष वर्मा
बसपा–अंशय कालरा

**धौरहरा सीट**
भाजपा–रेखा वर्मा
सपा–आनंद भदौरिया
बसपा–श्याम किशोर अवस्थी

**हरदोई (अजा) सीट**
भाजपा–जय प्रकाश
सपा–ऊषा वर्मा
बसपा–भीमराव अम्बेडकर

**मिश्रिख (अजा)**
भाजपा–अशोक कुमार
बसपा– बीआर अहिरवार
सपा–संगीता राजवंशी

**इटावा (अजा) सीट**
भाजपा–प्रो. राम शंकर कठेरिया
सपा–जितेन्द्र कुमार
बसपा–सारिका सिंह

**बहराइच सीट**
भाजपा–आनंद कुमार
बसपा–बिरजेश कुमार
सपा–रमेश चन्द्र

**अकबरपुर सीट**
भाजपा–देवेन्द्र सिंह भोले
बसपा–राजेश कुमार द्विवेदी
सपा–राजाराम पाल

**ददरौल विधानसभा सीट**
भाजपा–अरविंद कुमार सिंह
बसपा–सर्वेश चन्द्र मिश्रा
सपा–अवधेश कुमार वर्मा

# योगी के बयान पर कांग्रेस करेगी कानूनी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से दिये गये भाषणों-बयानों को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस कानूनी कार्रवाई करेगी। वह शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने धार्मिक भावनाओं को भड़काने के लिए ऐसा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में खास धर्म को गाय काटने की आजादी की बात कही है। मुख्यमंत्री का यह बयान निरर्थक व निराधार होने के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन भी है।

▶▶ **मुख्यमंत्री का बयान व भाषण चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन : डॉ. सीपी राय**

उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में बीफ का कारोबार व विदेश व्यापार बढ़ गया है। यहां तक कि भाजपा के कुछ नेता भी इसमें प्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति से उजागर हुए चुनावी बांड की जानकारी से पता चला है कि भाजपा ने बीफ का कारोबार करने वाली कंपनियों से कितना चंदा वसूला है।

उन्होंने कहा कि मतदान में पता लग गया है कि पिछले चुनाव में भाजपा का समर्थन करने वाले लोग भाजपा के शासन से निराश होकर मतदान करने ही नहीं निकले तो दूसरी तरफ कांग्रेस के न्याय पत्र के वादे पर विश्वास करते हुए लोगों ने मतदान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र बेरोजगारों का सहारा है। गरीब महिलाओं को लखपति बनाने का संकल्प है। किसानों की कर्जमाफी व छात्रों के शैक्षणिक लोन माफी की गारंटी है।

# नामांकन के कारण बदल जाएंगे रास्ते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **राजनाथ के नामांकन जुलूस के कारण भारी भीड़ की संभावना**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया जिलाधिकारी कार्यालय में जारी है। आगामी 29 अप्रैल को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कालीदास मार्ग से भाजपा कार्यालय हजरतगंज व भाजपा कार्यालय से डीएम कार्यालय तक प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन जुलूस निकाले जाने के कारण भारी भीड़ होने की संभावना है। यातायात का सुचारू संचालन के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक ट्रैफिक का डायवर्जन किया गया है।

**वीवीआईपी मार्गों पर रहेगी रोक :** चारबाग की तरफ से बड़ी गाड़ियां या बसें केकेसी से होकर कैंटोनमेंट की ओर जाएगी। वहीं बापू चौराहे से कोई भी वाहन अटल चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि वह सिसेंडी होते हुए डीएसओ चौराहे की तरफ जा सकेगा अथवा लालबाग से होकर जा सकेंगी। हजरतगंज अटल चौराहे से भी कोई भी वाहन बापू चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा। डालीगंज पुल तिराहा से कोई भी सामान्य वाहन सीडीआरआई तिराहे से स्वास्थ्य भवन चौराहे की तरफ नहीं आ सकेगा, बल्कि वह डालीगंज पुल क्रॉस करके इक्का टांगा/नदवा बंधे से होकर गन्तव्य को जा सकेंगे। सिकंदराबाद चौराहे से सामान्य यातायात अटल चौराहे हजरतगंज की तरफ नहीं आ सकेगा बल्कि वह जागरण चौराहा से होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। वहीं बसे 1090 से चिरैया झील की तरफ से होकर कैसरबाग बस अड्डे की तरफ नहीं जा सकेंगे, बल्कि उनको बंदरिया बाग से कैंटोनमेंट होते हुए अपने गंतव्य को जाना पड़ेगा।

**कैसरबाग बस अड्डे तक भी रहेगी रोक :** सुभाष परिवर्तन चौराहे से सामान्य यातायात केडी सिंह बाबू स्टेडियम से होते हुए हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेगा, बल्कि यह वाहन एसबीआई कट से हनुमन सेतु-चिरैयाझील चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। सीएमओ कार्यालय चौराहे से कोई भी सामान्य यातायात चकबस्त चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात कैसरबाग बस अड्डा चौराहा, अशोकलाट चौराहा अथवा रेजीडेन्सी तिराहा, डालीगंज चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। सफेद बारादरी से कोई भी सामान्य यातायात चकबस्त चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात अशोक लाट चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेगा। अशोक लाट चौराहे से कोई भी सामान्य यातायात परिवर्तन, सुभाष चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात बांसमंडी चौराहा बर्लिंग्टन चौराहा रॉयल होटल चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

## राजनाथ व कौशल कल करेंगे नामांकन


राजनाथ सिंह


कौशल किशोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री मंत्री कौशल किशोर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार रात दस बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। 29 अप्रैल को लगभग 12 बजे कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करेंगे। मंगलवार को सुबह 10:20 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इंदौर के लिए रवाना होंगे। रक्षा मंत्री के नामांकन जुलूस का सौ से अधिक स्थानों पर स्वागत होगा।

# रक्षा मंत्री का नामांकन बने मिसाल: पाठक

## राजनाथ के नामांकन में मुख्यमंत्री योगी व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी रहेंगे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बैठक को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट पर देश की सबसे बड़ी जीत दर्ज कराना है। इसलिए तय लक्ष्य के साथ नामांकन को भव्य और यादगार बनाने में जुट जाएं। रक्षा मंत्री के नामांकन जुलूस का सौ से अधिक स्थानों पर स्वागत होगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बैठक के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि यहां बैठे लोग भविष्य में विधायक, एमएलसी और मंत्री बन सकते हैं। सभी की क्षमता इतनी है कि यदि वह स्वयं चुनाव लड़ेंगे तो पांच से दस हजार लोगों को एकत्र कर सकते हैं। इसलिए सभी को अपनी पूरी ताकत लगाकर 29 तारीख को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन को यादगार बनाना है। उप मुख्यमंत्री पाठक ने विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों, विधानसभाओं के संयोजकों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चों के अध्यक्षों और प्रकोष्ठ विभाग के संयोजकों से बातचीत की। साथ ही नामांकन के दिन बड़ी संख्या लेकर आने के लिए कहा।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि नामांकन के दिन मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्र, बूथ अध्यक्ष एवं समिति पदाधिकारियों को बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। अपने मंडल से जुलूस निकालकर प्रदेश कार्यालय पहुंचें। प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कहा कि पूरा विपक्ष भाजपा की कार्यशैली से पस्त है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि 29 तारीख को 2019 की अपेक्षा दोगुना संख्या में लोग नामांकन में उपस्थित रहेंगे। रक्षामंत्री के नामांकन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

▶▶ **सौ से अधिक स्थानों पर नामांकन जुलूस का होगा स्वागत**

बैठक में लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, पूर्व सांसद अशोक बाजपेयी, लोकसभा चुनाव सहसंयोजक पुष्कर शुक्ला, राकेश श्रीवास्तव, उपविजेता रजनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अब तक 535 शस्त्र जब्त 4683 लाइसेंस किए निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 26 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4683 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए।

इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 25,77,725 लोगों को पाबन्द किए जाने के लिए नोटिस प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 21,49,679 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7897 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8039 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 426 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3342 केन्द्रों पर छापा मारा और 149 केन्द्रों को सीज किया गया। पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के छह लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया।

# भाजपा ने महिलाओं को दिया सम्मान

## मंत्री बेबीरानी मौर्या ने भाजपा को वोट देने की अपील की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम का दीप जलाकर शुरुआत करतीं कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या।

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अभियान तभी सही साबित होगा जब एक-एक महिला अपने मताधिकार का प्रयोग करे। केंद्र एवं राज्य सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है और उनको केंद्र में रखकर ही योजनाएं बनाई जा रही हैं।

कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या ने उक्त बात आईएमआरटी सभागार में आयोजित नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम में कही। 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिया है। महिलाएं अपने मतदान का प्रयोग करते हुए भाजपा को वोट देकर विजयी बनाएं।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति अधिनियम लाकर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। महिलाओं को जिम्मेदारी का निवर्हन करते हुए परिवार के प्रत्येक व्यक्ति से मताधिकार का प्रयोग कराना है।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में मेयर सुषमा खर्कवाल, समाजसेविका नर्मता पाठक, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही पर पांच अधिकारियों को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने समीक्षा कर दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कार्यों में शिथिलता पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के राजधानी में तैनात मुख्य अभियंता समेत पांच अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। अध्यक्ष ने शनिवार को शक्ति भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बिजली आपूर्ति व विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी की बिजली आपूर्ति हर हाल में बेहतर होनी चाहिए। यहां ब्रेकडाउन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी कारण से बिजली व्यवधान आते भी हैं, तो उसे कम समय में दूर कर लिया जाय। बैठक में अध्यक्ष ने कार्य में शिथिलता पाये जाने पर मुख्य अभियंता गोमतीनगर, दो अधीक्षण अभियंता व दो अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता विश्वविद्यालय व बख्शी का तालाब को प्रतिकूल प्रविष्टि, अधीक्षण अभियंता नवम गोमतीनगर व जानकीपुरम और मुख्य अभियन्ता गोमतीनगर से स्पष्टीकरण के लिए तलब किया है। अध्यक्ष ने राजस्व वसूली तेज किये जाने, बिजली उपभोक्ताओं को समय से बिल भेजने, विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने, विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता कम करने और विद्युत प्रणाली के सुधार व सुदृढ़ीकरण के लिए बिजनेस प्लान के तहत कार्य किये जाने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में प्रबध निदेशक पंकज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध कराए जाएं**

अध्यक्ष ने प्रत्येक उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल समय दिये जाने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्युत बिल वसूलने के लिए भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये यह आवश्यक है कि जितने की बिजली दें, उतना बिल वसूलें।

# जमानत के बाद भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे धनंजय



**अमृत विचार, लखनऊ :** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने से राहत तो मिल गई है, लेकिन वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। कोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर करते हुए उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दे दिया, लेकिन बाहुबली को मिली सात साल की सजा पर रोक नहीं लगाई। ऐसे में धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

धनंजय सिंह यूपी की जौनपुर के जिस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं, वहां आज से ही नामांकन शुरू हो रहा है। छठवें चरण में मतदान है। चुनाव लड़ने के लिए धनंजय के पास अब सीमित विकल्प ही मौजूद हैं। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं अथवा यहीं पर अपील दाखिल कर सकते हैं। हालांकि दाखिल अर्जियों पर उन्हें जल्द सुनवाई के लिए गुहार लगानी होगी। गौरतलब हो कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण से जुड़े एक मामले में जौनपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने इसी वर्ष छह मार्च को धनंजय सिंह को दोषी करार देते हुए उन्हें सात साल की सजा का ऐलान किया था। इसी कारण धनंजय सिंह के चुनाव लड़ने पर रोक लग गई थी। धनंजय सिंह ने जौनपुर की स्पेशल कोर्ट से मिली सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। धनंजय सिंह को शनिवार को जौनपुर जेल से बरेली सेंट्रल जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

# अवैध सिम जारी करा दुबई भेजने वाले रडार पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **एसटीएफ ने दो मामलों का खुलासा करने के बाद जांच का दायरा बढ़ाया**

▶▶ **करीब 15 हजार लोग भारत से दुबई जाकर कर रहे फर्जीवाड़ा**

**अमृत विचार :** उप्र. स्पेशल टाक्स फोर्स द्वारा अवैध सिम जारी कराकर दुबई भेजने के मामले में जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। एसटीएफ इस अवैध कारोबार को समूल खत्म करने में जुटी है। एक हफ्ते में दो बड़े मामले उजागर होने के बाद एसटीएफ को यह स्पष्ट हो चुका है कि इस काम में अभी और लोग भी सक्रिय है। इस तरह की सूचनाएं भी एसटीएफ को लगातार मिल रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में भी कई नाम सामने आए हैं।

गौरतलब हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम पढ़े लिखे लोगों से आधार कार्ड मांगकर उनके नाम सिम जारी कराकर दुबई भेजने के दो बड़े मामले सामने आए थे। जांच में पता चला कि 10 हजार से अधिक सिम दुबई पहुंच चुके हैं। उन्हीं सिमों से ऑनलाइन गेमिंग कराकर और सट्टा लगाकर धड़ल्ले से धोखाधड़ी की जा रही है। दुबई में बैठे सरगना एक सिम के बदले ढाई से तीन हजार रुपये दे रहे हैं। पैसों के लालच में कुछ युवकों ने यही धंधा शुरू कर दिया है।

महादेव ऐप के इंडिया हेड अभय सिंह से पूछताछ में पता चला कि करीब 15 हजार लोग भारत से दुबई जाकर यह काम कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें भारत में लाखों रुपये मासिक वेतन भी मिलता है। कबूलनामा सुनकर एसटीएफ भी चौंक गई। उधर, पिछले हफ्ते गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि 10 से 15 हजार सिम सिर्फ उन्हीं के ग्रुप के माध्यम से दुबई भेजे जा चुके हैं। ऐसे में एसटीएफ इसे बड़ा घोटाला मानते हुए कार्रवाई करने में जुटी है।

गिरफ्तार हुए आरोपियों से कई अन्य लोगों के नामों का भी खुलासा हुआ है, जो अभी भी इस कार्य के लिए सक्रिय हैं। ऐसे में एसटीएफ उनकी तलाश में भी जुट गई है। एसटीएफ मुख्यालय के एक अफसर ने बताया कि अवैध सिमकार्ड के मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू की गई है। जल्दी ही अन्य खुलासे भी होंगे।

### सतर्कता जांच में लिपिक के पास मिली अकूत संपत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** सतर्कता अधिष्ठान ने बहराइच जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात लिपिक हरेंद्र सिंह को आय से अधिक संपत्ति हासिल करने का दोषी पाने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हरेंद्र पर शासन के आदेश पर सतर्कता अधिष्ठान ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मूल रूप से हरैया बस्ती के रहने वाले हरेंद्र सिंह का मकान गोंडा में भी बना हुआ है। जांच के दौरान पता चला कि हरेंद्र ने विभिन्न स्रोतों से 56 लाख के करीब आय अर्जित की थी। जिन समयांतरालों में यह यह धन अर्जित किया गया था, उन्हीं समय में हरेंद्र के द्वारा 95 लाख रुपये खर्च करने की भी पुष्टि हुई है। सतर्कता सूत्रों के मुताबिक, हरेंद्र अधिष्ठान को संतोषजनक जवाब भी नहीं दे पाए।

# अखिलेश खो चुके हैं सुध-बुध : स्वतंत्र देव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार, लखनऊ :** गेहूं की बिक्री को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आरोपों पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने करारा प्रहार किया।

उन्होंने कहा है कि 2014 और 2019 के बाद अब 2024 में भी लोकसभा चुनावों में भाजपा के हाथों करारी हार पाने जा रहे अखिलेश यादव अपनी सुध-बुध खो चुके हैं। वह इस कदर बदहवास हो चुके हैं कि न तो सही-गलत में अंतर कर पा रहे हैं और न ही तथ्यों व प्रमाण के आधार पर अपनी बात रख पा रहे हैं। उन्होंने एक मनगढ़ंत पत्र के आधार पर जो आरोप लगाए हैं, वह सरासर झूठे और बेबुनियाद हैं। प्रदेश में किसानों को अपना गेहूं सरकार या व्यापारियों को बेचने के लिए पूरी स्वतंत्रता मिली हुई है। उन्हें जहां भी अच्छा दाम मिले, वे वहां अपना गेहूं बेच सकते हैं। मालूम हो कि शुक्रवार को सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गोंडा के एक गुमनाम गल्ला व्यापारी का पत्र साझा किया था, जिसमें प्रदेश सरकार पर गेहूं किसानों व व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था।

# अकबरनगर के विस्थापितों को कल से आवंटित होंगे आवास

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ **750 लोगों को बसंतकुंज योजना में मिलेगा प्रधानमंत्री आवास**

**अमृत विचार :** इंतजार खत्म, अकबरनगर के विस्थापितों को सोमवार से प्रधानमंत्री आवास का आवंटन शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में लखनऊ विकास प्राधिकरण लगभग 750 विस्थापितों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में आवास आवंटित करेगा। सम्पत्ति विभाग सोमवार से ऑनलाइन आवंटन के साथ आवंटन पत्र जारी करेगा।

अकबरनगर में कुकरैल नदी और बंधे पर अवैध तरीके से बनाए गए लगभग 1,200 मकान, दुकान, शोरूम और कॉम्प्लेक्स तोड़े जाने हैं। इनको ध्वस्त करने के लिए एलडीए ने जारी किए थे। उच्च न्यायालय ने वहां रह रहे लोगों को मकान खाली करने और एलडीए को शिविर लगाकर विस्थापितों को आवास के लिए पंजीकरण कराने के निर्देश दिये थे। शिविर में लगभग 1,700 विस्थापितों ने पंजीकरण कराया है। आवास देने के लिए एलडीए ने पहले चरण में 750 विस्थापितों की सूची बनाई है। सूची में शामिल विस्थापितों को सोमवार से आवंटन पत्र जारी किये जाएंगे। पंजीकरण कराने वाले अन्य विस्थापितों की जांच कराई जा रही है।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार बेटे की मौत

## तीन लोग घायल, लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर हुआ हादसा

राही, रायबरेली

**अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर रोडवेज बस और बाइक की सीधी टक्कर से बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने बाइक सवार बेटे ललित को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शनिवार को प्रयागराज डिपो की रोडवेज बस सवारी लेकर लखनऊ की ओर जा रही थी जैसे ही बस मोहम्मदपुर कुचरिया के सरैया शारदा नहर पुल के समीप पहुंची तभी सामने से आ रही बाइक रोडवेज की चपेट में आ गयी जिससे बाइक पर सवार राजेन्द्र कुमार, पत्नी अंजू, पुत्री अंजलि और पुत्र ललित निवासी सलोन रायबरेली गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने बेटे ललित कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उप निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि बाइक सवार ललित कुमार की मौत हो गई है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा हैं, जहां पर घायल पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। चालक बस छोड़कर भाग गया है जबकि बस को कब्जे में ले लिया गया है।



सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस।




क्षतिग्रस्त खड़ी मोटर साइकिल।

# ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार की शाम एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। उसकी पहचान लवकुश मल्लाह निवासी खनवारी जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है।

यह हादसा शनिवार की शाम रायबरेली ऊंचाहार रेलखंड पर क्षेत्र के सवैया धनी रेलवे क्रासिंग से करीब सौ मीटर आगे हुआ है। प्रयागराज से लखनऊ जा रही इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन से एक व्यक्ति कट गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक पर किसी की निगाह नहीं पड़ी, इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वह किधर से कैसे आया था। मामले की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

# विभाग की मजबूत कड़ी होते है कर्मचारी : दिनेश



बस स्टेशन परिसर में कर्मचारियों को सम्मानित करते एआरएम।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सड़कों पर मेहनत अच्छे आचरण व ईमानदारी के साथ काम करते हुए विभाग के हित में काम करने वाले चालक व परिचालकों को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। एआरएम दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि कर्मचारी विभाग की मजबूती कड़ी होते हैं। यदि वह चाहे तो बेहतर से बेहतर काम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी कर्मचारियों को लगन और ईमानदारी के साथ काम करना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रायबरेली डिपो में मार्च महीने में बेहतर काम के साथ डीजल औसत देने वाले चालकों, परिचालकों तथा कार्यालय कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### इन्हे मिला सम्मान

कार्यालय कार्मिक देवेंद्र बहादुर सिंह, सुशील कुमार तिवारी, चालक अमित कुमार, सुधांशु मोहन, नरेंद्र बहादुर सिंह, सुधीर कुमार, पंकज सिंह, संविदा चालक अमित कुमार तथा परिचालक शिवनाथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संचालन सहायक प्रमोद भास्कर, केंद्र प्रभारी कृष्ण अवस्थी, विक्रम सिंह तथा सीनियर फोरमैन गोपीनाथ दीक्षित उपस्थित रहे।

# सीएचसी में प्रसव के लिए मांगे सात हजार

- रुपये न देने पर कर दिया जिला अस्पताल रेफर

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** सीएचसी में यदि प्रसव कराना हो तो रुपए दो, अन्यथा प्रसूता को जिला अस्पताल ले जाओ। अस्पताल की यह मनमानी क्षेत्र के लोगों पर भारी पड़ रही है। शनिवार को एक प्रसूता केवल इसलिए निजी अस्पताल में चली आई क्योंकि सीएचसी में चिकित्सक जितनी रकम उससे मांग रहे थे, उतनी राशि उसके पास नहीं थी।

ममला नगर क्षेत्र के अलीगंज मुहल्ले का है। यहां के रहने वाली श्रीराम प्रजापति की बेटी शिवानी को प्रसव के लिए तीन दिन पूर्व सीएचसी ले जाया गया था, जहां शनिवार को उसे आने को कहा गया। पिता का आरोप है कि शनिवार को जब वह अपनी बेटी को लेकर सीएचसी पहुंचा तो वहां तैनात स्टाफ ने कहा कि सात हजार रूपए लाओ अन्यथा तुम्हारी बेटी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जायेगा। जब रेफर करने का कारण जाना गया तो अस्पताल स्टाफ ने कहा कि प्रसूता को खांसी आई है। मात्र खांसी आने पर उससे सात हजार का इंतजाम करने को कहा गया। जब उसने अपनी आर्थिक मजबूरी बताई तो प्रसूता को रेफर कर दिया गया। उसके बाद मजबूरी में उसे एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल का कहना है कि उन्हे मामले की जानकारी नहीं है। यदि शिकायत मिली तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# रेल पहिया कारखाने का किया निरीक्षण

- रेलवे बोर्ड की फाइनेंशियल मेंबर का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट में दौरा
- उत्पादन में गुणवत्ता के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का दिया निर्देश

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का शनिवार को रेलवे बोर्ड के वित्त सदस्य रूपा श्रीनिवासन ने दौरा किया। श्रीनिवासन ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण तकनीक, भण्डारण, टेस्टिंग लैबों का निरीक्षण किया। व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी। वित्त सदस्य का दौरा इस मायने में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि अभी हाल में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का स्वामित्व राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड से रेल मंत्रालय को हस्तांतरित हुआ है। इसके लिए रेल मंत्रालय ने 1725 करोड़ रुपये का हस्तांतरण राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को किया है। इसके अलावा वित्त सदस्य ने आरेडिका के विभिन्न शॉपों जैसे शेल शॉप, व्हील शॉप में कोचों के निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण कर आरेडिका के उच्चाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। साथ ही फिनिशिंगशॉप में एसी-3 कोच का निरीक्षण किया। आरेडिका के व्हील निर्माण से एक ओर फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से राहत मिलेगी। आरेडिका फोर्ज्ड व्हीलों का स्वंय उत्पादक एवं भारतीय रेल उपभोगता बनेगी तो इससे अतिरिक्त श्रम एवं समय की बचत होगी। व्हील फैक्टरी एवं आरेडिका शॉप के निरीक्षण के उपरान्त वित्त सदस्य ने महाप्रबन्धक एवं सभी उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर हो रहे उत्पादन के प्रति प्रसन्नता जाहिर की एवं रेलवे मंत्रालय द्वारा दिये गये लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीएफए हमीम अहमद, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, एसडीजीएम एवं सीवीओ अकमल वदूद, सीडीई डीके सिंह, व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी समीर हलधर सहित उच्चाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



रेलवे बोर्ड की फाइनेंसियल मेंबर ने किया रेल पहिया कारखाने का निरीक्षण।

# 'गारंटी के साथ इलाज' का प्रचार करने पर कार्यवाही की तैयारी शुरू

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** आयुष मंत्रालय की सक्रियता से कई नामी कम्पनियों की नकली, मिलावटी, घातक रसायन से बनी आयुर्वेदिक औषधियों के जांच में पकड़े जाने पर आयुष मंत्रालय ने औषधि निर्माता कम्पनियों पर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है। इस आशय का एक पत्र क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी रायबरेली डा रवि प्रकाश सोनकर ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के क्रम में कहा है कि आयुर्वेदिक औषधि निर्माताओं को ड्रग एण्ड कास्मेटिक रेमेडीज एक्ट 1954 उपभोक्ता संरक्षण एक्ट 2019, दॉ केबल टेलीविजन नेटवर्क एक्ट 1995, दॉ सिम्बल एण्ड नेम एक्ट 1950 के तहत निर्देश दिया जाता है कि औषधियों पर लेबलिंग व औषधियों का प्रचार-प्रसार उक्त अधिनियम के तहत ही करें। अगर किसी ने भ्रामक प्रचार-प्रसार व लेबलिग करता है तो उस पर विधिक कार्यवाही होगी।

संदेश

प्रिय अभिभावकों और छात्र-छात्राओं आप सभी को ढेर सारी बधाई। विद्यालय के स्थापना को लेकर मैंने एक सपना देखा था कि यहां वह सबकुछ मिल सके, जिसके लिए अभिभावक अपने बच्चों को दिलाने के लिए शहर भेजने को विवश हो रहे हैं। कुछ यही सोंचकर मैंने पौराणिक नगरी डलमऊ में शिक्षण संस्थान की नींव रखी। अच्छी शिक्षा के साथ बेहतर अनुशासन और संस्कार का नतीजा अब सामने आने लगा है। पिछले एक दशक से हमारे विद्यालय का प्रदर्शन बोर्ड परीक्षा में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जिला से लेकर प्रदेश स्तर की मेरिट में विद्यालय के मेधावी बच्चे स्थान बना रहे हैं। यह देखकर मन काफी प्रफूल्लित हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि अब हमारा सपना साकार हो रहा है। कुशल शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना ही एक मात्र उद्देश्य है। यह आगे भी जारी रहेगा। एक बार फिर से सभी अभिभावओं और बच्चों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए बधाई। साथ ही यहां से उत्तीर्ण कर चुके बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।



बाबू किशोरीलाल यादव
प्रबंधक
न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज मुराईबाग, रायबरेली

प्रवेश प्रारंभ | प्रवेश प्रारंभ



संस्थापक
ब्रम्हलीन स्वामी बद्रीनारायण गिरि महराज



सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी
सम्बद्ध
श्रीराधा कृष्ण संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ, रायबरेली

प्रिय सज्जनों,
संस्कृत विश्व की समस्त भाषाओं की जननी है, माध्यमिक संस्कृत शिक्षा लखनऊ से मान्यता प्राप्त विद्यालय में छात्रों को प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा विषय- 1- संस्कृत, 2- हिन्दी, 3- गणित, 4- अंग्रेजी, 5- सामाजिक विज्ञान, 6- विज्ञान, 7- पौरोहित्य, 8- पुराण इतिहास व कम्प्यूटर आदि की शिक्षा समुचित प्रकार से दी जाती है।

विशेष - 1- विद्यालय में सरकारी छात्रवृत्ति एवं पुस्तकों की सुविधा।, 2- विद्यार्थियों को पारम्परिक स्कूल ड्रेस एवं खेल की सुविधा।,3- विद्यालय में सुदृढ़ अनुशासन।, 4- समय-समय पर संस्कृत पर व्याख्यान, संस्कृत मे बातचीत करने की शिक्षा।

| कक्षा - | समकक्ष - | मान्यता / बोर्ड |
|---|---|---|
| प्रथमा | - 6 से 8 तक | - उ0प्र0 मा0 शिक्षा परिषद, लखनऊ |
| पूर्व मध्यमा | - हाईस्कूल | - उ0प्र0 मा0 शिक्षा परिषद, लखनऊ |
| उत्तर मध्यमा | - इण्टरमीडिएट | - उ0प्र0 मा0 शिक्षा परिषद, लखनऊ |
| शास्त्री | - बी0ए0 | - सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी |
| आचार्य | - एम0ए0 | - सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी |

अध्यक्ष
महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महराज
मो. 9838927030





# चुनाव व्यय या शिकायत के लिए व्यय प्रेक्षक से करें संपर्क

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक शैलेन समद्दर को नियुक्त किया गया है। किसी भी राजनैतिक दल अथवा किसी भी मतदाता द्वारा चुनाव व्यय से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या शंका समाधान के लिए मोबाइल नम्बर 8887018871 पर उनसे संपर्क किया जा सकता है। व्यय प्रेक्षक से मिलने का समय सायं 5 बजे से 6:30 बजे तक गेस्ट हाउस एनटीपीसी ऊंचाहार में मिल सकते हैं एवं दूरभाष के माध्यम से भी सूचित कर सकते हैं।

**प्रेक्षक ने बैठक कर दिए निर्देश : महराजगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को चुनाव व्यय प्रेक्षक शैलेन समद्दर स्थानीय तहसील पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपंन कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी को मनायोग के साथ काम करना है। किसी के साथ भेदभाव न हो, लापरवाही किसी भी दशा में न की जाए, मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जायें जिससे कि मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सके। इस मौके पर एसडीएम राजित राम गुप्ता, क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र बहादुर पाल, तहसीलदार ज्ञान प्रताप सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



निरीक्षण कर जायजा लेते व्यय प्रेक्षक। अमृत विचार

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत व्यय प्रेक्षक शैलेन समद्दर ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, मीडिया सेन्टर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## गौरव ने जेईई मेंस क्लीयर कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव के रहने वाले गौरव पटेल ने आईआईटी जेईई मेंस में 96.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। गौरव पटेल की सफलता पर उत्कर्ष पब्लिक इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिनव अवस्थी, बड़े भाई अखिलेश पटेल, रानीखेड़ा प्रधान विकास यादव, टोनी मिश्रा, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार, कमलेश चौधरी, विक्रम पासवान, मान सिंह आदि लोगों ने गौरव पटेल का मुंह मीठा कराया। अखिलेश पटेल ने बताया कि उनके छोटे भाई शशांक पटेल ने 2022 में आईआईटी जेईई मेंस एग्जाम क्लियर कर 98.5 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे। जिसकी पढ़ाई मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर में पढ़ाई चल रही। उन्होंने बताया कि छोटा भाई गौरव पटेल एसजेएस कॉलेज बछरावां से पढ़ाई कर रहा था जिसने बड़े भाई शशांक पटेल से प्रेरणा लेकर सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि उनके लिए सबसे खुशी की बात है कि उनके दो छोटे भाइयों ने आईआईटी जेईई मेंस क्लीयर कर परिवार के साथ ही समूचे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है।



गौरव पटेल।

# आईडीटीआर में अभी तक नहीं शुरू हुए प्रवेश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर से लगभग पन्द्रह किलोमीटर दूर आईडीटीआर के शुभारम्भ के लगभग एक माह पूरा हो रहे है। लेकिन अभी तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू नही हो सकी। आईडीटीआर की प्राचार्य बबिता ने बताया कि पंजीकरण शुल्क निर्धारित न होने के कारण प्रवेश नही हो पा रहे है। मुख्यालय को शुल्क निर्धारण सम्बन्धी पत्रावली भेजी जा चुकी है। अनुमोदन मिलते ही प्रवेश शुरू हो जाएंगे। लाइट मोटर व्हीकल के लाइसेंस आईडीटीआर से जारी होने के कारण लाइसेंस बनवाने वालों की संख्या कम हो गई है। जबकि कमर्शियल लाइसेंस की संख्या पूर्व की भांति ही निश्चित है।

सरकार द्वारा आईडीटीआर का शुल्क दस हजार रखा गया है। जबकि निजी स्कूलों का शुल्क पन्द्रह हजार बताया जा रहा है। निजी स्कूलों को सरकार ने एसओपी मानक के तहत ही प्रशिक्षण देने के आदेश जारी किए है, लेकिन अधिकारियों द्वारा भौतिक निरीक्षण न करने के कारण प्रशिक्षण ठीक से नही हो रहा है। नियमानुसार मोटर ट्रेनिंग स्कूलों का औचक निरीक्षण आरआई द्वारा किया जाना चाहिए। जिसमें समस्त अभिलेख, सीडी एवं कैमरा रिकॉर्डिंग सहित प्रशिक्षकों व आवेदक की उपस्थिति देखना अनिवार्य है। भारी वाहन के लाइसेंस को पास करते समय भी सुचारू पूर्वक जांच करना अनिवार्य है। आईडीटीआर के प्रारम्भ के बाद भी लाइसेंस अंतिम रूप से पास करने का अधिकार एआरटीओ प्रशासन की आईडी से किया जा रहा है।

> बहुत जल्द प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। साथ ही निजी स्कूलों द्वारा मनमानी की स्थिति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
> –सुरेंद्र कुमार, उप परिवहन आयुक्त लखनऊ।

## सार-संक्षेप

### परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज में सम्मानित किए गए विद्यार्थी।

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज सतांव में आज राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित हुए विद्यालय के छह बच्चों शुभम, आनंद, कोमल, शिवा, सबा तथा सादिया को सम्मानित किया गया। एआरपी रणविजय सिंह तथा समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा रोली टीका माला फूल पहना कर तथा मिठाई खिला कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के बच्चों द्वारा इन बच्चों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई तथा उनके सम्मान में एक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

### पहली से सुबह 7 बजे से खुलेगी कोर्ट

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिला न्यायाधीश तरूण सक्सेना ने बताया है कि एक मई से 30 जून तक अधिकारी एवं कर्मचारी सुबह 6:30 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक न्यायालय व कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया है कि न्यायालय का समय सुबह 7 बजे से अपरान्ह एक बजे तक होगा एवं 10:30 बजे से 11:00 बजे तक लंच ब्रेक रहेगा।

### साहित्य परिषद की मासिक बैठक संपंन

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा साधना समिति कार्यालय में शनिवार को साहित्य परिषद भोजपुर की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता शिव शंकर वर्मा शिव व संचालन युवा गीतकार वाईपी सिंह एवं वाणी वंदना आचार्य महादेव महर्षि ने किया। लगभग एक दर्जन कवियों ने अपना काव्य पाठ कर गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य अमरेंद्र बहादुर सिंह ने आए हुए सभी कवियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बीनू तिवारी, सुभाष सविता, महेश प्रजापति, विभा सिंह, अवधेश दीक्षित, पलक व अभिमान आदि रहे।

### धूमधाम से मनाया गया स्कूल का वार्षिकोत्सव



समारोह में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** स्वामी सत्यमित्रानंद संस्कार शाला का शुभारम्भ और सावित्री देवी सरयू प्रसाद बाजपेयी पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि संरक्षक प्रधानाचार्य परिषद श्रीनिवास शुक्ल थे। अध्यक्षता मुरलीधर बाजपेयी ने की। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान प्रतीक चिन्ह और शॉल देकर किया गया। छात्रों ने गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत करके समा बांध दिया। समारोह में सुनील कुमार श्रीवास्तव, डा आदर्श शुक्ल, रविंद्र त्रिपाठी, डा विरेंद्र त्रिपाठी इंजी. अखिलेश्वर नाथ सिंह, डा संतलाल, डा रबि प्रताप सिंह, भगवान कुमार अवस्थी, वीवी अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



गेहूं की फसल में लगी आग।

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार की दोपहर आसपास अज्ञात कारणों से हरदोई गांव में किसान दम्पति अनिल कुमार पुत्र संकठा प्रसाद के खेतों में अचानक आग लग गई। जिससे उनकी गेहूं की तीन बीघा फसल जलकर खाक हो गई है। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों एवं स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे गेहूं की फसल का एक बड़ा रकबा आग की चपेट में आने से बच गया। हल्का लेखपाल ओम प्रकाश सोनी ने बताया कि मौका मुआयना किया गया है। नुकसान की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रेस्टोरेंट में लगी आग

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली के डिग्री कालेज चौराहा के निकट बटी रेस्टोरेंट में शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में होटल के बेसमेंट में बने गोदाम में आग लग गई। धुएं का गुबार देख लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना में लाखों रुपये का नुकसान होना बताया गया है। इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आग की घटना की जानकारी होते ही दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। गोदाम में आग लगी थी किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



मतदाता जागरुकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सकल नारायन मेमोरियल पब्लिक स्कूल बथुआ खास के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जिसका संचालन आर्ट एवं क्रिएटिव ग्रुप के अध्यक्ष प्रबोध कुमार बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर अनेक छात्र-छात्रा अपने-अपने हाथों मे मतदाता को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखे हुए थे।

विद्यालय प्रबंधक संजय सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक देश भारत में मतदाता दिवस एक पर्व की तरह मनाना चाहिए इसमे सभी नागरिक को वोट डालना चाहिए। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू चौधरी ने सभी से कहा देश के सभी नागरिकों को सारे काम छोड़कर पहले मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर अनेक अध्यापक अध्यापिकाएं जिनमें मुख्य रूप से पीके बाजपेयी, वंदना वर्मा, दिनेश गुप्ता, प्रदीप चौहान, जीतेन्द्र, प्रिया तिवारी, रचना विश्वकर्मा, अंकिता वर्मा, जगराना आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

### युवती ने खाया जहर, हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एक युवती ने किसी बात को लेकर जहर खा लिया। परिजन उसे लेकर सीएचसी आए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र के गांव रामसांड़ा निवासिनी युवती ऊषा पत्नी सतीश कुमार ने किसी बात को लेकर घर में रखी कीटनाशक दवा खा लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तब परिजनों को जानकारी हुई। परिजन तत्काल उसको लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल का कहना है कि युवती ने जहर खाया है। उसका उपचार किया जा रहा है।

# दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण के लिए वितरित की वर्कशीट

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की समेकित शिक्षा इकाई के द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र अमावां में वर्कशीट वितरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विकास खण्ड अमावां के प्रत्येक न्यायपंचायत के विद्यालयों के शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यकम का व्यवस्थापन विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव व मीना वर्मा ने किया। विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के द्वारा दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण के लिए अक्सर नवाचार किये जाते हैं जिसके अंतर्गत वर्कशीट एक बहुत सफल प्रयोग साबित हुआ है। वर्कशीट दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण की दिशा में एक सुगम पहल है। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके अध्ययन को और भी रुचिकर बनाने के लिए तथा बच्चों की प्रतिक्रिया लेने के लिए यह एक बेहतर विकल्प है जिससे उनका अध्ययन और भी अधिक रुचिकर है बन जाता है। मीना वर्मा ने वर्कशीट का डेटा तैयार कर अपना सहयोग प्रदान किया। इस दौरान शिक्षक विजय कुमार, सन्ध्या शुक्ला, घनश्याम, गणेश, सुरेश, आशीष, सत्येंद्र, गोपाल, मनोज आदि उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण के लिए वर्कशीट वितरित करते विशेष शिक्षक।

# गेहूं काट रही महिला को दो युवकों ने पीटा

- बचाव करने पहुंची दूसरी महिला को भी पीटकर किया लहूलुहान, दोनों की हालत गंभीर

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के गांव शिवपुर हुसैनाबाद मजरे हरदी में शुक्रवार की रात मजदूरी पर गेहूं की फसल काट रही एक महिला को उसी गांव के दो युवकों ने मुंह में कपड़ा ठूंसकर मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची दूसरी महिला को भी पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बेहोश महिला को मृत समझकर दोनो युवक उसे खेत में छोड़कर भाग गए। परिजनों ने दोनों घायलों को सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से दोनों को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बेहोश महिला ट्रामा सेन्टर में जिंदगी मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

थाना क्षेत्र के अधारखेड़ा मजरे धुराई निवासी श्यामू लोधी पुत्र भोला लोधी ने थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार की रात उसकी बहन शिवपुर हुसैनाबाद मजरे हरदी निवासी रामरानी (40) पत्नी गिरिजा शंकर लोधी अपने गांव के शिव बहादुर लोधी के खेत में मजदूरी पर गेहूं की फसल काटने गई थी। इसी गांव के छोटू पुत्र कल्लू और विजय पुत्र देशराज ने अचानक रामरानी पर हमला कर दिया और उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। जानकारी होने पर दूसरे खेत में गेहूं की फसल काट रही इसी गांव की सोनी पत्नी नीरज बीच बचाव करने पहुंची तो दोनों लोगों ने उसे भी पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इस बीच छोटू और विजय बेहोश रामरानी को मृत समझकर खेत में छोड़कर भाग गए। सोनी ने किसी तरह से ग्रामीणों को जानकारी दी तो गांव में हड़कंप मच गया। परिजन रामरानी और सोनी को नाजुक हालत में सीएचसी खीरों ले गए, जहां से दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां से रामरानी को ट्रामा सेन्टर लखनऊ भेज दिया गया है। लखनऊ के अस्पताल में वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि घायल महिला के शिकायती पत्र के आधार पर दो नामजद युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### बूथ जीतो अभियान को लेकर भाजपा की बैठकें सम्पन्न

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बेहटा कला, मदुरी, धूरेमऊ, पहुरी, पल्टीखेड़ा, वाजपेईपुर उत्तरा गौरी के शक्ति केंद्र पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया और कहा कि मोदी आज सब की जरूरत बन गए हैं। सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जन-जन के नेता है। जरूरत इस बात की है कि रायबरेली के भी हर बूथ पर कमल निशान खिले और हर बूथ पर 370 वोट की बढ़ोतरी हो जिससे रायबरेली में भी भाजपा भारी बहुमत से विजय श्री प्राप्त करें। बैंकिंग प्रणाली का विस्तार प्रधानमंत्री ने जनधन योजना के माध्यम से किया और करोडों बैंक खाते खुलवाए गए और 50 करोड़ से ज़्यादा बैंक खाते जनधन योजना में खुले हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, महामंत्री विवेक दुबे, शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक शुक्ला सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेटियों ने किया बैंती का नाम रोशन

- न्यू पब्लिक एकेडमी इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर अर्जित की सफलता
- आज के दौर में बेटों से पीछे नहीं है बेटियां : विवेक बाजपेई

शिवगढ़, रायबरेली



शिवांगी दीक्षित।



नलिनी दीक्षित।



दिव्यानी दीक्षित।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बैंती गांव के रहने वाले अम्बिका प्रसाद दीक्षित की तीनों मेधावी बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि आज के दौर में बेटियां बेटों से पीछे नही हैं। तीनों बेटियां क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है।

शिवांगी दीक्षित, नलिनी दीक्षित, दिव्यानी दीक्षित ने न्यू पब्लिक एकाडमी इण्टर कालेज भवानीगढ़ में पढ़ाई करके यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित कर कॉलेज टॉप ही नहीं बल्कि जिले में अच्छी मुकाम हासिल किया। बड़ी बेटी शिवांगी ने जहां हाईस्कूल में 88, इण्टरमीडिएट में 75 अर्जित किए थे। वहीं छोटी बेटी नलिनी दीक्षित ने हाईस्कूल में 90 प्रतिशत तथा पिछले वर्ष इण्टरमीडिएट में 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र में पहला जिले में दसवां स्थान अर्जित किया था। दोनों बड़ी बहनों के पग चिन्हों पर चलते हुए छोटी बहन दिव्यानी दीक्षित ने इस बार की यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 94.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर ब्लॉक में दूसरा जिले में 13वां स्थान अर्जित किया है। पिता अम्बिका प्रसाद दीक्षित, माता रेनू दीक्षित ने तीनों बेटियों की सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासन, शांति वातावरण एवं शिक्षकों को दिया है। विद्यालय के प्रबन्धक विवेक बाजपेई ने कहा कि आज के दौर में बेटियां बेटों से पीछे नहीं है। शिवांगी, नलिनी, दिव्यानी ने माता-पिता एवं विद्यालय श्रेष्ठ शिक्षकों के मार्गदर्शन में अच्छे अंक अर्जित किए।

## दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान की सहूलियत

**रायबरेली।** शहर में एजे टैटू संचालित करने वाले अजय चौधरी ने अपनी कलाकृति के माध्यम से जागरूक किया है कि दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं से मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां उनके घर जाएंगी। जिन्हें बैलेट पेपर से अपना मत देना होगा। चुनाव आयोग के इस निर्णय से जहां शारीरिक रूप से कमजोर व दिव्यांग मतदाता अपने मत का घर बैठे उपयोग कर पाएंगे। वहीं मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी। इसके लिए उन्हें 12डी फार्म भरकर देना होगा। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।






अभी नही हुआ नाम का ऐलान, पार्टी कार्यालय में शुरू है रंग-रोगन

# प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में 20 मई को मतदान होना है, नामांकन प्रक्रिया चल रही है लेकिन बसपा को छोड़ कर अभी प्रमुख पार्टियों के दावेदारो के नाम की घोषणा राजनीतिक दलों द्वारा नही की गई है। देश मे गांधी परिवार की परंपरागत सीट में शुमार रायबरेली में इस बार चुनावी मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। इस बार जहां कांग्रेसी सोनिया गांधी के न लड़ने पर प्रियंका की दावेदारी को बल दे रहे है, वही भाजपा से अभी भी संसय बना हुआ है।

शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में बडी संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ दिखी। इतना ही नही कार्यालय में रंगाई पुताई का काम भी तेजी से चल है। ऐसे में प्रियंका के आने के पूरे संकेत मिल रहे है। कांग्रेसी भी प्रियंका को लेकर काफी उत्साहित है। पार्टी कार्यालय के अलग अलग कमरों में पार्टी के नेताओ व कार्यकर्ताओं की बैठकों का दौर भी तेजी से चल रहा है। महिलाओं को एकजुट करने के लिए महिला जिलाध्यक्ष शैलजा सिंह ने भी बैठक कर महिला कार्यकर्ताओ में जोश भरा है। कांग्रेसियो की माने तो उनको पूरा भरोसा है कि अब औपचारिकता ही रह गई है, क्योकि वह सभी मान रहे है कि गांधी परिवार की विरासत को प्रियंका गांधी ही आगे बढ़ाएगी। इसके लिए कांग्रेसी नेता सियासी जमीन को मजबूत करने के लिए कांग्रेसी एकजुट हो रहे है। रायबरेली से अगर प्रियंका चुनाव मैदान में उतरी तो यह उनका पहला चुनाव होगा। इससे पहले वह अपनी मां और पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव में आती रही है इस लिहाज से रायबरेली के बारे में उन्हें कई जानकारियां भी है। प्रियंका के रायबरेली आने की सुगबुगाहट के बीच कार्यालय के रंग रोगन का कार्य भी तेजी से चल रहा है।




तिलक भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय।

> अभी आधिकारिक रूप से जानकारी नही आई है, लेकिन रायबरेली की जनता चाहती है कि गांधी परिवार से कोई सदस्य चुनाव मैदान में आए। ऐसे में प्रियंका के आने की लोगो मे उम्मीदे बढ़ी है।
> –पंकज तिवारी, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी रायबरेली।




सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ बीएसए शिवेंद्र सिंह।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के दीनशाह गौरा स्थित खण्ड विकास अधिकारी सभागार में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई दीनशाह गौरा द्वारा सेवानिवृत्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकास क्षेत्र से वर्ष 2020 से 2024 तक सेवानिवृत होने वाले कुल 14 शिक्षकों के सम्मान के साथ साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता शपथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्य प्रकाश सिंह बीईओ, शिव शंकर सिंह प्रांतीय मंत्री व वीरेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। साथ ही डायट मेंटर धर्मेन्द्र सिंह, एसआरजी सुनील यादव, आरएसएम इकाई गौरा के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र बहादुर सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के व्यवस्थापन व संचालन में रमन सिंह, सौरभ कुमार सिंह, उमेश वर्मा, हरिमोहन व बृजेन्द्र की भूमिका रही। बीएसए ने अपने सम्बोधन में बेहतर नामांकन व शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (SAMAR SINGH) था जिसे मैने बदलकर (SAMAR SINGH YADAV) रख लिया है। भविष्य में मुझे (SAMAR SINGH YADAV) नाम से जाना व पहचाना जाय। S/O-JASWANT SINGH Add -B,641,ELDECO CITY NEAR IIM CHAURAHA LUCKNOW-226013

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा एनटीपीसी अभिलेखों में पूरा नाम SHEETAL PRASAD SHARMA अंकित है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम SHEETAL PRASHAD SHARMA दर्ज है। अतः एनटीपीसी अखिलेखों में भी मेरा शुद्ध नाम SHEETAL PRASHAD SHARMAदर्ज किया जाए। –शीतल प्रशाद शर्मा पुत्र तिलकराज शर्मा कर्मचारी संख्या – 080154, निवासी – A E –104, एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार–रायबरेली

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दुफाना पुत्री भजन पत्नी झब्बूलाल, निवासी– ग्राम–नसीपुर मजरे मंसारा, थाना– असंद्रा, जनपद बाराबंकी** सशपथ बयान करती हूं कि मेरे भाई नकछेद पुत्र भजन निवासी पूरे लोधे सिंह मजरे बम्हरौली कोतवाली हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी करीब 20 वर्षो से लापता हैं। इस दौरान इन्हें न देखा गया और न ही कोई सूचना है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (ARSUMA) था जिसे मैने बदलकर (ARSHUMA JAMEEL) D/o Mohammad Muzammil jameel, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। Add 424/381 gari peer khan Near farooq tehki Chowk Lucknow

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विनोद कुमार पुत्र सूरजपाल निवासी– सूर्ज बक्शखेडा, लोदीपुर, परगना खीरों, तह0 लालगंज, जनपद–रायबरेली,** यहकि मेरे अलग–अलग दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सूरजपाल व सूर्यपाल अंकित है जबकि सूरजपाल उर्फ सूर्यपाल एक ही व्यक्ति है और मेरे पिता के रूप में जाने जाते है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम पुराना नाम (MOHAMMAD TAHQEER) था जिसे बदलकर मैने अपना नाम (MOHD TAHQEEQ) रख लियाा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। MOHD TAHQEEQ S/o MOHD HAFEEZ, ADDRESS - 117/47 JAMBOOR KHANA LUCKNOW-226001

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शेर बहादुर पुत्र गनेश प्रसाद, निवासी– मान खेड़ा मजरा कनकहा थाना व तहसील मोहनलालगंज जिला लखनऊ,** मेरे 02 पुत्र लवकुश यादव व आशू यादव हैं। मेरा छोटा पुत्र आशू शराबी व्यक्ति है इन लतों के कारण काफी पैसा बर्बाद कर चुका है। आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है मेरे व परिवार जनों द्वारा बार–बार समझाने के बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर अपने पुत्र आशू यादव को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ यदि भविष्य में उसके द्वारा किसी घटना को अंजाम दिया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी आशू यादव की होगी मेरे व अन्य पारिवारिकजनों की नहीं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती परवीन पत्नी मो0 अहमद, निवासिनी–542 पीएन 28एन, निकट–मायावती होटल, असियामऊ, थाना–ठाकुरगंज, लखनऊ** मेरे पुत्र मो0 आसिफ पुत्र मो0 अहमद व बहू श्रीमती कहकशां पत्नी मो0 आसिफ परिवार व अन्य लोगों के साथ लगातार गलत–व्यवहार व आचरण करते है, उक्त दोनों लोग (पुत्र व बहू) लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व से घर से अलग हो चुके हैं, आसिफ शराब के नशे में बहू कहकशां व मायके वालों के साथ आकर मार–पीट व गाली गलौज करते हैं उनसे क्षुब्ध होकर पुत्र व बहू उपरोक्त को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है व उनसे अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य या लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगें, मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

## एक नजर

### 44 लोगों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोक सभा चुनावों को देखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 44 अभियुक्तों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्यवाही की। जबकि अलग- अलग थाना क्षेत्रों में आठ वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का केस

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के एक गांव निवासी भाई ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इलाके गोवा बसन्तपुर गांव निवासी राहुल उसकी बहन को गुरुवार रात बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफ़ी तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लग सका। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

### चाकू के साथ दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने ग्राम गोवा मंझारा निवासी मलखे पुत्र चंगा को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### बीस लीटर शराब बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सफदरगंज पुलिस ने कूड़ी पुरवा गाँव के निवासी राम मिलन गौतम को बीस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# तेज स्पीड व बिना हेलमेट वालों को रोकेगी लेजर गन

## हाईटेक हुई यातायात व्यवस्था, लेजर गन से होगा ओवरस्पीडिंग का चालान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचारः** शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर काफी बदलाव किया जा रहा है। बेखौफ होकर ओवर स्पीडिंग कर रहे वाहनों पर हाईटेक लेजर गन कैमरा से कार्रवाई की जाएगी व नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई करते हुए चालान किए जाएंगे। सड़कों पर होने वाले ज्यादातर हादसों में अधिकांश मामले ओवर स्पीडिंग के होते हैं। जैसे-जैसे कारों की रफ्तार की बढ़ती जा रही है, वैसे ही ऐसे हादसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

लोगों को अब तेज गति में फर्राटा भरना भारी पड़ेगा। दिन हो या रात, ओवर स्पीड वाहन एक किमी दूर से ही पकड़ में आ जाएंगे। इस बात



लेजर गन से वाहनों की रफ्तार देखते यातायात प्रभारी रामयतन यादव।

का सुबूत भी होगा कि वह मानक से कितना अधिक तेज चल रहे थे। इस स्पीड गन कैमरे से बेलगाम रफ्तार और बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर अंकुश लगेगा। इन स्पीड गन कैमरों में वाहनों की स्पीड और नंबर कैद हो जाएगा। इसके बाद ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों पर रजिस्टर्ड वाहन के मोबाइल नंबर पर चालान कटने का एसएमएस चला जाएगा। इसकी तैयारी यातायात पुलिस द्वारा की जा रही है। शहर में हाई स्पीड वाहन चलाने वालों को अब जुर्माना भरना होगा। मौके पर ही उसका चालान काटा जाएगा। शनिवार को यातायात प्रभारी रामयतन मय टीम सहित विभिन्न जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें ओवर स्पीडिंग में सात, बिना हेलमेट 55, बिना सीटबेल्ट नौ और ट्रिपलिंग में 14 वाहनों का चालान इसी लेजरगन कैमरे से किया गया है।

> पहले वाहनों की गति मापना मुश्किल था। वाहन चालक अभद्रता पर आमादा हो जाते थे, लेकिन अब ट्रैफिक पुलिस के पास लेजर स्पीड गन के जरिए सुबूत होगा। वह कार्रवाई कर सकेंगे।
>
> **–रामयतन यादव,** यातायात प्रभारी।

### कैसे करेगा काम

यह कैमरे रडार आधारित कैमरे होते हैं। यह कैमरे किसी भी गाड़ी की स्पीड पकड़ने के लिए डॉप्लर इफेक्ट का इस्तेमाल करते हैं। रेडियो वेव फिर गाड़ी से टकराते हैं। टकराने के बाद यह वापस सिस्टम के पास आते हैं जहां इसका रियल टाइम कैलकुलेट हो जाता है।

### एक किमी की दूरी से ही देख लेगी कार की रफ्तार

नई स्पीड गन दिन हो या रात, एक ही क्षमता से काम करेगी। एक घंटे में इस गन से 350 से अधिक वाहनों की गति माप कर उनका चालान किया जा सकता है। चिप युक्त इस गन में एक प्रिंटर लगा है, जो गति का मानक तोड़ने के समय के साथ वाहन की नंबर प्लेट युक्त फोटो का भी प्रिंट आउट निकाल देगा।

## अमृत विचार की मुहिम

# जिस प्रत्याशी पर हो भरोसा उसी को दें अपना वोट




मतदाता के सवाल का कलाकृति के माध्यम से जवाब।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी की कक्षा बारह की छात्रा ममता कुमारी ने मतदाताओं द्वारा अपने मनपसंद प्रत्याशी को वोट होने की पुष्टि करने के तरीके से संबंधित सवाल का जवाब अपनी कलाकृति के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर लिखकर भेजें। अमृत विचार ऐसी ही सुंदर कलाकृतियों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा। तो आइये लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की मुहिम से जुड़कर मत प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिससे जनपद इस चुनाव में मतदान के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान गढ़ सके।

# सुशासन व कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए भाजपा बूथ मैनेजमेंट पर खासा जोर दे रही है। शनिवार को भाजपा ने रामनगर और बाराबंकी सदर विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित कर कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो -चुनाव जीतो का मूल मंत्र दिया। महादेवा स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 2017 के पहले सपाइयों का नारा था हर खाली



बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री संजय राय।

प्लाट हमारा है। जिस गाड़ी में सपा का झंडा होता था उसमे उतना बड़ा गुंडा बैठा होता था। सपा के शासन में प्रदेश के लोगों ने बहुत दुश्वारियां झेली हैं। 2017 से पहले यूपी कैसा था और अब कैसा है, फर्क साफ है। आज सुशासन और कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान है।

संजय राय ने कहा कि देश में विगत दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रदेश के लाखों लोगों को पक्की छत मिली है। रोजगार के साधन बने हैं। देश के 52 करोड़ लोगों के बैंक के खाते खुले हैं। विभिन्न योजनाओं के 34 लाख करोड़ रूपये सीधे लोगों के खाते में पहुंचे हैं। उन्होंने तंज कसा यदि भ्रष्टाचारियों और माफिया गुंडों को संरक्षण देने वालों की सरकार होती तो ये सब मिलकर 29 लाख करोड़ रूपये लूट लिए होते और देश की गरीब जनता को केवल 5 लाख करोड़ रुपए ही पहुंचते।

सभी बूथ अध्यक्ष को वितरित की गई किट के बारे में जिला प्रभारी अवनीश पटेल ने विस्तार से बताया। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली हार का बदला लेना है।

### ट्रक ने मारी ठोकर दो लोग घायल

**बाराबंकीः अमृत विचारः** लखनऊ-अयोध्या हाईवे के सफेदाबाद चौराहे पर शुक्रवार को हादसा हो गया। ट्रक ने तीन गाड़ियों में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं एक कार ट्रक के नीचे फंस गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के साथ स्थानीय लोगों ने मिलकर ट्रक के नीचे फंसी कार का शीशा तोड़कर उसमें बैठे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां से सभी को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### छात्रा को किया सम्मानित

**बाराबंकी :** नगर के मोहल्ला सत्यप्रेमी नगर निवासी तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी की छात्रा नैना घोष ने हाई स्कूल में 91.8 प्रतिशत अंक अर्जित किया तथा जिले का नाम रोशन किया। इस होनहार छात्रा को सत्यप्रेमी नगर की सभासद मुक्ता सिंह ने दूधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में फूल-माला पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुनीता सिंह, नैना घोष के माता-पिता प्रभात घोष व गौरी घोष, पूर्व सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू सहित कई लोग उपस्थित रहे।



सम्मानित करतीं सभासद।

### विद्यार्थियों को मिले मेडल तो खिले चेहरे



छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते प्रबंधक व प्रधानाचार्य। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** शहर के कमरियाबाग स्थित किंग जार्ज इंटर कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक डॉ .अजीज खान और प्रधानाचार्य रुमा तिवारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मेडल और सार्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मौजूद अभिभावकों को भी मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य, कॉर्डिनेटर व शिक्षिकाओं को भी शील्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य रुमा तिवारी ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर रहते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर छात्र-छात्राएं, अभिभावक समेत विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# भाजपा चंदा लेकर धंधा देने वाली पार्टीः तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के तमाम नेताओं ने घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को झूठा और लोकतंत्र के लिए घातक बताते हुए आरोप लगाया कि यह लोग मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। इन आरोपों पर शनिवार को बाराबंकी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने



तनुज पुनिया

अपने घोषणापत्र में जनहित के मुद्दों पर कोई बात नहीं की। जबकि कांग्रेस का घोषणापत्र समाज हित से जुड़े मुद्दों पर तैयार किया गया है। तनुज पुनिया ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बीफ एक्सपोर्ट हो रहा है।

तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं, किसानों और महिलाओं समेत सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखकर वादे किये गये हैं। इसीलिये भाजपा हमारे घोषणापत्र से डर गई है और इस तरह के आरोप लगा रही है। समाज के विभाजन का एडेंजा कांग्रेस का नहीं बल्कि भाजपा का है। बंटवारे की राजनीति कांग्रेस नहीं बल्कि भाजपा करती है। उन्होंने कहा कि सत्ता में भाजपा है इसलिये सवाल उनसे पूछा जाना चाहिये। उन्हें इस बात का जवाब देना चाहिये कि पिछले 10 सालों में उन्होंने क्या किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र को जनता का समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बीफ एक्सपोर्ट हो रहा है। कई राज्यों में भाजपा के लोग ही बीफ एक्सपोर्ट के काम में लगे हैं। बल्कि भाजपा के कार्यकाल में ही बीफ का एक्सपोर्ट बढ़ा है। इस मुद्दे पर भाजपा को खुद ही जवाब देना चाहिये। उनका कांग्रेस पर आरोप लगाना एकदम गलत है। तनुज ने आरोप लगाया कि भाजपा सबसे ज्यादा भ्रष्ट पार्टी है। उसने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा दो और धंधा लो वाला काम किया।

### लोस चुनाव को लेकर बढ़ी चौकसी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकीः अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे स्टैटिक निगरानी दल (एसएसटी) और उड़न दस्ता लगातार चौकसी बढ़ा रहा है। जगह-जगह पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। शनिवार को अयोध्या लखनऊ बॉर्डर पर चुनाव अधिकारी द्वारा पुलिस नाकाबंदी की गई।

चुनाव अधिकारी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग अवर अभियंता चेतराम के नेर्तत्व में पुलिस हर वाहन की गंभीरता से चेकिंग कर रही है। बाहरी जिलों से आने वाले वाहनों को चेकिंग के बाद ही अयोध्या बार्डर में एंट्री दी जा रही है। वहीं मौके पर वीडियोग्राफी भी करवाई जा रही है।

# वर और वधू पक्ष के बीच मारपीट, आधा दर्जन घायल

**मसौली, बाराबंकीः अमृत विचार :** तीन माह पूर्व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुई शादी के बाद शुक्रवार को विदाई के लिए पहुंचे वर एवं वधू पक्ष के बीच हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के बाद लड़की की विदाई हो गयी।

30 जनवरी को राजकीय इंटर कॉलेज बाराबंकी मे आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम अमदहा निवासी विशेषर की पुत्री पुष्पा का विवाह जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम डोभा निवासी चन्द्रभान के पुत्र अभिषेक के साथ हुआ था। 26 अप्रैल को वधू की विदाई तय हुई थी। पूर्व निर्धारित समय के अनुसार शुक्रवार की देर शाम चंद्रभान वर एवं करीब 3 दर्जन लोगों के साथ बरात लेकर पहुंचे। फीता काटने का नेग मांगने को लेकर विवाद हुआ। वर एवं वधू दोनों पक्ष के लोग नशे मे धुत थे और दोनों में जमकर मारपीट होने लगी।

ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद भी बढ़ते विवाद को देख डायल 112 पर दी गयी सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने मामले को शांत कराया।

# औद्योगिक क्षेत्र की सीमांकन भूमि पर पिलर लगना शुरू

**रामसनेहीघाट, बाराबंकीः अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के सनौली और कंधईपुर में औद्योगिक निवेश के लिये सरकारी और काश्तकारों की जमीनों की एक सप्ताह से हो रही नपाई के साथ ही काश्तकारों को जमीन के बदले जमीन देकर राजस्व विभाग और यूपीसीडा द्वारा सीमांकन की जमीन पर पिलर लगने शुरु हो गए हैं। शनिवार को कंधईपुर में पिलर लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया हैं। जबकि औद्योगिक क्षेत्र मं आने वाले गांव के अलावा अगल बगल के दर्जनों गांवों के किसान उत्साहित दिख रहे हैं। ग्रामीण कहते हैं कि क्षेत्र के विकास में परियोजना मील का पत्थर साबित हो सकती



कंधईपुर में सीमांकन पर लगता पिलर।

है। जब बड़ी बड़ी फैक्ट्री बनेंगी तो फायर ब्रिगेड, पुलिस स्टेशन, सड़कें आदि भी बनेगी। व्यापारी हुकुम सिंह वर्मा, सुधाकर मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सलूजा ,प्रमोद गुप्ता मुन्ना ने बताया कि निवेश की योजना का कार्य जल्द शुरू हो जाए।

### तीसरी बार अमरनाथ की पैदल यात्रा की



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूरे प्रताप गांव से करीब 1600 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी की यात्रा पर शनिवार को अंगद सिंह एक बार फिर निकल चुके हैं। हाथ में तिरंगा लेकर वह तीसरी बार पैदल यात्रा पर निकले हैं। घर से निकले अंगद सिंह का विश्व हिंदू परिषद रामसनेही घाट के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मुन्ना द्वारा भिटरिया के छोटी हनुमान गढ़ी मंदिर में भव्य स्वागत किया गया। अगंद सिंह ने बताया कि पहले भी दो बार वह पैदल यात्रा कर चुके हैं। अबकी तीसरी बार जा रहे हैं।

# सड़क पर गिरे कचरे में फिसले वाहन

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देवा इलाके में शुक्रवार की देर रात बड़ा हादसा होने से बच गया। जब लोग अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे तब स्थानीय पुलिस की सक्रियता से कई लोगों की जान बच गई। जिसको लेकर लोगों ने देवा पुलिस की खूब सराहना की।

मामला यह था कि शुक्रवार की रात करीब 12 बजे देवा फतेहपुर मार्ग पर सालेहनगर चौराहा पर एक अज्ञात डंफर ने भारी मात्रा में कचड़ा गिरा दिया। कचड़ा इतना चिकना था कि जिसमें फिसलकर बाइक सवार गिरने लगे। कई कार सवार भी अपनी कार को नियंत्रित नही कर पाए। एक करके एक



सड़क पर गिरा कचरा। अमृत विचार

बाइक सवारों के गिरने हड़कंप की स्थित बन गई। कोई कुछ समझ ही नही पा रहा था कि आखिर हो क्या रहा है मौके पर मौजूद लोगो ने देवा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक सुमित वर्मा, मुख्य आरक्षी सत्यनाम यादव ,आरक्षी उत्तम चतुर्वेदी, रमापति यादव मौके पर पहुंचे और 500 मीटर दूर से ही बाइक सवारों को हिदायत देने लगे। रात में पुलिस की टार्च देखकर कई बाइक सवार चेकिंग के चक्कर में और तेज गति से बाइक भगाने लगे। स्थिति गंभीर देख पुलिस कर्मियों ने बीच सड़क पर ट्रकों को टेढ़ा खड़ा करवाकर सड़क को बंद कराया।

### प्रो. डॉ. रामकुमार मुख्य नियंता पद पर मनोनीत

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** रामनगर पी जी कॉलेज में शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र द्वारा शिक्षा शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रो .डॉ. रामकुमार सिंह को मुख्य नियंता के पद पर मनोनीत किया गया। प्रज्ञा पत्रिका के संपादन का कार्यभार डॉ. विश्वेश कुमार मिश्र को दिया गया। ज्ञात हो कि यह दोनों पद अर्थशास्त्र विभाग के प्रो .सुनीत कुमार सिंह द्वारा 25 अप्रैल वर्ष 2024 को त्यागपत्र देने के बाद रिक्त हो गये थे। मनोनयन के पश्चात महाविद्यालय के नवनियुक्त मुख्य नियंता रामकुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय की सेवा तन मन के साथ करूंगा साथ ही छात्र-छात्राओं में स्वीकार्यता, ग्राहता एवं लोकप्रियता को बनाए रखने में कृत संकल्पित रहूंगा। इसके अलावा नियंता मंडल के सक्रिय सदस्यों में डॉ विश्वेश कुमार मिश्र, डॉ के पी सिंह, ओम कुमार वर्मा, डॉ संजय तिवारी, डॉ शैलजा दीक्षित, का नाम शामिल है। इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर एच के मिश्रा, डॉ सुरेश कुमार सिंह, डॉ सरोज आलोक राय, देवेंद्र साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्मानित करते प्रोफेसर व कर्मचारी।

### पीएम के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा देश



अधिवक्ता गोष्ठी में बोलते प्रशान्त सिंह 'अटल'।

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** देश की एकता और अखंडता बरकरार रखने के लिए जो नेतृत्व अच्छा कार्य कर रहा है और दस वर्ष के अन्दर भारत को प्रत्येक क्षेत्र में विकसित करने के लिए जो दल कार्य कर रहा है उसके लिए मतदान अवश्य करें। यह विचार बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के मुख्य स्थायी अधिवक्ता प्रशान्त सिंह 'अटल' ने बार सभागार में आयोजित अधिवक्ता गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होने कहा कि मोदी के नेतृत्व में आज देश आगे बढ रहा है। 11 करोड इज्जत घर और आठ करोड लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का लाभ व 11 करोड महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन का लाभ दिया गया है। वहीं 50 करोड लोगों के जनधन के खाते खुलवाकर उनको सीधे बैंक से जोडा गया है। हर तरफ विकास और ऊँचाई की ओर देश को आगे बढाने का कार्य मोदी जी द्वारा किया जा रहा है। यही नही यूक्रेन और रासिया के युद्ध में तमाम भारतीयों को सकुशल भारत लाने में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान किया।

**गर्मी का सितम** स्कूलों की खड़ी दोपहरी में हो रही छुट्टी, मासूमों के साथ अभिभावक भी तल्ख धूप में तपा रहे शरीर

# स्कूली बच्चों के साथ मम्मी, पापा और बाबा भी हो रहे बेहाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आसमान से बरस रही आग के चलते तेज धूप से लोग बेहाल हैं। इसके साथ चलने वाली पछुआ हवा शरीर को झुलसा दे रही है। घर हो या फिर बाहर कहीं भी सुकून नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी उस समय हो रही है जब मम्मी, पापा, चाचा या बाबा अपने नौनिहालों को छुट्टी में लेने खड़ी दोपहरी में स्कूल पहुंच रहे हैं। ऐसे में स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ ही उनके अभिभावक कड़ी धूप में तपस्या कर रहे हैं। अभिभावक पीठ पर बच्चों का बैग और आगे बच्चे को लेकर उसे धूप से बचाने में अपनी शरीर झुलसा रहे हैं। विद्यालयों के खुलने और बंद होने का टाइम तो बदल गया, लेकिन कड़ी दोपहरी में 12:30 स्कूल छूट रहा है, जो किसी आफत से कम नहीं है। शनिवार को विद्यालयों में छुट्टी के समय पड़ताल की गई तो जो तस्वीर सामने आई, उसे देखने के बाद बस यही कह सकते हैं कि बच्चे और अभिभावक पढ़ाई के लिए तपस्या कर रहे हैं।

जिले में तापमान में वृद्धि जारी है, लगातार पारा चढ़ रहा है। शुक्रवार को दोपहर में पारा 40.0 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी से तो हर कोई बेहाल है, लेकिन स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक इसकी मार से अधिक परेशान हैं। सुबह तो ठीक है, लेकिन दोपहर में हर दिन बच्चों को ले जाने में तप रहे हैं। शनिवार दोपहर के 12:30 बजे थे। कई विद्यालयों की छुट्टी ही हुई थी। बच्चे बाहर निकल रहे थे। इसी बीच शहर में ही रहने वाले कई अभिभावक अपने नौनिहालों को लेकर घर की ओर आगे बढ़ते दिखे। यह अभिभावक धूप से कितने परेशान है, यह उनके चेहरे पर दिख रहा था।

### तापमान से जुड़ी रिपोर्ट

| दिन | तापमान |
|---|---|
| सोमवार | 40 डिग्री |
| मंगलवार | 43 डिग्री |
| बुधवार | 41.2 डिग्री |
| बृहस्पतिवार | 41.6 डिग्री |
| शुक्रवार | 43.2 डिग्री |
| शनिवार | 40.0 डिग्री |



बच्चे को धूप से बचाती मां। अमृत विचार



लू के थपेड़ों का स्टॉल से बचाव करतीं महिलाएं।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश कुशवाहा ने सलाह दी कि तेज धूप से बचना होगा। छांव का प्रयोग करें। धूप से आने पर तुरंत पानी न पीएं। कटे फल न खाएं। सिर पर गमछा, छाता आदि लगाकर चलें। निरंतर पानी पीते रहें। शरीर में पानी की मात्रा कम न होने पाए। इस मौसम में अभिभावक बच्चों का खानपान आदि पर विशेष ध्यान रखें।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने ली मतदान की शपथ

**सतरिख बाराबंकी :** विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत मंगरवल में ग्राम पंचायत अधिकारी बृजेश कुमार के साथ ग्रामीणों ने मतदान की शपथ ली। ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आप सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है। 20 मई को कामकाज छोड़कर सभी लोग अपने बूथ पर वोट देने अवश्य जाएं। ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्रामीण और महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई।

### स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** एडीपीआरओ राम आसरे, जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण उद्धव राव ने ग्राम पंचायत मसौली के लोगों के साथ चर्चा कर स्वच्छता के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक किया। इस बैठक में बताया गया कि घरों से निकलने वाला गीला वा सूखा अलग अलग करके ग्राम पंचायत में स्थापित डस्टबिन में डाला जाए।। कार्यक्रम के तहत दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, सचिव संजीव कुमार, प्रधान प्रतिनिधि नफीस अंसारी, खण्ड प्रेरक रमाकांत वर्मा, कंसल्टिंग इंजीनियर प्रदीप, पंचायत सहायक हंसराज वर्मा, राम कुमार मिश्रा, अतीक, नायाब, अंसार आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# बाराबंकी के बेरोजगारों को काम की है दरकार

## औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए हजारों करोड़ का निवेश, धरातल पर भी नहीं दिख रहा कोई असर

**श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी**



बंद पड़ी बुढ़वल चीनी मिल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव इस बार कई अहम मुद्दो पर लड़ा जायेगा। बडे. बडे. मंचो से ऊंचे-ऊंचे वादे किये जायेगें। लेकिन उन मुद्दों से जनता के मुद्दे अलग रहेगें। मतदाताओं की अपेक्षा भी जनप्रतिनिधियों से अलग-अलग हैं। बाराबंकी में रोजगार के साथ विकास प्राथमिकता पर हैं। आजादी के बाद से लेकर आज तक पिछड़ेपन का दंश झेल रहा यह जिला अब काम मांग रहा है। हर हाथ अब हुनरमंद होने के लिए तड़प रहा है। रोजगार उसकी जरूरत का हिस्सा है। बडे. प्रयासों के बाद भी अभी तक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलेप नही हो पाया है। रोजगार मेले के जरिये युवाओं को नौकरी दिलाने की कोशिश तो हुई मगर स्थायी रोजगार चुनावों में बडा. मुद्दा बनेगा।

लोकसभा चुनावों की सियासत जोर पकडनें लगी है। राजनीतिक दल जोड़-तोड़ की कसरत करने में मशगूल है। पाचवें चरण में बाराबंकी भी चुनाव के लिए तैयार हो रहा है। इसकी आहट गली-मोहल्लों, चाय और पान की दुकानों पर साफ सुनाई दे रही है। शहर से लेकर गांव की सडकों पर निकली अमृत विचार की टीम ने जब युवाओं के सहारे बाराबंकी की चुनावी नब्ज टटोलने की कोशिश की। तो उनमें जाति, धर्म, सम्प्रदाय की बात नहीं, बल्कि रोजगार विकास और स्वास्थ्य को लेकर बेबाकी से बात मुखर हुई। मतदाताओं को सिर्फ पढ़ा लिखा ही नहीं बल्कि पूरी संवेदनाओं के साथ लोगों की बातों को संजीदगी के साथ सुनने और उसको उचित मंच पर रखकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ रखने वाला सांसद चाहिए।



अश्विनी शर्मा



अविरल सिंह



अरविंद कुमार

### मुद्दे जिनपर किसी का ध्यान नहीं

- **मुद्दा एक :** दो दशक से बाराबंकी पिछड़ेपन का दंश झेलता आ रहा है। अब यहां के मतदाताओं को विकास की दरकार है।
- **मुद्दा दो :** रामनगर बुढ़वल चीनी मिल बंद हो जाने से गन्ना किसानों को अयोध्या रोजा गांव चीनी मिल गन्ने को ले जाना पड़ रहा है। किसानों के सामने बडा. संकट है।
- **मुद्दा तीन :** एमबीए और दूसरे कोर्स किये युवा आठ से दस हजार रूपये में मार्केटिंग की नौकरी कर रहे हैं। वह भी हताशा का शिकार हैं।
- **मुद्दा चार :** जैदपुर में सैकड़ों परिवार हैडलूम का काम कर रहे थे, लेकिन बिजली की कीमत में बेतहाशा बढोत्तरी से धीरे धीरे यह कुटीर उद्योग बन्द होते चले गये।

### बुढ़वल चीनी मिल चालू किया जाना जरूरी

कमजोर कास्तकार गन्ने की खेती करता है। रामनगर क्षेत्र की बुढ़वल मिल महज चुनावी वादे की भेंट चढ़ती चली गई। यहां के वाशिंदे आस लगाए बैठे हैं कि चीनी मिल चालू हो और उन्हें गन्ने की फसल को वहीं बेचने का मौका मिले और युवाओं को रोजगार भी मिले।

### ये भी बनेंगे चुनावी मुद्दे

बेरोजगारी दूर करने के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, बन्द चीनी मिल, सड़क, पानी, कास्तकारों की समस्या मूल मुद्दा बनेगा। इसमें सबसे अहम मुद्दा बेरोजगारी और स्वास्थ्य रहेगा। जिले में चिकित्सकों का अभाव है। सरकारी अस्पताल में हार्ट और न्यूरो का कोई चिकित्सक नहीं है। चिकित्सकों के अभाव में गम्भीर मरीजों को सीधा लखनऊ भेजा जा रहा है। जिला अस्पताल पूरी तरह से रेफरल सेंटर के रूप में जाना जाने लगा है।

### निकल रहे हजारों स्नातक छात्र

स्नातक छात्रों ने कहा कि प्रतिवर्ष दस से पन्द्रह हजार छात्र जिले के अलग अलग महाविद्यालय से स्नातक की डिग्री लेकर निकलते हैं। उसमें से पचास प्रतिशत रोजगार की तलाश में सूरत, दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता व सउदी चले जाते हैं। हालत यह है कि हाल ही में तमाम पढ़े लिखे युवा दूर देश इजरायल जाने के लिए लम्बी कतार में तैयार हैं।

### बेरोजगारी बड़ी समस्या

युवाओं के लिए बेरोजगारी बड़ी समस्या है। जिले को एक मेडिकल कॉलेज और सरकारी विश्वविद्यालय की जरूरत है। जहां कम फीस में विद्यार्थी शिक्षा पा सकें। इसके अलावा भ्रष्टाचार और रोजगार के साथ-साथ विकास एक बड़ा मुद्दा होगा।

### दम तोड़ रही खेल से जुड़ी प्रतिभाएं

विश्व प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की धरती पर उनके नाम से एक स्टेडियम तो बना दिया गया, लेकिन वहां प्रतिभाओं को तराशने के लिये कोई खास इंतजाम नहीं किये गये। कई खिलाड़ी तो बेहतर कोच न मिलने के चलते आगे नहीं बढ़ पा रहे। स्टेडियम इतनी बदहाल हालत में है कि खिलाड़ियों को खेल का माहौल ही नहीं मिल पा रहा।

### कमाऊ खेती भी नहीं छजी

कभी कालासोना यानी अफीम की खेती के लिए जिला विख्यात रहा। लेकिन लाइसेंस प्रकिया इतनी जटिल रही कि लोगों ने इस खेती से किनारा कर लिया। पिपरमिंट की खेती भी यहां के लोगों को बहुत सुहाई लेकिन धीरे धीरे पिपरमिंट की खेती कम होती गई। उसके पीछे मूल कारण था कि पिपरमिंट के दाने बनाने वाली कम्पनी बंद होती गई। उत्पादन का वाजिब मूल्य न मिलने से खेती का रकबा कम होता गया।

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके युवाओं का छलका दर्द

इंजीनियरिंग की पढाई कर निकल चुके युवाओं का दर्द भी पूछते ही छलक गया। छात्रों ने बताया जिले में नौकरी मिल नहीं रही। पन्द्रह से बीस हजार की नौकरी बड़ी मशक्कत के बाद मिल रही। इतना पैसा तो रूम के किराये और खाने पीने में ही खर्च हो जाता है। एमबीए कर चुके युवाओं का भी दर्द कम नहीं था। उन्हें बारह घंटे काम के बदले आठ से दस हजार रूपये में मार्केटिंग की नौकरी करनी पड़ रही है। जिले में रोजगार का कोई जरिया नहीं है। जिसके चलते युवा पलायन कर रहे हैं।

## प्रतिबंधित पेड़ काट रहे दो लोग गिरफ्तार

**देवा, बाराबंकी: अमृत विचार:** वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने बताया कि घूंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम अताहरा में प्रतिबंधित प्रजाति के चार नीम एवं दो गूलर हरे वृक्ष का अवैध कटान करते हुऐ साबिर पुत्र जबीर निवासी ग्राम अमानीगंज थाना इटौजा जिला लखनऊ और सुभाष पुत्र भगवती निवासी ग्राम बैना थाना कुर्सी बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया है। देवा रेंज में दर्ज केस संख्या 03/2024-25 अंतर्गत उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4 व 10, उत्तर प्रदेश प्रकाष्ठ एवं अन्य वन उपज के अभिवहन की नियमावली 1978 की धारा 3 व 28 अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई।

---------------

## दस लोगों को किया गया जिला बदर

**बाराबंकी, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों को चिन्हित कर डीएम सत्येंद्र कुमार ने आदेश पारित कर अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश दिये गये। शनिवार को जैदपुर पुलिस टीम ने द्वारा ऐसे दस अपराधियों के खिलाफ नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई गई।

# बीबीडीयू ने जीती मूटकोर्ट प्रतियोगिता

**सतरिख, बाराबंकी**

▸▸ **सम्मान समारोह के साथ हुई सम्पन्न**




विजयी टीम को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को टी.आर.सी. लॉ कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का फाइनल चरण आयोजित किया गया। जिसको एडीजे पॉक्सो राजीव महेश्वरम, उ.प्र. वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ संध्या श्रीवास्तव, अपर निदेशक अभियोजन लखनऊ चन्द्रशेखर त्रिपाठी, अधिवक्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ विनीत सिंह एवं एसपीओ राकेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से निर्णीत किया।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का समापन सम्मान समारोह के साथ किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र एवं पाठ्यक्रम की पुस्तकों से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अवसर पर विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक डा. सुजीत चतुर्वेदी द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित करके किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल चरण में बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी लखनऊ ने अभियोजन पक्ष तथा लखनऊ यूनिवर्सिटी की टीम ने बचाव पक्ष के तौर पर दी गई मूट समस्या के विषय में प्रतिभाग करते हुए संवैधानिक विधि के अनुच्छेद 19, 21, 32, 132, 136 व सीआरपीसी की धारा 102, 103, 104, 484 तथा आईपीसी धारा 420, 406, 409 एवं उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय की विभिन्न निर्णीत वादों की सहायता से अपने अपने तर्क प्रस्तुत किए।

जिन्हें निर्णित कर रहे न्यायाधीशों ने सम्यक अवलोकन के पश्चात् अंक प्रदान किये जिसके आधार पर बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी की टीम विजेता तथा लखनऊ यूनिवर्सिटी की टीम उपविजेता रही। समापन सम्मान समारोह में विजेता तथा उपविजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ साथ नगद पुरस्कार एवं विभिन्न महत्वपूर्ण पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में यूपीईएस देहरादून (टीआरसीटी 05) टीम की स्पीकर 2 आकांक्षा जैकी समथानी को बेस्ट स्पीकर तथा नगद पुरस्कार, बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी लखनऊ (टीआरसीटी 08) टीम की रिसर्चर सान्या अग्निहोत्री बेस्ट रिसर्चर एवं नगद पुरस्कार, टीम लॉयड लॉ कॉलेज नोयडा (टीआरसीटी 10) टीम को बेस्ट मेमोरियल एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# बिना अनुमति नहीं उतर पाएंगे उड़नखटोला

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तिथियों के एलान के बाद अब आयोग द्वारा कई तरह की गाइडलाइन जारी की जा रही हैं। इसी क्रम में अब चुनाव प्रचार को लेकर हेलीपैड के लिए राजनीतिक दलों व उनके उम्मीदवारों को अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। नामांकन के बाद अब जिले में कई स्टॉर प्रचारकों के आने का दौर शुरु होने वाला है जो जनसभा, रोड शो, रैलियां आदि में शामिल होकर अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगे। इसके लिये राजनीतिक दलों को सुविधा ऐप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा।

पांचवें चरण में जिले में मतदान होना है। वहीं इससे पहले लोकसभा चुनाव में कायदे-कानून को लेकर चुनाव आयोग सख्त होता जा रहा है। इसी क्रम में नेताओं के हेलिकॉप्टर को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों एवं नेताओं के सामने ऐसी शर्त रख दी है जिसे हर हाल में पूरा करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी से अंतिम रुप से अनुमति मिलने के बाद ही हेलिकॉप्टर उतारा जा सकेगा। अगर स्कूल में सभा होनी है तो सबसे पहले हेलिकॉप्टर उतारने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। इसमें प्रधानाध्यापक द्वारा यह लिखते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा कि उक्त तिथि पर अवकाश है या फिर पठन-पाठन बाधित नहीं होगा। फिर संबंधित क्षेत्राधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होगा। जिसमें हेलिकॉप्टर का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, हेलीकॉप्टर की क्षमता आदि की जानकारी होगी और उसमें उक्त स्थल का खाता-खसरा आदि को दर्शाया जाएगा। हेलिकॉप्टर का खर्च संबंधित प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल के निर्वाचन व्यय में जाएगा। वहीं संबंधित थानाध्यक्ष से विधि व्यवस्था को लेकर भी अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।

### मोदी, योगी, नड्डा, राहुल व प्रियंका और आ सकते हैं अखिलेश

इस चुनावी महासमर में स्टार प्रचारकों में शामिल कई बड़े नेताओं का आगमन जिले में होगा। इनमें पीएम मोदी, सीएम योगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में राहुल, प्रियंका गांधी, सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई बड़े नेता शामिल हैं हालांकि अभी तस्वीर साफ नहीं है। ऐसे में एक ही दिन में कई-कई जनसभाओं में शामिल होने को लेकर यह स्टार प्रचारक उड़नखटोला से आ सकते हैं ऐसे में संबंधित दलों व प्रत्याशी को निर्वाचन आयोग की इस गाइडलाइन का पालन करना ही होगा।



हेलिकॉप्टर की सांकेतिक फोटो।

> जनसभा के लिए मैदान, हाल, हेलीकॉप्टर, लाइट और साउंड आदि के लिए सुविधा ऐप का ही उपयोग करना होगा। हेलीकॉप्टर को उतारने की अनुमति केवल प्राधिकृत व चिन्हित हेलीपैडों के लिए ही दी जाएगी। इस ऐप के जरिये ही अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किये जाएंगे।
>
> **-सत्येंद्र कुमार,** जिला निर्वाचन अधिकारी

# कूड़े के ढेर दे रहे संचारी रोग को आमंत्रण

**सतरिख, बाराबंकी**



टिकरा मुर्तजा गांव में लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है, लेकिन गांवों में गंदगी की भरमार है। जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है, हाल ही में डीपीआरओ ने आठ सफाईकर्मीयों के विरुद्ध नोटिस जारी किया था, परंतु कोई सुधार नहीं पा रहा है।

हरख ब्लॉक के टिकरा मूर्तज़ा, बलछट ग्राम पंचायत के आलवा चियारा के राजस्व गांव क़स्बा में सफाईकर्मी गायब चल रहे है, गावों की गलियां कूड़ों से पटी हैं, नालियां-नाले बज़बजा रहे हैं और कूड़ें से पटी हुई हैं। धूप लगते ही जिससे दुर्गंध निकलने लगती है। गांवों में जगह जगह गंदगी के अंबार लगे होने के कारण संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चल रहा है, उसके बाद भी गांवों की साफ सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। गांव के ही मुफीद, अहमद, इस्माइल, सफीक आदि ने सफाई कर्मी की गांव न पहुंचने की शिकायत ब्लॉक में की गई थी, लेकिन शिकायत को अफसरों के द्वारा गंभीरता से न लेने के कारण साफ सफाई नहीं हो सकी है। डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत समेत आठ के विरुद्ध नोटिस जारी किया था, उसके बाद भी कोई सुधार नहीं पा रहा है। डीपीआरओ नितेश भोंडेले का कहना है कि एडीओ पंचायत को गांवों में साफ सफाई व्यवस्था के आदेश दिए गए है यदि अभी भी साफ सफाई नहीं हो पा रही है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मीठा चावल खाने से आधा दर्जन बीमार

**फतेहपुर, बाराबंकी: अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम बिलौली में मजार पर बट रहे मीठे चावल खाने से कई लोगों के पेट दर्द व उल्टी शुरू हो गई। फतेहपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बिलौली में जिंद बाबा की मजार है। शनिवार को मजार पर आने वाले लोगो को खाने के लिए मीठा चावल दिया गया था। कुछ ही देर बाद चावल खाने वाले लोगो में तेज पेट दर्द व उल्टी शुरू हो गई। यह देख गांव में हड़कंप मच गया। इसके बाद सूचित 16, अभिमन्यु 40, मुनीषा 19, तनु 4, शुभ 2, शिवानी 14, अंरूही 8 व लवकुश 52 को उपचार के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया। इस संबंध में सी एच सी प्रभारी अवनीश चौधरी ने बताया सभी को फूड प्वाइजनिंग हुई है।

# कार्डधारकों का 186 कुन्तल राशन डकार गया कोटेदार

▸▸ **शिकायत की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक ने किया निरीक्षण**

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** कार्डधारकों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक को स्टॉक में 186 कुंतल राशन कम मिलने पर कोटेदार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पूरा मामला बिसौली का है। शिकायत पर पहुचे पूर्ति निरीक्षक अखिलेश तिवारी ने दुकान का निरीक्षण किया तो स्टाक में 186 कुंतल राशन कम पाया गया। हालांकि निरीक्षण के दौरान दुकान खुली पाई गई और मौके पर कोटेदार मौजूद मिला। पूर्ति निरीक्षक को दुकान पर प्रदर्शित स्टाक बोर्ड व अन्य अद्यतन नहीं पाया गया।

स्टाक रजिस्टर चेक करने पर अप्रैल माह के खाद्यान्न की स्थिति कोटेदार नही दिखा सके। जबकि ई-पास मशीन चेक करने पर 501 कार्डधारकों में सिर्फ 68 लोगो को ही राशन दिये जाने पुष्टि हुई। स्टाक में 186 कुंतल राशन गायब मिला। पूर्ति निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट डीएसओ को सौप दी गई। डीएम के आदेश पर निरीक्षक ने कोटेदार के विरुद्ध मोहम्मदपुर खाला थाने में केस दर्ज कराया है। वही कोटे की दुकान को इलाके के राममंडई की दुकान से अटैच कर दिया गया। पूर्ति निरीक्षक अखिलेश तिवारी ने बताया कि जांच की गई तो मौके पर 186 कुंतल राशन कम मिला।

## सार-संक्षेप

### बूथ अध्यक्ष भाजपा की रीढ़ : दयाशंकर सिंह




बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री दयाशंकर सिंह।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि संगठन का बूथ अध्यक्ष भाजपा की रीढ़ है। भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसका बूथ अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम महत्वपूर्ण ओहदे पर पहुंच सकता है। दयाशंकर सिंह शनिवार को शहर के एक लॉन में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा भाई भतीजावाद के सिद्धांत पर कार्य करती है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर विगत दस वर्षो से कार्य कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि अपने बूथ के सभी घरों में कुंडी खटखटाकर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय राय, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, डॉक्टर राम कुमारी मौर्य, डॉक्टर विवेक वर्मा मौजूद रहे।

### पोलिंग बूथों का लिया जायजा




बूथ का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** शनिवार को सहायक विकास अधिकारी मदन गोपाल कनौजिया एडीओ एमआई अरुण कुमार व्यास के साथ ग्राम पंचायत बड़ागांव एव दादरा के पोलिंग बूथों का जायजा लिया तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। अधिकारियो ने ग्राम पंचायत बड़ागांव के प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय मे बने पोलिंग बूथों पर पेयजल, रैम्प, बिजली, टॉयलेट एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मौके पर ही सफाईकर्मी लज्जावती से प्रतिदिन सफाई करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात ग्राम पंचायत दादरा के बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम्, उत्तम कुमार वर्मा, रोजगार सेवक विनोद कुमार राव आदि लोग मौजूद रहे।

### मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, 30 हजार की दवाएं सीज

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** शनिवार को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर गठित टीम द्वारा कस्बा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर 30 हजार की दवाओं को सीज करने की कार्रवाई की गई। छापे की कार्रवाई की खबर फैलते ही मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते नगर के अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद हो गए। जो देर शाम टीम की वापसी के बाद ही खुले। दरअसल उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह को लगातार मेडिकल स्टोरों से डुप्लीकेट दवाओं की बिक्री की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर उपजिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार कविता सिंह, उपनिरीक्षक, चौकी प्रभारी जितेंद्र राज एवं औषधि निरीक्षक सीमा सिंह की गठित टीम द्वारा नगर के लिल्हौरा वार्ड में औसानेश्वर रोड पर स्थित जयसवाल मेडिकल स्टोर पर शनिवार लगभग 4 बजे अचानक छापा मारा। इस दौरान मेडिकल स्टोर पर भंडार औषधी के मौके पर क्रय विक्रय के बिल पेश नहीं किए जाने की दृष्टिगत लगभग 30 हजार की 22 प्रकार की औषधियों को सीज कर दिया। साथ ही तीन संदिग्ध औषधी के नमूने जांच एवं विश्लेषण के लिए संग्रहित किए गए। साथ ही औषधि एवं प्रशासन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 22(1) डी के तहत मेडिकल स्टोर के संचालन पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गई। मेडिकल स्टोर संचालक को अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए नोटिस भी दिया गया है। इस कार्रवाई की जानकारी होते ही अधिकांश मेडिकल स्टोर के शटर धड़ाधड़ गिर गए। जिसके चलते अन्य मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई नहीं हो सकी। औषधि निरीक्षक सीमा सिंह ने बताया कि अधो मानक तथा नकली औषधी के खरीदने और बेचने पर प्रभावी रोकथाम के लिए छापेमारी की गई है।



छापेमारी करतीं औषधि निरीक्षक सीमा सिंह।

**समस्या** किसी हैडपम्प का टूटा है हत्था, तो कहीं रिपोर्ट की पड़ेगी जरूरत

# बजट के अभाव में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे कस्बे के बाशिंदे

**विवेक शुक्ला, रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** इसे नगर पंचायत रामनगर की उदासीनता कहें कि आम जनता के प्रति संवेदनहीनता। भीषण गर्मी में भी यहाँ की आधे से ज्यादा आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है। गर्मी में आम जन की प्यास बुझाने को यहाँ के चौदह वार्डों में 20 हजार आबादी के लिए 306 हैडपम्प की व्यवस्था की गई है वावजूद इसके लोग पीने के पानी को तरस रहें है उसके पीछे बडा. कारण है कि नगर पंचायत रामनगर में आधे हैडपम्प खराब पडे.है। यहाँ के चेयरमैन रामशरण पाठक पशु-पक्षियों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं यही कारण है कि कस्बे के अधिकतर तालाब पानी से लबालब है। लेकिन वार्डों की स्थिति पेय जल को लेकर बेहद चिंता जनक है। पंचायत कर्मियों की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी हुई है। गर्मी की शुरुआत होने से पहले नगर पंचायत अध्यक्ष ने व्यक्तिगत रूचि दिखाते हुए लाखरौरा, चांदामऊ, धमेड़ी तीन, केसरीपुर में ट्यूबवेल की व्यवस्था कराई है। अगर समय रहते खराब पडे. हैंडपम्पों को ठीक कर दिया जाता तो शायद पेयजल को लेकर जनमानस के रोष को कम किया जा सकता है।



मोहल्ला रामनगर एक में खराब नल।

**केस 1**

मोहल्ला रामनगर एक में कई हैंडपंप खराब हैं। बुढ़ियामईया मंदिर के पीछे लगे नल से पानी नहीं आ रहा। इसे सही करने के लिए कई बार नगर पंचायत को अवगत कराया गया लेकिन सुधार नहीं हुआ।



मोहल्ले में लगा निष्प्रयोज्य नल।

**केस 2**

इसी मोहल्ले में लगा नल निष्प्रयोजन है इस हैंडपंप का हत्था तक गायब है। अब नगर पंचायत प्रशासन के पास इतना बजट नहीं है कि वह हैंडपंप का हत्था ही लगवा सके।



कादिराबाद दो में लगा खराब नल।

**केस 3**

बड़ी बाजार और मोहल्ला कादिराबाद दो में लगा हैंडपंप भी खराब पड़ा है। जबकि इस मोहल्ले कीअच्छी खासी आबादी है। हैंडपंप लगा होने के बावजूद लोग यहां उसका लाभ नहीं उठा पा रहे।

> क्षेत्र का एरिया बढ़ाया गया है। इस वजह से हैंडपंप की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। हैंडपम्पों के रिबोर में लगने वाली सामग्री हमारे पास मौजूद हैं। लगातार कर्मचारियों के द्वारा हैंडपंपों की मरम्मत की जा रही है। पानी के लिए नगर वासियों को दिक्कत न हो इसके लिए चार नए ट्यूबवेल लगवाए गए हैं। जल्द ही बिजली का कनेक्शन जुड़वा कर चालू कराया जायेगा। पेय जल संकट को दूर करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।
>
> **-रामशरण पाठक,** अध्यक्ष, नगर पंचायत रामनगर

## एक नजर

### माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण तीन व चार को

सुलतानपुर, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण अंकुर कौशिक द्वारा अवगत कराया गया कि लोकसभा चुनाव में नियुक्त समस्त माइक्रो आब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण तीन व चार मई को दो पालियों में कराया जाएगा। यह प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार में पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 1 बजे तक एवं अपरान्ह 3 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### संतोष बने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी



सुलतानपुर, अमृत विचार : प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने डॉ गुंडाल विजय कुमार मुख्य सलाहकार की सहमति से संतोष कुमार पांडेय सुलतानपुर को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। पत्रकार संतोष कुमार पांडेय हिंदी प्रचार प्रसार हेतु समर्पित हैं। संतोष के मीडिया प्रभारी बनने पर पत्रकार संघ भारत के जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी, पवन मिश्र, श्रीकृष्ण पांडेय, नवनीत मिश्र, अंकित राय, नीरज तिवारी आदि ने खुशी जताई है।

### निशा सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि



सुलतानपुर, अमृत विचार : केएनआईपीएसएस के हिन्दी विभाग की प्रो प्रतिमा सिंह के निर्देशन में डॉ बच्चन सिंह की आलोचनात्मक दृष्टि : एक अध्ययन विषय पर निशा सिंह ने अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। इन्हें डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

## जयसिंहपुर और चांदा कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जयसिंहपुर और चांदा कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। जयसिंहपुर में हुए हादसे में दूसरा बाइक सवार गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। हादसो से परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के हसरमपुर धरसौली निवासी सत्यम पाल उर्फ अनुपम (21) पुत्र सियाराम पाल बाइक से शुक्रवार की रात डड़वा गांव रिश्तेदारी जा रहा था। कोतवाली के ही मुइली के पास पहुंचा था कि सामने से बाइक से आ रहे सर्वेश निवासी अतरदशा थाना मोतिगरपुर से टक्कर हो गई। दुर्घटना में घायल दोनों बाइक सवारों को सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में सत्यम पाल की मौत हो गई, सर्वेश को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने सत्यम के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था सत्यम

मृतक सत्यम चार भाई और एक बहन में तीसरे नंबर पर था। बहन की शादी हो चुकी है। जबकि, बड़ा भाई अरविंद, गोविंद और छोटा भाई परवींद्र अभी पढ़ाई कर रहा है। युवक की मौत से गांव में मातम छाया है। पिता ने बताया कि सत्यम की अभी शादी नहीं हुई थी।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत


सूरज की फाइल फोटो।

चांदा, सुलतानपुर : थाना क्षेत्र के शफीपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। चांदा थाने के शफीपुर निवासी जय सिंह ने बताया कि उनका भाई विजय सिंह उर्फ सूरज (30) पुत्र राम नरायन सिंह शुक्रवार की शाम बेकारी अड्डा (शफीपुर) बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सूरज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा गए, जहां से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन शनिवार की सुबह करीब तीन बजे जगदीशपुर पहुंचते ही सूरज की मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई शुरू की है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के मुजेश के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक पैंतीस वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए शव को सुरक्षित रखवा दिया है।

घटना थाना क्षेत्र के मुजेश के पास की है। जहां पर शुक्रवार की रात एक पैदल जा रहे युवक को एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिये कूरेभार अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया शव की पहचान नहीं हो पाई है।

# 78 क्विंटल राशन बेचने वाले कोटेदार पर केस दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचारः जिले में राशन की कालाबाजारी कम होने का नाम नहीं ले रही है। लंभुआ के गोपाल रायपुर गांव में एक उचित दर विक्रेता की ओर से 78 क्विंटल राशन की कालाबाजारी करने का मामला प्रकाश में आया है। अधिकारियों की जांच रिपोर्ट पर डीएम के आदेश पर उचितदर विक्रेता के खिलाफ राशन की कालाबाजारी करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

विकास खण्ड लम्भुआ की ग्राम पंचायत गोपाल रायपुर में कार्डधारकों को रोस्टर पर राशन वितरण नहीं करने की शिकायत की गई थी। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी माला कुमारी, पूर्ति निरीक्षक नन्हें सिंह, नायब तहसीलदार लम्भुआ की संयुक्त टीम ने कोटेदार अनीता के राशन की दुकान की जांच किया। जांच के दौरान स्टाक में केवल साढ़े छह क्विंटल राशन मिला। 24.50 क्विंटल गेहूं व 53.92 क्विंटल चावल व 24 किलोग्राम चीनी की कालाबाजारी करने का मामला प्रकाश में आया। जांच टीम की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने उचित दर विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है। पूर्ति निरीक्षक नन्हें सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर कोटेदार अनीता के खिलाफ राशन की कालाबाजारी करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# पेड़ से टकराई कार, आठ घायल

- एयर बैग खुलने से बची सभी की जान, रामलला के दर्शन को जा रहा था बिहार का परिवार

कूरेभार, सुलतानपुर

अमृत विचारः सुलतानपुर के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को श्रद्धालुओं से भरी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। आठ कार सवार श्रद्धालु घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना होते ही कार का एयरबैग खुल जाने से सभी की जान की बच गई है। पुलिस ने राहत बचाव कार्य किया है।


हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार।

बिहार प्रांत का एक परिवार कार से अयोध्या दर्शन करने के लिए आ रहा था। श्रद्धालुओं को लेकर जा रही कार अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कूरेभार थाना क्षेत्र के पुरखीपुर चौराहे के पास पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। ऐसे में कार अनियंत्रित होकर पेड़ जा टकराई। टक्कर से कार के जहां परखच्चे उड़ गए, वहीं उस पर सवार आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हुए हैं। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में इलाज के लिए लाया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों एयर बैग खुल जाने से लोगों की जान बच गई है।

### ये लोग हुए घायल

अमरीत (27) पुत्र चंद्रशेखर पटेल निवासी डोमरीपड़ाव, रामनगर वाराणसी, कृष्ण कुमारी (35) पत्नी रविंद्र कुमार, आस्था (25) पुत्री रविंद्र कुमार निवासी आजाद नगर समस्तीपुर बिहार, सरिता वर्मा (45) पत्नी राम प्रकाश वर्मा विकलेश कुमार (37) पुत्र राम प्रकाश निवासी अर्जून टोला चेरिया वरियार बेगूसराय, बिहार, कवी उर्फ अनामिका (39) पत्नी अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार (40) पुत्र अरुण कुमार, जिग्याशु पुत्र अभिषेक कुमार निवासी पिपरी हरसाली मधुबनी बिहार घायल हुए है।

## नीम के पेड़ से लटका मिला प्रौढ़ का शव

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के मधुवन निवासी राम जश निषाद (55) पुत्र जुगई शनिवार सुबह पांच बजे शौच करने जंगल की ओर गया था। एक घंटे बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। सुबह करीब साढ़े छह बजे लोगों को रामजश का शव घर से दो सौ मीटर दूर जंगल में नीम के पेड़ से गमछे के सहारे लटकता दिखाई पड़ा। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम कोउभेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी राम रती, पुत्र नंदलाल, गोविंद, पिंटू, रिंकू, रामनरेश, अंकित व एक पुत्री को छोड़ गया है। थानाध्यक्ष ने बताया परिजनों के मुताबिक मृतक अवसादग्रस्त था।

# आग लगने से 11 घर जलकर राख


करौंदीकला में आग से जला मकान और जले हुए घर के पास बैठी गमगीन महिला। अमृत विचार

- लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर मदद का दिया आश्वासन

करौंदीकला, सुलतानपुर

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के सकरदे गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से 11 घर जलकर राख हो गए। घरों में रखी नकदी समेत हजारों का सामान मोटर साइकिल जल गया।

ग्राम पंचायत सकरदे में शुक्रवार की रात करीब 10 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आने से भारत निषाद, ओमप्रकाश, राम भवन, शीला, रोहित, गणेश, राहुल, विकास का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। जबकि शिवकुमार निषाद, मनफूल और राजमणि के घर में आग लगने से मोटर साइकिल सहित गृहस्थी का सारा सामान जल गया। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर थानाध्यक्ष व प्रधान दमकल व ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में सफल रहे। सुबह लेखपाल ने नुकसान का आकलन करते हुए मदद का आश्वासन दिया है।

# फंदे से लटकता मिला किशोर का शव, हत्या का आरोप

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के फतेहपुर संगत निवासी एक किशोर का शव दूसरे गांव में कमरे के अंदर रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पंचायतनामा भरकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फतेहपुर संगत निवासी नितिन निषाद (14) पुत्र स्व. मनोज निषाद गोसाईंगंज स्थित आरओ प्लांट पर कार्य करता था। शुक्रवार दोपहर दो बजे वह घर से निकला था। शाम को वह आरओ प्लांट पर कार्य करने वाले एक साथी के यहां फतेहपुर संगत के अंधियारी बगिया पुरवे में बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। रात को वहां आर्केस्ट्रा पार्टी भी थी। शनिवार सुबह उसका शव अंधियारी बगिया स्थित मंगरु निषाद के घर के अंदर छत में लगे हुक में रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। पशुओं के लिए भूसा लाने गई एक महिला को घटना की जानकारी हुई तो वहां भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना परिजनों के साथ पुलिस को दी गई। मृतक की मां रीता देवी व चचेरे भाई अवधेश कुमार ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव उठाने से मना कर दिया। उनका कहना था कि पहले आरोपी को गिरफ्तार किया जाए।

थानाध्यक्ष के समझाने के बाद परिजन मान गए। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# एमडीएम में घपले पर हेडमास्टर निलंबित

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः भदैंया के बालमपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने एमडीएम में घपला, सहायक अध्यापिका से दुर्व्यवहार सहित कई गंभीर आरोप की पुष्टि होने पर निलंबित कर दिया है। उनको लंभुआ बीईओ कार्यालय से संबद्ध कर मामले की जांच का आदेश दिया है।

भदैंया विकासखंड के बालमपुर जूनियर हाईस्कूल में तैनात प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी को बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने एमडीएम में घपला व अध्यापिका से दुर्व्यवहार सहित कई गंभीर आरोपों में निलंबित कर दिया है। वह अपनी सेवा काल में दूसरी बार निलंबित हुए है। चर्चित प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी भदैंया के उच्च प्राथमिक विद्यालय बालमपुर में कार्यरत है। जो अपनी कार्यशैली से विवादों में रहते है। स्कूल की सहायक अध्यापिका की शिकायत पर मामले की जांच बीईओ भदैंया उदयराज मौर्या करने 15 अप्रैल को निरीक्षण को स्कूल पहुंचे तो स्कूल गेट अंदर से बंद मिला। विद्यालय में एमडीएम के बर्तन टूटे पाए गये, कुल 7 छात्र मिले, जबकि इससे पहले हर दिन 35 से 44 का एमडीएम खारिज किया मिला। स्कूल परिसर मे गंदगी व झाड़िया मिली, शौचालय गंदा व निष्प्रयोज्य मिला। अन्य गंभीर आरोपों की पुष्टि पाए जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने बीईओ भदैया की जांच रिपोर्ट पर प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी को निलंबित कर लंभुआ बीईओ कार्यालय से संबद्ध किया है। तथा बीईओ लंभुआ अजय सिंह को मामले की जांच का निर्देश दिया है।

### कार्रवाई

- भदैंया विकासखंड के जूनियर हाईस्कूल बालमपुर का मामला
- सात की जगह 35 से 44 बच्चों का खारिज होता था एमडीएम भोजन

### टीईटी परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के प्रकरण में हुए थे निलंबित

प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी को पूर्व में टीईटी परीक्षा में परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के प्रकरण में तत्कालीन बीएसए कौस्तुभ सिंह ने निलंबित किया था। स्कूल चलो अभियान में भदैया बीआरसी पर वह छात्रा की दुपट्टा की झंडी बनाकर रैली निकाली थी। बालमपुर में तैनात सहायक शिक्षिका संगीता सरोज के साथ अभद्र व्यवहार व एमडीएम में घपला सहित विभिन्न आरोपों में राजकुमार तिवारी को बीएसए ने दूसरी बार निलंबित कर दिया।

## सार-संक्षेप


कादीपुर में एक सभा को संबोधित करती सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

### एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना हो रहा साकारः मेनका

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने शनिवार को कादीपुर विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा पीएम मोदी के विकास, सुशासन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बल पर एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है। आज अंतिम पायदान का गरीब व्यक्ति सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में होने के कारण मजबूत और खुशहाल हुआ है।

### इलाज के दौरान चार साल की बच्ची की मौत

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के हैहनाखुर्द गांव निवासी अभिषेक तिवारी की चार वर्षीय पुत्री अक्षिता की घर पर सुबह तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय ले गए। जहां तबीयत खराब होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुबह अक्षिता स्नान करने के बाद घर पर नमकीन खा रही थी। गले में नमकीन अटक जाने से तबीयत बिगड़ गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

### कादीपुर विधायक की माता का निधन


प्रेमा देवी की फाइल फोटो।

अखण्डनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर विधायक राजेश गौतम की माता प्रेमा देवी का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को निधन हो गया। विधायक ने पिता पूर्व मंत्री स्व. जयराज गौतम की समाधि के पास मां का अंतिम संस्कार किया। दोस्तपुर स्थित पहाड़पुर बस्ती में विधायक के पैतृक गांव में बड़ी संख्या में जमा हुए क्षेत्रीय लोगों ने श्रद्धांजिल अर्पित किया। सुबह मेनका गांधी के साथ नुक्कड़ सभा में शामिल थे विधायक तब मां के निधन की मिली थी सूचना। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ पहुंचकर मां का शव लेकर पैतृक गांव पहुंचे।

### मेडिकल बस कैंप में 70 मरीजों का इलाज

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : लोटस टीएमटी मेडिकल बस कैम्प का निशुल्क आयोजन मोतिगरपुर के कैथवारा में आयोजित किया गया। गुरुवार को स्व. देवेश सिंह की स्मृति में लोटस टीएमटी कम्पनी द्वारा मेडिकल बस कैम्प का उद्‌घाटन आरएसएस विभाग प्रचारक श्री प्रकाश व विहिप नेता अधिवक्ता नागेंद्र प्रताप सिंह ने किया। मेडिकल बस कैम्प में कैथवारा, दियरा, छेदुवारी, काछा भिटौरा, गोंदलपुर, मैरी रंजीत, मलवा सहित कई गांव के करीब 70 से अधिक मरीजों का परीक्षण किया गया। इस दौरान डा. मिलन बेरा व नवीन गर्ग की टीम द्वारा 35 मरीजों को चश्मा दिया गया, 6 मरीजों का ईसीजी, 5 मरीजों का एक्सरे, 6 मरीजों का यूरिन टेस्ट, 10 लोगों का दांत साफ कर दवा वितरित किया गया व कई लोगों की ब्लड जांच हुई।

# अद्भुत व्यक्तित्व के धनी थे विजय बाबू

- तृतीय पुण्यतिथि पर क्षेत्र की विभूतियों का किया गया सम्मान

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचारः पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वित्त एवं लेखा संघ उत्तर प्रदेश स्व विजय प्रकाश श्रीवास्तव की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के पांच विभूतियों को माल्यार्पण करके एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने विजय प्रकाश श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला न्यायाधीश आरपी शुक्ला ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह विभागीय सेवा में रहते हुए सामाजिक सेवा से भी सरोकार बनाए रखा। उनकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता व मिलनसार व्यक्तित्व ही सभी को जोड़े रखा है। विजय प्रकाश स्मारक सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष भारत गांधी श्रीवास्तव लल्लन ने बताया कि पिताजी की तृतीय पुण्य स्मरण दिवस के मौके पर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या के नेत्र सर्जन डॉ. पंकज बरनवाल व राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नरेंद्रपुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार वर्मा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इन्हीं के साथ उत्कृष्ट काव्य लेखन के क्षेत्र में दीपिका चौरसिया, शिक्षण कार्य में अजय पांडेय, समाज सेवा के क्षेत्र में शिव शंकर को भी सम्मानित किया गया।


लंभुआ में विभिन्न क्षेत्र की विभूतियों का किया गया सम्मान। अमृत विचार

## तीन बच्चों को छात्रवृत्ति परीक्षा में मिली सफलता

सुलतानपुर, अमृत विचारः कूरेभार के ग्राम सभा महिलो आशापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता अर्जित की हैं। जिला स्तर पर आदित्य गुप्ता ने 32वीं, श्वेता आर्य ने 34वीं और आदर्श कुमार ने 40 वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक किरन वर्मा ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इन छात्रों को इंटर तक की पढ़ाई के लिए 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष प्राप्त होंगे। छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराने में विद्यालय की सहायक अध्यापक रागिनी सिंह का विशेष योगदान रहा।

# कादीपुर में सड़क किनारे सजती है चिकमंडी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः हाईवे के किनारे खुले में मांस मछली की दुकानें लगने की शिकायत को देखते हुए नगर पंचायत ने अलग चिकमंडी बना दी। इसके बाद भी कुछ दुकानदार हाईवे के किनारे से अपनी दुकानें नहीं हटा रहे हैं। जबकि इन दुकानदारों के पास कोई लाइसेंस भी नहीं है।

कस्बे में लंबे समय से जनता की शिकायत रहती थी कि लोग मुख्य मार्ग के किनारे आबादी व स्कूल के निकट खुले में मुर्गा बकरा काटने वाले अपनी दुकान लगाते हैं, उन्हें कहीं एकांत में जगह दी जाए। इस शिकायत को दूर करने के लिए चेयरमैन आनंद जायसवाल ने पुरानी बाजार में नाले के पास सरकारी जमीन में कुछ दुकानें बनवाकर केवल मांस मछली बेचने वालों को आवंटित करने का निर्णय लिया। चार दुकानदारों को छोड़कर बाकी लोग उसी मंडी में चले गए, लेकिन शिशु मंदिर मोड़ के निकट तथा चांदा रोड पर कांशीराम आवास के निकट के कुल चार दुकानें अभी भी मुख्य मार्ग के किनारे ही लग रही हैं। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से यह बताया गया कि सभी दुकानदारों से कहा गया है कि वे नवनिर्मित दुकान आवंटित करा कर मुख्य मार्ग के किनारे से हट जाएं।

## समीक्षा बैठक

एडीएम वित्त की अध्यक्षता में हुई प्रगति की समीक्षा बैठक, तीन केंद्रों के प्रबंधकों को पड़ी फटकार

# तीन केंद्रों पर अभी भी नहीं शुरू की गई गेहूं की खरीद

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एस. सुधाकरन की अध्यक्षता व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी तथा क्रय एजेन्सियों के जिला प्रबन्धकों के साथ गेहूं खरीद कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद में गेहूं क्रय किये जाने हेतु 83 गेहूं क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया गया है, जिसमें विपणन विभाग के 23 केंद्र, पीसीएफ के 43, नैफैड के 06 पीसीयू के 06, भारतीय खाद्य निगम के 03 तथा मण्डी समिति का 01 क्रय केन्द्र शामिल है। एडीएम ने बताया कि का गेहूं खरीद लक्ष्य 76,000 एमटी निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 26 अप्रैल तक 2080.269 एमटी गेहूं की खरीद की गयी है। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया गया कि नैफैड के 02 क्रय केन्द्र कमरांवा एवं नरायनपारा तथा पीसीयू के 01 क्रय केन्द्र बभनगवां पर अभी गेहूं की खरीद प्रारम्भ ही नहीं हुई हैं। उन्होंने उक्त खराब प्रगति के दृष्टिगत जिला प्रबन्धक नैफैड एवं जिला प्रबन्धक पीसीयू को कड़ी फटकार लगायी गयी तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं अब तक गेहूं खरीद न किये जाने के दृष्टिगत क्यों न उक्त गेहूं क्रय केन्द्र निरस्त कर दिये जाने की नोटिस जारी की गयी है। जिला प्रबन्धक नैफैड एवं पीसीयू को सख्त निर्देश दिये गये कि नोटिस जारी की गयी है। जिला प्रबंधक नैफैड एवं पीसीयू को सख्त निर्देश दिये गये कि हरसंभव प्रयास कर 02 दिन के भीतर किसानों से खरीद कराना सुनिश्चित करें। उक्त क्रय केंद्रों पर खरीद में प्रगति न होने की स्थिति में उक्त क्रय केन्द्रों को निरस्त करने की कार्रवाई कर दी जायेगी।


कलेक्ट्रेट में क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक करते एडीएम एफआर।

उन्होंने अवगत कराया कि शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से सम्पर्क कर उनके क्षेत्र में कैंप लगाकर उनसे सीधे गेहूं की खरीद सुनिश्चित करें, सभी केन्द्र प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए सुनिश्चित करें कि कोई बिचौलिया व्यापारी किसी भी दशा में किसानों से कम मूल्य पर गेहूं खरीद न करने पाये।

# वाराणसी मेमू को रुकवाने की मांग

- मेमू रुकने से पखरौली व भदैंया के लागों को मिलेगी राहत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः सुलतानपुर से वाराणसी तक चलने वाली मेमू ट्रेन का पखरौली व भदैंया रेलवे स्टेशन पर ठहराव न होने से स्थानीय लोगों व शिव भक्तों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। भदैंया क्षेत्र के निवासियों ने मेमू ट्रेन का ठहराव पखरौली व भदैंया रेलवे स्टेशन पर कराये जाने की मांग अधिकारियों, रेल प्रशासन व सांसद से की है।

10 महीने पहले पांच जून से बाबा भोलेनाथ की नगरी बनारस जाने वाले शिव भक्तों को सुलतानपुर से नई मेमू ट्रेन की सौगात मिली थी। उतरेटिया लखनऊ से सुलतानपुर की मेमू ट्रेन को रात आठ बजे आने के बाद अब वाराणसी तक चलाया जा रहा है। मेमू ट्रेन सुलतानपुर से चलकर पखरौली और भदैंया, स्टेशन से गुजरती तो है लेकिन रुकती नहीं है। मेमू का ठहराव लंभुआ फिर कोइरीपुर में होता है जबकि इन स्टेशनों पर शटल भी रुकती है। भदैंया क्षेत्र के स्थानीय लोग मेमू ट्रेन चलने से खुश तो है लेकिन पखरौली, भदैंया व महारानी पश्चिम स्टेशन पर ठहराव न होने से इसका लाभ नहीं मिल रहा है जिससे यात्री निराश हैं।

### क्या कहते हैं लोग

मेमू ट्रेन को ठहराव के लिए हनुमानगंज के सर्वेश बरनवाल का का कहना है कि लंभुआ में पहले ही शटल एक्सप्रेस का ठहराव है। वहीं पर मेमू ट्रेन का भी ठहराव किया गया है। रात में चलने वाली मेमू यदि पखरौली व भदैंया मे रोकी जाये तो लोगों को बनारस जाने की सहूलियत भी मिलेगी और राजस्व भी बढेगा। अभियाखुर्द के अरुण पांडेय हर महीने पूर्णमासी को गंगा स्नान करने वाराणसी जाते हैं। वह कहते हैं कि पखरौली व भदैंया स्टेशन से सौ से अधिक लोग गंगा स्नान व बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने जाते हैं। रात को यदि मेमू ट्रेन इन स्टेशनों पर ठहराव हो तो लोगों को सुविधा मिलेगी। प्रताप पांडेय का कहना है कि मेमू ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए ही चलती है, इसको हर स्टेशन पर रुकना चाहिए। भूपेश मिश्र ने इसकी जानकारी को सांसद मेनका गांधी को देकर मेमू ट्रेन को पखरौली व भदैंया स्टेशन पर रोकने की मांग की है।

# 7 मई को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, सुविधाओं का रखें ख्याल

## 50 प्रतिशत बूथों पर लगाए जाएंगे कैमरे, लंबी लाइन पर मिलेगी कुर्सी

संवाददाता,अमेठी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निशा अनंत ने निर्वाचन की समीक्षा दौरान कहा कि सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लें जहां पर बिजली, पानी, रैम्प, फर्नीचर, छांव आदि की व्यवस्था उपलब्ध न हो वहां मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा।

19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी जो उसी दिन मतदान केंद्र पर पहुंच जाएंगी उनके ठहरने की व्यवस्था देख लें उन्हें ठहरने में कोई परेशानी न हो, वेब कास्टिंग के लिए जनपद के 50% बूथों पर कैमरे लगाए जाएंगे उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। मतदान के दिन कुछ चिन्हित बूथों को मॉडल बहुत बनाया जाएगा मगर उसके साथ ही सभी बूथों पर शेड व पीने के पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाए जिससे गर्मी में कोई समस्या ना हो। जिन मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन लगती हैं वहां हर पांचवें व्यक्ति पर एक कुर्सी की व्यवस्था की जाए, पीडब्ल्यूडी वोटर के लिए एक व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसके क्रम में उन्होंने सभी ग्रामों में बुलावा टोली का गठन कर लोगों को मतदान के दिन वोट करने के लिए बुलावा टोली के माध्यम से बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि 19 और 22 के सापेक्ष 24 में जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी वहां के लेखपाल को सम्मानित भी किया जाएगा। डीएम ने कहा कि हमें निष्पक्ष चुनाव करना है आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में मतदान को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद असलम, प्रतीक्षा पांडे, अमित सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### किसानों के घर पर ही गेहूं खरीदने पहुंचेंगे मोबाइल क्रय केन्द्र

**अमेठी अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को गेहूं खरीद की स्थिति की समीक्षा की। जिसमें निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अब मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों के घर जाकर गेहूं खरीदने की व्यवस्था की गई है जिसके लिए आवश्यक है कि लगभग एक ट्रक लोडिंग तक गेहूं की उपलब्धता होने पर संबंधित नजदीकी क्रय केंद्र पर संपर्क कर किसान भाई घर बैठे अपना गेहूं बेच सकते हैं इसके लिए उन्हें कहीं जाने की आवश्यकता नहीं होगी उन्होंने सभी लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करें जिससे उनको उचित मूल्य मिल सके और विभाग का लक्ष्य भी पूरा हो सके। उन्होंने गौशालाओं में गोवंशों की व्यवस्था पर चर्चा किया जिसमें उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत सभी गौशालाओं में पर्याप्त छांव व पीने के लिए स्वच्छ व शीतल पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा तथा जो टीन शेड है उसके ऊपर परली आदि डलवाने के निर्देश दिए। वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है इसके दृष्टिगत गौशालाओं में भूसा दान करने हेतु किसानो को प्रेरित करने को कहा।

# व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

अमेठी


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते व्यय प्रेक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर का आज निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक संजय कुमार द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक के साथ निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम के माध्यम से एफएसपी एसएसटी टीमों के लोकेशन को देखा गया। सी विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों व उनके निस्तारण की जानकारी ली गई। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम में फाइलों के रखरखाव को देखा तथा कंट्रोल रूम में व्यवस्थाओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र सिंह ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री 29 को अमेठी में

**अमेठी ,अमृत विचार।** लोकसभा के होने वाले चुनाव में अमेठी सांसद केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी के नामांकन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 29 अप्रैल को शामिल होंगे।

इसके अलावा यादव के पौराणिक आस्था स्थल नंद महर धाम पर पूजा अर्चना करेंगे। जानकारी के लिए बता दें कि नंद महर धाम आसपास के जनपदों के ही नहीं बल्कि अमेठी जनपद के यादव समाज के आस्था का प्रमुख केंद्र है। विकास खंड शाहगढ़ के सैनिक स्कूल के पास मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने दी है।

## बसपा ने संगठन में किया आंशिक फेरबदल,खरवार को फिर मिली जिम्मेदारी

**मुसाफिरखाना,अमेठी।** लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अयोध्या मंडल के संगठन में आंशिक फेरबदल किया है। पूर्व एम एल सी दिनेश चन्द्रा की जगह पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार को अयोध्या मंडल का मुख्य कोआर्डिनेटर बनाया गया है। सुल्तानपुर में सर्वेन्द्र अम्बेडकर की जगह पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश गौतम को जिम्मेदारी दी गई है। घनश्याम चंद्र खरवार के साथ प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल,राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष रहे वरिष्ठ नेता जिया लाल त्यागी और छोटे लाल मौर्य को कोआर्डिनेटर बनाकर पूरे मंडल का काम सौंपा गया है।अयोध्या के रवि प्रकाश मौर्य और बाराबंकी के विजय कुमार गौतम को प्रभारी के तौर पर अमेठी लोकसभा और अमेठी जनपद में संगठन और चुनाव का काम सौंपा गया है।

## ट्रेन से टकराकर बाइक सवार की मौत

**जगदीशपुर अमेठी।** रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट मे आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर रेलवे रूट पर स्थित सिंदुरवा रेलवे क्रॉसिंग के समीप घटना उस वक्त घटित हुई जब बीती देर रात्रि बाइक द्वारा किसी कार्यवश घर से औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर जा रहे पूरे ठकुराइन मजरे बरसंडा गांव निवासी कलीम अहमद जब रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचे तो अचानक तेज रफ्तार आ रही ट्रेन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना आसपास के लोगो द्वारा पुलिस को मिलते ही घायल को उपचार हेतु अस्पताल मे भर्ती कराने के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जहां पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान

अमेठी

**अमृत विचार।** जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह ने मतदाता जागरूकता हेतु सभी कार्यालय अध्यक्षों को पत्र जारी किए हैं। अब सभी प्रकार के पत्राचार मतदाता जागरूकता की मुहर और स्लोगन के साथ होंगे। ग्राम विकास विभाग के सभी विभागीय वाहनों पर भी मतदाता जागरूकता के स्लोगन सम्बन्धी पम्पलेट लगाए जाएंगे। हीट वेव के कारण दूसरे चरण में आयोग की तमाम कोशिशों के बावजूद मतदान का प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में काफी कम रहा है। जिले में 20मई को मतदान है। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने वे सभी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं जिससे नगर एवं ग्रामीण अंचल में मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में बढ़ाया जा सके। विकास भवन के सभी कार्यालयाध्यक्षो और खंड विकास अधिकारियों को मतदाता जागरूकता की मुहर बनवाकर सभी पत्रो पर लगाने और विभागीय वाहनों पर पम्पलेट चिपकाने के निर्देश दिए हैं।' छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान','बनो देश के भाग्य विधाता','अब जागो प्यारे मतदाता,वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है ', मतदान दिवस पर्व है, वोट डालना गर्व है इस तरह के स्लोगन अब मतदाताओं को मतदान के प्रति सचेत करने के लिए प्रयोग किए जायेंगे।

### गांवों में मतदाता जागरूकता की चौपालें लगाने का सुझाव

मीडिया कर्मियों के साथ डी एम की बैठक में एक अखबार के इंचार्ज ने मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में सुझाव मांगे जाने पर निर्वाचन कार्यालय को गांवों में चौपाल लगाकर मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान का संदेश देने के सुझाव दिए हैं, प्रशासन ने अभी तक इस सुझाव पर अमल नहीं किया है।

## बेटे से मारपीट करने व बाइक छीनने का लगाया आरोप

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोतीखेड़ा निवासी जगदीश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 25 वर्षीय बेटा राजू शुक्रवार शाम बाइक से गांव के एक युवक के घर गया था। जहां उस युवक ने बेटे से मारपीट की।

आरोप है कि उसने बेटे की बाइक भी छीन ली। घटना के बाद से बेटा अभी तक घर नहीं आया है। उसके फोन पर कई बार संपर्क किया गया लेकिन फोन बंद है। पीड़ित ने बेटे के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# डीएम और एसपी ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

अमेठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव शांत, सुरक्षित एवं निष्पक्ष वातावरण मे सम्पन्न कराये जाने हेतु शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाक्षेत्र मुंशीगंज के अन्तर्गत संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, । जिसके अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सेवई व उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहगढ़ में बने मतदान स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों, व डिजिटल वालेंटियर्स से वार्ता कर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने व कराने की अपील की गई ।

## डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों की देखी व्यवस्था

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज डीएम व एसपी ने विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत मॉडल प्राइमरी स्कूल सेवई तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहगढ़ का निरीक्षण कर वहां पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, फर्नीचर, शेड आदि मूलभूत व्यवस्थाओं को देखा तथा मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अब प्रतिद्वंद्वी बन गए एक-दूसरे के समर्थक, असमंजस में हैं वोटर

प्रकाश तिवारी, उन्नाव


साक्षी महाराज।


ब्रजेश पाठक।


अन्नू टंडन।


अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना महाराज'।

**अमृत विचार।** कहते हैं राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता है। यहां तो सभी थाली के बैंगन की तरह इधर-उधर होते रहते हैं। इसी क्रम में वर्ष-2014 में हुए लोकसभा चुनाव में चार प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशी जो उस समय एक-दूसरे पर तीखे शब्दभेदी तीर छोड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते थे वे आज एक-दूसरे के सपोर्टर बन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यही नहीं जो उस समय खुले मंच से प्रतिद्वंदी पर जमकर आरोपों-प्रत्यारोपों की झड़ी लगाते थे वे आज उनके पक्ष में वोट करने के लिये जिले की जनता से अपील करते नहीं थक रहे हैं। ऐसे में 10 साल पूर्व की स्थितियों को याद कर जिले का मतदाता असमंजस में है

जी हां हम बात कर रहे हैं वर्ष-2014 में हुए लोकसभा चुनाव की। इस चुनाव में जहां भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज जिले की राजनीति में पदार्पण कर अपना पहला चुनाव लड़ रहे थे। वहीं अरुण शंकर शुक्ल 'अन्ना महाराज' सपा और बसपा से पूर्व सांसद ब्रजेश पाठक अपनी किस्मत आजमा रहे थे। जबकि उस समय की सांसद रहीं अन्नू टंडन कांग्रेस की प्रत्याशी के रूप में थीं।

पीएम मोदी के नाम की आंधी के चलते संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने तब न सिर्फ अन्नू टंडन, बल्कि ब्रजेश पाठक व अन्ना महाराज को दरकिनार कर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजय दिलाई थी। बीते 10 वर्षों में भाजपा प्रत्याशी ने भले ही अपनी राजनैतिक निष्ठा नहीं बदली, लेकिन उनके प्रतिद्वंदियों में शामिल रहे बसपा व कांग्रेस के प्रत्याशी इस चुनाव में अपने नए दलों के लिए वोट मांग रहे हैं। यानी कांग्रेस के बजाए अन्नू टंडन अब सपा से मैदान में हैं। बसपा के उम्मीदवार राजनीतिक सफलता की सीढ़ियां चढ़कर प्रदेश के डिप्टी सीएम के तौर पर भाजपा प्रत्याशी को चुनावी वैतरणी पार कराने की जद्दोजहद कर रहे हैं। राजनैतिक व्यस्तताओं के बावजूद वे मोहान व भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल होकर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा चुके हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर लोगों से पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की अपील कर चुके हैं। सपा प्रत्याशी के तौर पर साइकिल चुनाव निशान के लिए वोट मांगते रहे अरुण शंकर शुक्ला इसी पार्टी की प्रत्याशी बनीं अन्नू टंडन को सफलता दिलाने की कवायद में जुटे हैं।

# मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



मतदाता जागरूकता रैली निकालतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

अमेठी

**अमृत विचार:** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा स्वीप के अंतर्गत जनपद में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शनिवार को विकास खंड-मुसाफिरखाना, भादर, भेटुआ, बहादुरपुर एवं संग्रामपुर में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के रैली निकालते हुये चुनावी स्लोगन एवं बैनर तख्ती के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने हेतु आमजन मानस को जागरूक किया गया तथा क्षेत्रीय निवासियों से चुनावी उत्सव में हिस्सा बनने हेतु अपील की गयी।

## मधुमक्खियों के हमले से किशोर घायल, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कलवारी निवासी गोगे का 16 वर्षीय बेटा रोजेश शनिवार को खेत जा रहा था। तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। इसमें किशोर गंभीर घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह मधुमक्खियों को भगाकर उसकी जान बचाई। बाद में परिजन किशोर को सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया

## वर्ग पहेली-53

**बाएं से दाएं**

3.1. मात्रा, परिणाम 2. तौल।

5. लानत, फटकार, धिक्कार।

6.1. चरित्रहीन पुत्र, नालायक बेटा, बुरे चाल-चलन वाला पुत्र 2. कुल को कलंकित करने वाला पुत्र।

7.1. एक प्रकार का पौधा जिसके चौड़े पत्तों पर कांटे होते हैं, थूहर 2. एक प्रकार का नेपाली बाजा 3. कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।

11. खेत नापने की एक इकाई, ज़मीन के माप बिस्वांसी का बीसवां हिस्सा।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्र होना।

2.1. कील के आधार पर घूमने वाला गोलाकार टुकड़ा, चकरघिन्नी 2. लकड़ी का एक खिलौना, चकई, फिरकी।

4.1. जोतने का काम करवाना 2. ऐसा काम करना जिससे घोडे

8.1. शोध-छात्र 2. शोध या अनुसंधान कार्य में लगा हुआ कोई व्यक्ति, (रिसर्चर)।

9.1. भीतरी, आंतरिक 2. अंतर्मन का।

10.1. फंसाने का फंदा, पाश 2. रस्सी का वह फंदा जिसमें गला फंसाने से दम घुटता है और आदमी मर जाता है 3. उक्त प्रकार से दिया जाने वाला प्राणदंड 4. कोई ऐसा संकटपूर्ण बंधन जिसमें प्राण जाने का भय हो या प्राण निकलने का-सा कष्ट हो 5. आफ़त, मुसीबत। (मु.) -चढ़ाना : (किसी को) मार देना, ख़तरे में झोंकना।



### वर्ग पहेली -52 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 हा | ■ | 2 भू | ■ | ■ | 3 अ |
| 4 क | ला | वं | त | ■ | ■ | हि |
| ला | ■ | ■ | का | ■ | ■ | ना |
| मे | ■ | ■ | 5 ली | 6 क | ■ | थ |
| पा | ■ | 7 व | न | च | र | ■ |
| क | ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 8 पु | रा | त | न | पं | थी |

## सुडोकू -132

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 8 | | | 6 | 9 | | |
| | 1 | | | | 4 | 5 | 2 | |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| | 5 | | 7 | | 8 | | | |
| | 9 | | | 2 | | 7 | | |
| | 4 | 9 | 6 | | | | 7 | |
| 6 | | 2 | 5 | | | 1 | | |
| | | | 8 | | 1 | | | |

### सुडोकू -131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.21 तक तत्पश्चात पंचमी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 29 अप्रैल 04.49 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज अपने सिद्धान्त को लेकर जड़ व्यवहार रखने से हानि हो सकती है। आप इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान खरीदने में धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कड़वाहट हो सकती है। नया कारोबार आज शुरू न करें। छात्र नए अनुभव और ज्ञान को सीखने में रुचि लेंगे।

**वृष** — आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों के प्रति अच्छा भाव रखना चाहिए। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी। हर कार्य में जल्दबाज़ी और लापरवाही से बचना चाहिए। फोन और इन्टरनेट पर कुछ समस्या हो सकती है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज व्यापार में आप बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। सहकर्मियों के साथ आपको काम करने में आसानी में होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आप घर की मरम्मत से जुड़े कार्य कर सकते हैं।

**कर्क** — आज किसी बड़े समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। समय रहते आप अपना काम पूर्ण करने का प्रयास करें। पिता के मार्गदर्शन से व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**सिंह** — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। घर में अशान्ति का माहौल हो सकता है। बच्चों पर गुस्सा निकालने से बचें। आज आपको तनाव से बचने के लिये योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

**कन्या** — आज कारोबार में सावधानी पूर्वक निवेश करें। कड़वे वचन बोलने से बचें। स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। आज आपको संतान के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्वास के रोग परेशान कर सकते हैं।

**तुला** — आज वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय रहेगा। महत्वपूर्ण काम आसानी से बनते जायेंगे। अधिकारियों की नजर में आपकी छवि मजबूत होगी। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। अपने करियर को लेकर नई योजना बनायेंगे।

**वृश्चिक** — आज आक्रामक भाषा शैली के कारण आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। किसी पर भी बहुत भरोसा न करें। रिश्तेदारों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। पूर्व में उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। भावुकता के बजाय बुद्धि से काम लें।

**धनु** — आज आपकी कार्यशैली में सुधार आयेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनायेंगे। अपनों से बड़ों का सम्मान करें। आप नया ज्ञान सीखने का प्रयास करेंगे। बाहरी विवादों का असर आपके पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है।

**मकर** — आज नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन सही नहीं है। स्वजनों की अनदेखी के कारण आपको बुरा लगेगा। आपके मान-सम्मान में कमी आ सकती है। भाग्य आज आपका साथ नहीं दे रहा है। इसीलिए आज आपको जोखिम भरे कार्यों से दूर रहना चाहिए।

**कुंभ** — आज राजनीति से जुड़े जातकों को बड़ा राजनीतिक पद मिल सकता है। बच्चों के साथ आज बहुत अच्छा समय बितायेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। साझेदारी में चल रहे व्यवसाय में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**मीन** — आज प्रेम संबंधों को लेकर विवाह में परिणित कर सकते हैं। बच्चों के जिद्दी व्यवहार से थोड़े परेशान रहेंगे। मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। अटके हुए काम समय पर पूर्ण होंगे। अचानक खर्चों में बढ़ोतरी होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सिंबा — सुबह : 11.18
रूस्तम — रात : 09.11

SONY PIX
द मास्क — सुबह : 10.56
2012 — शाम : 06.19

SONY MAX
नमस्ते लंदन — सुबह : 09.37
हिंदी मीडियम — शाम : 05.59

ZEE CINEMA
सीक्रेट सुपरस्टार — दोपहर : 12.05
मिशन रानीगंज — शाम : 06.00

colors CINEPLEX
डुप्लीकेट — सुबह : 10.49
दोस्ताना — रात : 08.35

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम :05.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर !टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

पत्नी :- आपको मेरी सुंदरता ज़्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति :- मुझे तो तेरी ये मज़ाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।

# मनुष्य प्रकृति का भाग



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे।

मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखण्ड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। समाचार माध्यम भी जब कब विश्व युद्ध की आशंका की बातें करते हैं। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं। विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिन्तता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है। विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है।

युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के ही अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चन्द्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है। हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने 'धर्म और समाज' में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, ''अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम युद्ध यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है।"

सम्पूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परम्पराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही हैं। डार्विन ने लिखा है, "मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।"

सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौन्दर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है।

प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी हैं। आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है। लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमण्डलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं।

सी.बी.जुंग ने अपनी पुस्तक 'मॉडर्न मैन इन सर्च ऑफ अ सोउ' 'में लिखा है, ''आधुनिक सभ्यता और मनुष्य उन्नति की चरम सीमा पर है। भविष्य में लोग उससे भी आगे निकल जाएंगे।" यह बात ठीक है कि वह एक युगव्यापी विकास का अंतिम परिणाम है। लेकिन साथ ही यह मानव जाति की आशाओं की दृष्टि से अधिकतम निराशाजनक भी है। आधुनिक मनुष्य को इसकी जानकारी भी है। उसने देख लिया है कि विज्ञान, शिल्प और संगठन कितने लाभकारी हैं और वे कितने विनाशकारी हो सकते हैं। ईसाई चर्च, मनुष्यों का भाईचारा, अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन और आर्थिक हितों की एकता सब के सब खोटे सिद्ध हुए हैं। मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो लगभग प्राणान्तक आघात पहुंचा है। परिणामस्वरुप मनुष्य अनिश्चितता में जी रहा है।

परिदृश्य चिन्ताजनक है। मनुष्य की वाह्य समृद्धि बढ़ी है। मनुष्य यंत्र हो रहा है। उसकी आत्मा खो गई है। वह खोई हुई आत्मा की पुनः प्राप्ति का प्रयास नहीं कर रहा है। भारत की प्राचीन सभ्यता में तमाम भौतिक अभावों के बावजूद मनुष्य आनंदित था। राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा थी। सभी रिश्तों में आत्मीयता थी। मनुष्य में मनुष्येत्तर प्राणियों और सम्पूर्ण जगत् के प्रति भी आत्मभाव था। भारत के मनुष्य की दृष्टि और जीवन की गतिविधि सामूहिक थी। सुख दुख सामूहिक थे। पर्व उत्सव सामूहिक उत्सव आनंद का स्रोत थे। परिवार आनंद मठ था। यत्र तत्र सर्वत्र आनंद था। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में जीवन का आनंद रस सूख गया है। आधुनिक सभ्यता द्वारा मनुष्य को नितांत व्यक्तिवादी और मशीन बनाया है।

वैदिक सभ्यता और संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को परिवार जाना गया है। वसुधैव कुटुम्बकम वैदिक संस्कृति का लोकप्रिय सूत्र है। विश्व के अणु और परमाणु के प्रति श्रद्धा और आदरभाव रहा है। शांति मानवता की प्यास है। वैदिक साहित्य में शांति को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। भारतीय समाज के चिन्तकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है। यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति भी शांत हों।" यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। शांति अशांति की अनुपस्थिति नहीं है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक।

विश्व तनाव में है। हिन्दुत्व परिपूर्ण जीवन दृष्टि है। पूरी जीवन दृष्टि आतंरिक आत्मीयता के आधार पर विकसित हुई है। धरती माता है। आकाश पिता है। जल माताएं हैं। जल से जीवन का उद्भव ऋग्वेद में उल्लिखित है। जलमाताओं ने ही संसार को जन्म दिया। नदियां माताएं हैं। सूर्य संरक्षक हैं। परोपकार और सदाचार उत्कृष्ट जीवन मूल्य हैं। दुख और वैराग्य के स्थान पर आनंद और प्रवृत्ति हैं। संसार त्याज्य नहीं है। संसार धर्म क्षेत्र, कर्म क्षेत्र है। जीवन कर्म प्रधान है। जीवन में पलायन का कोई भाव नहीं। वनस्पतियां भी प्रणाम के योग्य हैं। उन्हें देवता कहा गया है। वैदिक सभ्यता में विचार विविधता है। जीवन और जगत् को समझने के लिए पूर्व मीमांसा, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, बुद्ध और जैन 8 दर्शन हैं। भारतीय दर्शन किसी देवदूत की घोषणा नहीं है। आधुनिक सभ्यता की सभी विसंगतियों के उपचार हिन्दुत्व में हैं।

# सूरत: नोटा का गला घोंटा

> 4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है?



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भाजपा शासित प्रदेश और प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात के सूरत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गया और अति उत्साही निर्वाचन अधिकारी ने विजय का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया। मुख्य विपक्षी कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पत्र इस आधार पर खारिज किया गया कि उस पर प्रस्तावकों के हस्ताक्षर प्रथम दृष्ट्या गलत हैं। यानी निर्वाचन अधिकारी हस्तलेख विशेषज्ञ भी बन गए। स्पष्टतया यह प्रकरण चण्डीगढ़ मेयर चुनाव का द्वितीय और संशोधित संस्करण है, जिस पर सुप्रीमकोर्ट करारा न्यायिक तमाचा मार चुकी है। अगर यह मान भी लिया जाए कि नामांकन निरस्तीकरण सही है और बाकी सारे प्रत्याशियों की नाम वापसी के पीछे कोई दबाव नहीं है, सब को इकट्ठा ब्रह्म ज्ञान हो गया कि आओ नामांकन वापस ले लें, यह सूरत के हित में है, तो भी विजय प्रमाण पत्र जारी करना तो 100 प्रतिशत गलत है। इसके दो प्रबल कारण हैं। प्रथम तो यह कि देश भर के निर्वाचन प्रमाण पत्र निर्गत करने की तो तिथि निर्धारित है।

4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे-जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है? दूसरा कारण यह कि कोई प्रतिद्वन्द्वी मैदान में न होते हुए भी मतदान जरूरी था। अब नोटा भी एक विकल्प होता है। इस पर सुप्रीमकोर्ट की मोहर है कि नोटा भी मतदाता का अधिकार है। ऐसे में क्या यह सम्भव नहीं था कि सूरत के सारे वोट नोटा पर पड़ते और कमल पर एक भी उंगली न पड़ती। तर्क तो यह है ही। तब क्या भाजपा प्रत्याशी विजयी माना जाता? अथवा थोड़े वोट कमल को मिलते किंतु नोटा के वोटों की संख्या ज्यादा होती? तब क्या होता? नोटा पर अभी कानून बहुत स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में काफी कुछ कोर्ट के फैसले पर निर्भर करता, किंतु यहां तो निर्वाचन अधिकारी ने गजब ही कर दिया। मतदान का समय ही नहीं दिया। नोटा और इस रूप में उस जनता के अधिकारों का गला घोंट दिया गया, जो नोटा का विकल्प चुनती। मोदी है तो मुमकिन है।

सुप्रीमकोर्ट में नोटा को लेकर एक जनहित याचिका पड़ गई है, जिसमें सूरत का प्रकरण भी संदर्भित है। अदालत ने याचिका विचारार्थ स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग से नोटा विषयक कानून की जांच कर जवाब दाखिल करने को कहा है। देखिये आगे क्या होता है। आशा है कि इस बार नोटा के बारे में कुछ धुंधलका और छटेगा तथा स्थितियां साफ होंगी। शायद सूरत पर भी कुछ आदेश हो जाए।

# दूसरे चरण में भी कम मतदान के मायने



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर शाम सात बजे तक 60.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 95 सीटों पर 67.6 प्रतिशत मतदान हुआ था आंकड़ों की बात करें तो सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 78.6 प्रतिशत और सबसे कम उत्तर प्रदेश में 54.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं मणिपुर में 77.2 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.1 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.8 प्रतिशत, असम में 70.8, जम्मू और कश्मीर में 71.6, केरल में 65.3, कर्नाटक में 67.3, राजस्थान में 63.9, मध्य प्रदेश में 56.8, महाराष्ट्र में 54.3 और बिहार में 54.9 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया।

वोट करने के लिए लोगों के घरों से बाहर नहीं निकलने को लेकर राजनीतिक दलों को साथ-साथ चुनाव आयोग की भी चिंता बढ़ा दी है। खासकर हिंदी भाषी राज्यों में तो मतदाता वोटिंग को लेकर जैसे नीरस हो गए हैं। इससे पहले 2014 और 2019 में अच्छी-खासी तादाद में लोगों ने वोट किया था, लेकिन इस बार मतदाताओं में वो जोश देखने को नहीं मिल रहा है। कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में भी महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई, केरल में दोहरे अंकों में गिरावट देखी गई, जिनमें से सबसे बड़ी गिरावट वडकारा में 18.24 प्रतिशत थी। इसी तरह, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में मतदान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, राजस्थान के अजमेर जिले में 14.89 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों ने इस गिरावट की प्रवृत्ति का अनुसरण किया, जिससे पूरे मंडल में चुनावी व्यस्तता में व्यापक कमी की पुष्टि हुई। किसी भी राज्य में मतदान प्रतिशत में वृद्धि नहीं दिखी है, जो कि चुनाव के इस चरण में मतदाताओं की कम भागीदारी की एक राष्ट्रव्यापी प्रवृत्ति को उजागर करता है। इन राज्यों में भी कम वोटिंग फेज-2 में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान हुआ और कम मतदान का सिलसिला इस चरण में भी जारी रहा। ऐसे 11 राज्यों-असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में शाम 5 बजे तक उत्तर प्रदेश में मतदान सबसे कम रहा, इसके बाद बिहार का स्थान रहा। दोनों राज्यों में लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। इसके विपरीत, त्रिपुरा और मणिपुर में मतदान प्रतिशत सबसे अधिक-75 प्रतिशत से अधिक रहा। पहले चरण में भी दोनों राज्यों में अपेक्षाकृत अधिक मतदान हुआ। चुनाव और राजनीतिक रूप से सजग कहे जाने वाले बिहार में भी इस बार मतदाता वोट को लेकर काफी नीरस दिख रहे हैं। पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है। वहीं चुनाव में विपक्षी पार्टियों की कम सक्रियता से भी कम वोटिंग प्रतिशत को जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं आजकल के चुनाव में फिजिकल प्रचार की बजाय सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल भी वोटिंग ट्रेंड को कम कर रहा है।

मतदान प्रतिशत में आई बड़ी गिरावट को लेकर राजनीतिक जानकारों का एक तर्क ये भी है कि भाजपा द्वारा दिए स्लोगन 'अबकी बार 400 पार' और 'तीसरी बार मोदी सरकार' जैसे नारों ने देशभर में ऐसा सेनेरियों बनाया है कि मानों भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इससे मतदाताओं के मन में ऐसा भाव पैदा हुआ कि जब एक पार्टी को जीतना ही है तो मतदान करें या न करें, क्या फर्क पड़ेगा। इसकी दूसरी वजह विपक्षी दलों द्वारा चुनाव प्रचार में उत्साह की कमी को भी माना जा रहा है।

# डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान चारों मनोस्थितियों से हम वाकिफ हैं, लेकिन इनकी परिभाषा को एक बार फिर से जान लेने में कोई हर्ज नहीं है। डर किसी ख़तरे या ख़तरे को समझने या पहचानने की प्रतिक्रिया स्वरूप एक अप्रिय मौलिक भावना है। इसके ठीक विपरीत लोभ किसी प्रिय या अभिलषित की प्राप्ति की संभावना में एक चहेती मौलिक भावना है। ये दोनों भावनाएं मूलतः पाशविक हैं और विकास की शुरुआत से ही आ जाती हैं। कर्तव्य बोध मानव के विकास और फलतः सामाजिक होने पर आता है। यह सामान्य रूप से कुछ कार्य करने की प्रतिबद्धता का बोध है जो किन्हीं खास परिस्थितियों में अपेक्षित है। कर्तव्य बोध डर और लोभ दोनों का नियामक हो सकता है। निचले स्तर के पशुओं में यह भावना शायद ही पायी जाती है। ज्ञान वस्तुस्थिति को सतही और गंभीर रूप में समझ सकने की स्थिति है। डर, लोभ और कर्तव्य को भी ज्ञान के चलते समझा जा सकता है और उचित प्रतिक्रिया की जा सकती है। यह मानव विकास के उच्च स्तर पर होता है। धर्म सामाजिक इंजिनीयरिंग का वह उपादान है जो डर, लोभ, कर्तव्य बोध और ज्ञान के सम्मिश्रण और बहुधा संश्लेषण से बनता है। ध्यातव्य है कि धर्म में आवश्यक रूपेण इन चारों भावनाओं का समावेश होता है। केवल डर और लोभ से धर्म नहीं बनता, अन्यथा जानवर भी धार्मिक होते। उसी तरह केवल कर्तव्य बोध या शुद्ध ज्ञान धर्म नहीं बना सकते। मानव समाज में अनेक धर्म प्रचलन में हैं। उनमें फर्क इस बात को लेकर है कि उपर्युक्त चारों तत्वों का सम्मिश्रण किस अनुपात में है।

इस विवेचना से इशारा मिलता है कि व्यक्ति के कर्मों के प्रतिदान में हर धर्म ने डर और लोभ को स्थान क्यों दिया है जब कि ज्ञान के आधार पर उन्हें स्थापित नहीं किया जा सकता। इससे यह भी पता चलता है कि कोई भी धर्म केवल इथिक्स या दर्शन क्यों नहीं है। यह भूलने की बात नहीं है कि विज्ञान को उपादेयता से कोई मतलब नहीं होता, केवल ज्ञान से मतलब होता है। लेकिन इंजिनीयरिंग को उपादेयता से भी मतलब होता है। चूंकि धर्म सोशल इंजिनीयरिंग का उपादान है, तो इसमें केवल ज्ञान ही नहीं उपादेयता पर भी ध्यान रखा गया है। केवल विज्ञान के सहारे न तो धर्म को समझा जा सकता है और न उसकी स्थापना हो सकती है।

# लोकतंत्र: सबसे बड़ी विरासत



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राष्ट्रीय-जीवन की अविच्छिन्न परंपरा ने हमको सबसे बड़ी विरासत दी है, वह लोकतंत्र ही है। और इस विरासत की रक्षा करना हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लोकतंत्र को आगे बढ़ाना हमारा सबसे बड़ा दायित्व है। हम शिक्षा-क्षेत्र में हैं या साहित्य के क्षेत्र में हैं, हम न्याय के क्षेत्र में हैं या उद्योग-व्यापार के क्षेत्र में हैं, हम प्रशासन में हैं या राजनीति में हैं अथवा पत्रकारिता में हैं, लोकतंत्र के मार्ग की बाधाओं को दूर करने के लिए हमें आगे बढ़ना ही होगा।

लोकतंत्र केवल राजनैतिक-प्रणाली ही नहीं है, लोकतंत्र जीवन की एक प्रणाली है, एक संपूर्ण जीवन-दर्शन है। लोकतंत्र की यह परिभाषा सही नहीं है कि आप एक दिन वोट दे कर पांच साल तक आराम करते रहें। यदि जनता का प्रतिनिधि (चुने जाने के बाद) जनता की आवाज को दबाने की भूमिका निभा रहा है, जन विरोधी निर्णय में भागीदार है। तो जनता को अपने प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए? जनता मकानमालिक है, प्रतिनिधि किरायेदार है। किरायेदार मकान को ध्वस्त करता रहे और मकानमालिक से कहे कि पांच साल बाद दूसरा किरायेदार रख लेना। फिर दूसरा किरायेदार भी मकान को क्षति पंहुचाए और कहे कि पांच साल तक चुप रहो। यह लोकतंत्र की कुत्सित व्याख्या है। लोकतंत्र जनता को जो अधिकार देता है, वह क्षणिक नहीं है, वह सतत है, निरंतर है। अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है, रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है फिर भी हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामन्ती-मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हो, कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। ऐसा कौन सा दल है, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। जिस दिन पारदर्शिता और राष्ट्रीय निर्णयों में जन की भागीदारी हो जाएगी, उस दिन कोई भी संकल्प मुश्किल नहीं होगा। लेकिन अभी तो प्रत्येक दल सुप्रीमो का मुखापेक्षी बना हुआ है।

# जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, बरेली

> जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा।

जनसंख्या वृद्धि की समस्या आज केवल भारत की नहीं अपितु एशिया के अधिकांश देशों की प्रमुख समस्या बन गई है। जनसंख्या वृद्धि के कारण आज विश्व के सम्मुख अभाव, बेकारी, बीमारी, निर्धनता, प्राकृतिक प्रकोप, शारीरिक, मानसिक विकृतियां आदि गंभीर रूप धारण करती जा रही हैं जो मानव विकास के साथ-साथ संपूर्ण विश्व के विकास के लिए भी घातक है। भारतीय समाज में अत्यधिक जनसंख्या के कारण बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिससे सरकारी योजनाएं कुछ ही समय तक कारगर रहती हैं उसके बाद वह असफल हो जाती हैं क्योंकि वर्तमान जनसंख्या को ध्यान में रखकर ही योजनाएं बनाई जाती हैं। कुछ समय बाद जब जनसंख्या अधिक बढ़ जाती है तो वह योजना भी कारगर सिद्ध नहीं होती जिसके कारण भ्रष्टाचार, सामाजिक, आर्थिक असमानता में वृद्धि, सरकारी तंत्र के प्रति अविश्वास एवं विभिन्न प्रकार के संघर्षों में भी वृद्धि होने लगती है। जनसंख्या वृद्धि विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक विपत्तियों का मूल कारण है जिसके कारण अत्यधिक पर्यावरण प्रदूषण एवं असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

वर्तमान में भारत को विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का गौरव प्राप्त हुआ है जिससे भारत में जनसंख्या विस्फोट जैसी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ्यगत, शैक्षिक, बेरोजगारी, बेकारी, भुखमरी, प्राकृतिक, पर्यावरण संबंधी आदि अनगिनत समस्याएं जनसंख्या वृद्धि के कारण ही उत्पन्न हो गई हैं जो मानव अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो सकती हैं।

किसी भी राष्ट्र के निर्माण एवं आर्थिक विकास हेतु वहां की जनसंख्या महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है साथ ही उस देश के आर्थिक विकास का उस देश की जनसंख्या पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इस तरह जनसंख्या तथा आर्थिक विकास के बीच प्रत्यक्ष एवं परस्पर संबंध होता है। प्रत्येक देश का उत्पादन स्तर, आर्थिक विकास की दर, राष्ट्रीय तथा प्रति व्यक्ति आय, देश में उत्पादक क्रियाओं का संचालन, रहन-सहन का स्तर आदि सभी दशाएं उस देश की जनसंख्या के आकार, गठन एवं वितरण आदि पर निर्भर करती हैं। यद्यपि आर्थिक विकास में प्राकृतिक संसाधनों तथा पूंजी की मात्रा का भी विशिष्ट योगदान होता है परंतु यह आर्थिक विकास के निर्जीव साधन है। मानव ही वह शक्ति है जो इन संसाधनों को अपनी कार्य-कुशलता तथा बौद्धिक क्षमता द्वारा उचित दिशा में गतिशील कर इनका अनुकूलतम उपयोग करती है तथा विकास का मार्ग प्रशस्त करती है इसीलिए जनसंख्या एवं आर्थिक विकास दोनों प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से एक दूसरे को प्रभावित करते हैं परंतु किसी भी राष्ट्र को अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि से होने वाली विभिन्न समस्याओं से भी निरंतर दो-चार होना पड़ता है।

यदि क्षेत्रफल की दृष्टि से देखा जाए तो भारत विश्व के सात बड़े देशों में रूस, कनाडा, चीन, अमेरिका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 'सातवें' स्थान पर है और जनसंख्या की दृष्टि से 'प्रथम' स्थान पर है। भारत की जनसंख्या चीन की तुलना में 2.9 मिलियन ज्यादा हो गई है। 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' ने इसके आंकड़े भी जारी कर दिए हैं। भारत दुनिया का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत में 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है। यू. एन. ने पिछले साल इन आंकड़ों का दावा किया था। भारत की आबादी वर्तमान में 142.86 करोड़ पहुंच गई है जबकि चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है।

भारत एक विकासशील देश है और भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या केवल आर्थिक विकास में ही बाधक नहीं है बल्कि देश की अनेक समस्याओं का भी मूल कारण है। भारत के पास अभी भी समय है कि वह जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने हेतु विभिन्न उपायों का सख्ती से पालन करें और भारत के नागरिकों में जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा। समय के सदुपयोग के साथ मनोरंजन भी होगा जिससे लोगों का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य सही रहेगा और धन की भी बचत होगी। यह कदम पर्यावरण के साथ-साथ देश के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

# जरूरी है बौद्धिक संपदा की रक्षा



तपन कुमार
एमजेपीआरयू, बरेली

डिजिटल युग में, फोटोग्राफी पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गई है। उच्च गुणवत्ता वाले कैमरों से लैस स्मार्टफोन के प्रसार ने व्यक्तियों के लिए छवियों को कैप्चर करना और साझा करना आसान बना दिया है। हालांकि, इस पहुंच ने फोटोग्राफरों की बौद्धिक संपदा का दोहन भी किया है। बहुत से लोग उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों के लिए इंटरनेट ब्राउज़ करते हैं, उन्हें डाउनलोड करते हैं, और मूल रचनाकारों की अनुमति या मुआवजे के बिना उनका उपयोग करते हैं।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के व्यक्तिगत फोटोग्राफरों और समग्र रूप से क्षेत्र दोनों के लिए दूरगामी परिणाम हैं। जब व्यक्ति बिना अनुमति या उचित एट्रिब्यूशन के तस्वीरों का उपयोग करते हैं, तो वे मूल रचनाकारों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। चोरी का यह कार्य न केवल फोटोग्राफर के काम की मान्यता और मूल्य को कम करता है, बल्कि अपने शिल्प से आजीविका कमाने की उनकी क्षमता को भी कम करता है। इसके अलावा, उचित एट्रिब्यूशन की अनुपस्थिति फोटोग्राफरों को उनके कलात्मक प्रयासों के लिए मान्यता से वंचित करती है और उनके पेशेवर विकास में बाधा डालती है।

यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि तस्वीरों के अनधिकृत उपयोग सहित बौद्धिक संपदा की चोरी अवैध है और कानून के तहत दंडनीय है। रचनाकारों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके काम के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए कई देशों में कॉपीराइट कानून मौजूद हैं। ये कानून फोटोग्राफरों को अपनी तस्वीरों को पुनः पेश करने, वितरित करने, प्रदर्शित करने और लाइसेंस देने के लिए विशेष अधिकार प्रदान करते हैं। इन अधिकारों का कोई भी अनधिकृत उपयोग या शोषण कॉपीराइट उल्लंघन के बराबर है।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, आम जनता में फोटोग्राफरों के अधिकारों और उनके काम का सम्मान करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। जिम्मेदार उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्तियों को यह समझने की आवश्यकता है कि तस्वीरें लेने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं और बिना अनुमति के किसी और के काम का उपयोग करना उनके अधिकारों का उल्लंघन है।

फोटोग्राफर स्वयं अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठा सकते हैं। वे अपने स्वामित्व का दावा करने और अनधिकृत उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए वाटरमार्क, मेटाडेटा और डिजिटल अधिकार प्रबंधन उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, फोटोग्राफरों को अपने कानूनी संरक्षण को मजबूत करने और स्वामित्व का एक स्पष्ट रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए प्रासंगिक कॉपीराइट अधिकारियों के साथ अपने काम को पंजीकृत करने पर विचार करना चाहिए।

## एक नजर

### ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा सख्त रखने के निर्देश

**प्रतापगढ़ अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पूरे केशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। शनिवार को डीएम जब स्ट्रांग रूम पहुंचे तो विधानसभावार मतदान के दिन प्रयोग की जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन की साफ-सफाई एवं टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा था। ईवीएम और वीवीपैट का रेंडमाइजेशन सोमवार तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट के रजिस्टरों को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### करंट की चपेट में आकर अधेड़ झुलसा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गौरवा गांव में शनिवार की दोपहर घर की खराब बिजली बनाने के लिए ट्रांसफार्मर के पोल पर चढ़कर बिजली बनाते समय अचानक विद्युत आपूर्ति शुरू हो जाने पर करंट की चपेट में आकर अधेड़ गंभीर रूप से झुलस गया मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है हलिया थाना क्षेत्र के गौरवा गांव निवासी 55 वर्षीय अनिल घर की खराब बिजली के तार को ठीक करने के लिए आपूर्ति बंद होने पर ट्रांसफॉर्मर के पोल पर चढ़कर बिजली का तार बना रहा था कि अचानक विद्युत आपूर्ति शुरू हो जाने पर अधेड़ करंट की चपेट में आकर विद्युत पोल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार समेत दो की मौत

## शादी समारोह से देर रात वापस लौट रहे थे घर, रामवनगमन मार्ग पर हुआ हादसा

कुण्डा प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** बाघराय के भटपुरवा भाव गांव निवासी 23 वर्षीय शिवम शर्मा पुत्र राम कैलाश शर्मा अपने मित्र 17 वर्षीय प्रिंस शर्मा पुत्र रिंकू शर्मा के साथ अपने घर से बाइक से शादी समारोह में शामिल होने शुक्रवार की देर शाम प्रयागराज के भगौतीपुर श्रृंगवेरपुर गया हुआ था। शादी समारोह में शामिल होने के बाद देर रात दोनों घर लौट रहे थे कि बिहार पुलिस चौकी के समीप शकरदहा मोड़ पर जेठवारा की ओर से मिट्टी लादकर रामवनगमन मार्ग पर कार्य में लगी डम्पर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक दूर जा गिरे व बाइक भी छतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुचे एसओ बाघराय निकेत भारद्वाज व चौकी प्रभारी बिहार लालजी राम दोनों युवकों को सीएचसी बाघराय ले गए। जहां चिकित्सकों ने बाघराय भटपुरवा भाव निवासी शिवम शर्मा व प्रिंस शर्मा को मृत घोषित कर दिया।

### काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से कटकर महिला की मौत

▸▸ **हादसे के बाद आधे घंटे खड़ी रही पंजाब मेल ट्रेन**

**रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन से कट कर एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। शव पड़ा होने के कारण अमृतसर से हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल एक्सप्रेस भी आधे घंटे तक ट्रैक पर खड़ी रही।

पुलिस के शव हटाने के बाद ट्रेन रवाना हुई। रानीगंज के धनुहा गांव निवासी नितीश सरोज की 26 वर्षीय पत्नी निशा सरोज का घर वालों से किसी बात को लेकर शनिवार को दोपहर में विवाद हो गया। इससे नाराज होकर निशा घर से निकल पड़ी। शाम करीब चार बजे लखनऊ वाराणसी रेल मार्ग पर रामापुर रेलवे फाटक से कुछ दूर वाराणसी से दिल्ली जा रही काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। इसके बाद काशी विश्वनाथ ट्रेन प्रतापगढ़ की ओर चली गई। थोड़ी देर बाद अमृतसर से हावड़ा जा रही पंजाब मेल एक्सप्रेस आ गई। ट्रैक पर शव पड़ा होने के कारण पंजाब मेल एक्सप्रेस ट्रेन करीब आधा घंटे तक घटनास्थल के पहले खड़ी रही। सूचना पर फतनपुर पुलिस,आरपीएफ पहुंची और ट्रैक से शव को हटाया। इसके बाद पंजाब मेल ट्रेन वाराणसी की ओर रवाना हुई। मृतका के भाई राहुल ने बताया कि मेरी बहन से घर वालों का किसी बात को लेकर विवाद हुआ था,कॉल गई थी, अब उसकी लाश मिली है। उसे आए दिन प्रताड़ित किया जाता था। मृतका की शादी तीन साल पहले हुई थी,उसके छह माह की एक बेटी भी है। एसओ फतनपुर अभिषेक सिरोही ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन के टक्कर से बाइक चालक की मौत

हलिया (मिर्जापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चैकी अंतर्गत मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 नैडी कठारी ओवर ब्रिज पर शनिवार की सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिससे बाइक चालक की घटना स्थल मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा 108 पर दिया मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी दीपक यादव व पायलट बीरेंद्र कुमार ने गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे बरौंधा चैकी प्रभारी जयशंकर राय ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के पाल बदउवा गांव निवासी 25 वर्षीय सूरज कोल गांव निवासी 27 वर्षीय अजय के साथ बाइक से शुक्रवार की शाम संतनगर बारात में गये थे कि शनिवार को लौटते समय जैसे ही मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 नैडी कठारी ओवर ब्रिज पर पहुंचे कि तेजगति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में धक्का मार दिया जिससे बाइक चालक सूरज कोल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर युवक को तड़पता हुआ देखकर राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा वाहन पर दिया मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी दीपक यादव व पायलट बीरेंद्र कुमार ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे चैकी प्रभारी बरौंधा जयशंकर राय ने मृत बाइक चालक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर मृत युवक के परिजन भी पंहुच गये क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस ने अभिरक्षा में खड़ा कराया है।इस संबंध में चैकी प्रभारी बरौंधा जयशंकर राय ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई है ।

### दर्शनार्थियों से भरी ऑटो में ट्रक ने मारी टक्कर ,महिला की मौत

**रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** भक्ति धाम मनगढ़ से दर्शन कर वापस लौट रहे दर्शनार्थियों की ऑटो में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सवार एक महिला की मौके पर मौत हो गई। हादसे में घायल सात लोगों को पुलिस ने इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर किया गया।

जौनपुर के मड़ियाहूं से ऑटो रिजर्व कर आठ लोग भक्तिधाम मनगढ़ दर्शन करने के लिए गए थे। दर्शन कर शनिवार भोर में वापस लौट रहे थे। रायबरेली जौनपुर हाईवे पर रानीगंज के दादूपुर मोड़ के पास एक ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। जिससे टेंपो में सवार 28 वर्षीय शालिनी जयसवाल पत्नी किशन जायसवाल निवासी चोरारी थाना मड़ियाहूं,जौनपुर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका पति 32 वर्षीय किशन, ससुर रामलाल,सास उर्मिला बहन पूनम बहनोई शिवकुमार सहित आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने इलाज के लिए घायलों को ट्रामा सेंटर रानीगंज भेजवाया।

### चिमनी गिरने से झुलसकर अधेड़ की मौत

**राजगढ़, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्रांतर्गत बृजेश विश्वकर्मा उर्फ डॉक्टर पुत्र सोमारू निवासी ग्राम कुड़ी थाना राजगढ़ 45 वर्ष के ऊपर मिट्टी के तेल से भरी हुई चिमनी/बट्टा गिर जाने के कारण उनके शरीर में आग लग गई। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थानाध्यक्ष राजगढ़ मय पुलिस बल से साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर परिवारीजनों कि मदद से बृजेश को सीएचसी राजगढ़ ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरान्त जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बृजेश की मृत्यू हो गयी। थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जें में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार, कहा नहीं करेंगे वोट



मतदान के बहिष्कार के पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**कौशांबी, प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं ने प्रत्याशियों के खिलाफ अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर आवाज उठाना शुरु कर दिया है। कौशांबी के सिराथू विधानसभा क्षेत्र के लोहंदा गांव के रहने वाले ग्रामीणों ने शनिवार को वोट का बहिष्कार करते हुए जमकर नारे बाजी की और वोट न करने का फैसला लिया। सिराथू विधानसभा के लोहंदा गांव के रहने वाले ग्रामीणों ने शनिवार को मतदान के खिआफ आवाज बुलंद करते हुए बिजली, पानी नहीं, तो वोट नहीं का बैनर लगाकर जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि बिजली, सड़क, पानी, नाली, खड़ंजा जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। बिजली पानी नहीं तो वोट नहीं। चुनाव बहिष्कार की सूचना से प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। सिराथू एसडीएम महेंद्र श्रीवास्तव ने मौके पर तहसीलदार समेत अन्य अफसरों को भेजकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया और मतदान करने की अपील किया है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में गोगहर के चार बच्चे चयनित, हुए पुरस्कृत



छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राएं सम्मान पत्र के साथ।

**कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार :** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के गोगहर वार्ड स्थित संविलियन विद्यालय गोगहर के चार बच्चों ने राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति योग्यता परीक्षा में सफल हुए। शनिवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव ने चयनित बच्चों युवराज गुप्ता, नितिन सरोज,अर्पिता यादव, अदिति यादव को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। विद्यालय के अलावा परीक्षा की अलग से नि :शुल्क तैयारी कराने वाले शिक्षक दिनेश तिवारी को भी रामचरितमानस,अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। बच्चों को पुरस्कृत करते हुए विनोद यादव ने कहा कि शिक्षा से ही देश का विकास संभव है। इस अवसर पर सभासद उर्मिला यादव,प्रधानाध्यापक कमलेश शुक्ला, शिक्षक राजेश्वरी त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, सजनलाल,अनीता देवी, शिक्षामित्र शोभा देवी,प्रभात सिंह आदि उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में 125 छात्रों का चयन



रोजगार मेले में आए बेरोजगार व कंपनियों के प्रतिनिधि।

**शाहगंज जौनपुर अमृत विचार :** नगर के पक्का पोखरा स्थित बसंती देवी आईटीआई में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया । । मेले में लगभग 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 125 छात्रों का इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया गया। सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज सिटी ने रोजगार मेले की व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्थान के निदेशक दिवाकर मिश्र ने दूरदराज से आए छात्रों की हौसला आफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी । स्वागत जेसीआई शाहगंज सिटी के अध्यक्ष रामअवतार और आभार सचिव वीरेंद्र जायसवाल ने किया। संचालक की भूमिका विकास जायसवाल ने निभाई इस अवसर पर डॉ अनामिका मिश्र, भाजपा महामंत्री देवी प्रसाद चौरसिया, दीपक सिंह, ईश नारायण मिश्र, राजेश यादव, सुरेंद्र प्रजापति, अजीम, अजय, रत्न भंडारी आदि उपस्थित रहे।

### वाहन अनियंत्रित होकर पलटा, एक की मौत, चार घायल



दुर्घटनाग्रस्त वाहन के पास जमा भीड़।

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना अन्तर्गत शुक्रवार बीती रात को इमलिया चट्टी बारात से होकर घर को वापस लौटते समय रास्ते में अहरौरा थाना क्षेत्रांतर्गत सरसवा पेट्रोल पंप के पास एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराकर पलट गया। जिसमें आयूष राज पुत्र अरविंद सिंह, अशोक सिंह पुत्र जोखन, बब्बे पुत्र डिप्पन, राहुल पुत्र ओमप्रकाश व राजेश्वर सिंह पुत्र चेतनारायण समस्त निवासीगण बैरमपुर थाना अहरौरा घायल हो गए। सूचना पर अहरौरा मय पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज हेतु सीएचसी अहरौरा ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा घायल आयूष राज उम्र लगभग 22 वर्ष ग्राम सभा बैरमपुर पंचायत मित्र उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया। थाना अहरौरा पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जें में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिकोण से मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने मतदान केंद्रों पर पंहुचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया है। जिस मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। एसडीएम ने प्राथमिक विद्यालय बोकरिया मतदान केंद्र पर पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।इसके बाद कंपोजिट विद्यालय पगार मतदान केंद्र पर पहुंचे प्राथमिक विद्यालय चितागं मतदान केंद्र पर पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया है। इस संबंध में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के अनुसार मतदान केंद्रों पर बनाए गए बूथों पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल, शौचालय,छाया, विद्युत आपूर्ति,संचार व्यवस्था साफ सफाई व्यवस्था होना चाहिए। छानबे विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं के लिए खंड विकास अधिकारी छानबे डा हरिओम गुप्ता,हलिया डा राजीव कुमार शर्मा को मतदान केंद्रों का शत प्रतिशत मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

### पाठ्यक्रमों में हो नागरी लिपि का उपयोग-: पूर्व कुलपति



नागरी लिपि के विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष।

**जौनपुर अमृत विचार :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में नागरी लिपि परिषद की बैठक शनिवार को हुई । जिसमें नागरी लिपि परिषद पूर्वांचल विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष डॉ ब्रजेश कुमार यदुवंशी को बनाया गया । बैठक की अध्यक्षता नागरी लिपि परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति डॉ पीसी पतंजलि ने किया । इस मौके उन्होने कहा कि नागरी लिपि का प्रयोग पूरी दुनिया में हिंदी संस्कृत के साथ अन्य भारतीय भाषाओं के लेखन के लिए उपयोग किया जा रहा है । नागरी लिपि के प्रचार प्रसार के लिए शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। नागरी लिपि के वैज्ञानिकता को लेकर शिक्षण संस्थानों में कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएगी। टंकण की दृष्टिकोण से नागरी लिपि परिषद शिक्षक एवं छात्रों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । नागरी लिपि परिषद अपने स्थापना दिवस की स्वर्ण जयंती भी मना रही है। लिपि को जरूरत के हिसाब से पाठ्यक्रमों में भी उपयोग में लाया जाएगा । इस अवसर पर प्रो अविनाश पार्थिडेकर , प्रो बीडी शर्मा, डॉ अवधेश यादव ,डॉ वीरेंद्र, डॉ दिलीप मौजूद रहे।

# गुंडाटैक्स न देने पर बदमाशों ने बोला धावा, भागा ठेकेदार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** नैनी के डांडी इलाके में शुक्रवार को कुछ नकाबपोश बदमाशों ने ठेकेदार के घर पर धावा बोल दिया। गनीमत रही की मौके पर ठेकेदार मौजूद नहीं था। बदमाशों ने मकान में रहे केयरटेकर को धमकाते हुए वहां से चले गये। पूरी घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। शुभम त्रिपाठी पुत्र स्व. केशव प्रसाद त्रिपाठी निवासी युसूफपुर, रारा, मंझनपुर, कौशाम्बी के रहने वाले हैं। वह ठेकेदारी करते हैं। शुभम के मुताबिक उन्होंने 2021 में अपने चार अन्य सहयोगियों के साथ डांडी, नैनी में 1173. 14 वर्गमी. भूमि का बैनामा मारतण्डेय सिंह पुत्र स्व संतोष सिंह से कराया है। उस जमीन पर 7 फिट की बाउन्ड्री वॉल व 1 कमरा बनाया हुआ है। शुभम के मुताबिक लिखापढ़ी में उसका नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। शुभम ने बताया कि वह कौशाम्बी जिले का रहने वाले है। जिस कारण अपने जमीन की देख-रेख के लिये अपने रिश्तेदार अखिलेश कुमार मिश्र निवासी डांडी को दिया है। उन्होंने बताया कि जिस पर दारा सिंह पुत्र स्व मोती व उसके दो पुत्र रोहित व मोहित निवासी डांडी व उसका दामाद महेश भारतीया निवासी धनुहा, नैनी उस जमीन पर कब्जा करना चाहते है। इसको लेकर कई बार सड़को पर रोकर जान से मारने की धमकी भी दी गयी। भुक्तभोगी ने बताया कि उस भूमि को खाली करने के लिए 25 लाख रूपये की रंगदारी मांगी जा रही है। न देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना थाना प्रभारी नैनी को लिखित तौर पर दिया लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नही की गयी। नैनी इंस्पेक्टर यशपाल सिंह का कहना है कि मामले की जाँच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी, यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

### पत्नी से कहासुनी के बाद लगाई आग

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुखड़ा गांव में शुक्रवार की देर रात में अधेड़ ने किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी करने के बाद अपने शरीर में आग लगा लिया। ग्रामीणों ने आग को बुझाते हुए 108 पर सूचना दिये मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा से अधेड़ को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के सुखड़ा गांव निवासी 50 वर्षीय मुन्नू अली ने शुक्रवार की देर रात में पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी करने के बाद अपने शरीर में आग लग लिया जिससे अधेड़ गंभीर रूप से झुलस गया।

# डीएम ने नामांकन कक्षों का किया निरीक्षण

प्रयागराज



नामांकन कक्ष का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले नामांकन को लेकर बनाये गये कक्ष का शनिवार कोजिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कड़ा निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नामांकन के लिए बनाये गये नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कोर्ट कक्ष एवं मुख्य राजस्व अधिकारी कक्ष में बनाये गये नामांकन कक्ष की साफ-सफाई, प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने नामांकन कक्ष में आने-जाने वाले रास्ते व सुरक्षा के दृष्टिगत करायी जा रही बैरिकेटिंग या को देखा। कलेक्ट्रेट परिसर व परिसर के बाहर कचहरी रोड़, लक्ष्मी चौराहा, कचहरी चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, लगायी गयी बैरिकेटिंग व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, उपजिलाधिकारी करछना जागृति अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बोलेरो पलटने से श्रमिक की मौत

हलिया, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 भैसौड़ वलाय पहाड़ गांव में शनिवार की सुबह बैंड बाजा बजाकर लौट रहे श्रमिकों से भरी बोलोरो वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर से टकराने से बोलोरो वाहन का चक्का निकल जाने पर बोलोरो वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई। जिससे बोलोरो वाहन में सवार एक श्रमिक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि चालक समेत चार श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना एंबुलेंस सेवा वाहन 108 पर दिया जिस पर मौके पर पंहुची दो एंबुलेंस सेवा वाहन से घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज लेकर आये जहां पर घायलों का उपचार किया गया है।

मौके पर पंहुची पुलिस ने मृत श्रमिक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मध्यप्रदेश के लोढी गांव निवासी छठीलाल पाल के पुत्र विनोद पाल की बरात हलिया थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव निवासी रमाशंकर पाल के यहां आई थी बरात में बैंड बाजा बजाने के लिए हनुमना निवासी बोलोरो चालक कौशल विश्वकर्मा के साथ बैंड बाजा पार्टी के श्रमिक हनुमना के भगतपुर गांव निवासी 30 वर्षीय सूर्यभान व लोढी निवासी 40 वर्षीय तीर्थ साकेत व 45 वर्षीय शंकर साकेत ,40 वर्षीय शुभ नारायण व 25 वर्षीय संजय के साथ बारात हलिया थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव में आये थे कि बारात विदा होने के बाद बोलोरो वाहन से घर लौट रहे थे कि बोलोरो वाहन जैसे ही मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 भैसौड वलाय पहाड़ गांव में पंहुची कि बोलोरो वाहन का चक्का राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर से टकरा गया, जिससे बोलोरो वाहन का एक चक्का बाहर निकल गया और बोलोरो वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई जिससे बोलोरो सवार श्रमिक सूर्यभान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पायलट अरुण व एंबुलेंस सेवा वाहन 108 ड्रमंडगंज के ईएमटी दीपक यादव व पायलट बीरेंद्र कुमार ने घायलों को उपचार के लिए नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंड गंज लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने घायलों का उपचार किया है।

### चट्टान से टकराई ट्रक, चालक व खलासी घायल

**अहरौरा, मिर्जापुर, अमृत विचार।** अहरौरा थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्ति नगर मुख्य मार्ग पर हनुमान घाटी में सरिया लदी ट्रक का ब्रेक फेल होने से रोड के किनारे बने चट्टानों में जा टकराई जिसमें चालक खलासी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहुल माली पुत्र केशव प्रसाद 27 वर्ष निवासी राजा बाजार थाना महाराजगंज जौनपुर त्रिलोकी यादव पुत्र विनोद यादव 26 वर्ष नई बाजार थाना सदर कोतवाली जौनपुर। जानकारी के अनुसार ट्रक पर सरिया लाद कर फैजाबाद को जा रहा था जैसे ही अहरौरा थाना क्षेत्र के हनुमान घाटी में पहुंचा की ढलान से उतरते ही ब्रेक फेल होने से गाड़ी पत्थर के चट्टानों पर जा टकराई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन शैलेंद्र यादव और पायलट शशिकांत ने तुरंत घायलों को एंबुलेंस में शिफ्ट कराया और अहरौरा सीएससी में लाकर भर्ती किया जहां पर घायलों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया जा रहा है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस भी कार्रवाई में जुट गई।

# आकाश की सभा में रुपये बांटने के आरोपी पर मुकदमा

**कौशांबी, प्रयागराज, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर और मायावती के भतीजे आकाश आनंद कि शुक्रवार को आयोजित हुई सभा में रुपये बांटने के मामले मे संदीपन घाट पुलिस ने जिलाध्यक्ष समेत दो के खिलाफ आचार संहिता के उलंघन के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

कौशांबी के मूरतगंज में शुक्रवार भी बसपा की रैली आयोजित की गयी थी। यह रैली बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम के पक्ष में हुई थी। जिसमें बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद भी रैली करने के लिए मूरतगंज पहुंचे थे। जहां के वायरल वीडियो में एक युवक सभा में पहुंचे लोगों को पैसे बांटते नजर आया। वहीं आकाश आनंद बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम के पक्ष में रैली करने चल मूरतगंज पहुंचे।

जहां बसपा जिला अध्यक्ष महेश चौधरी, रत्नेश, विजय ने वोटरों को लुभाने के लिए रुपये बांटने लगे। जिसकी वीडियो वायरल होने पर मामले को दमएम ने संज्ञान में ले लिया।डीएम राजेश कुमार राय ने एसडीएम चाइल्ड योगेश कुमार गौड़ को यह जांच सौंपी है। मामले में फ्लाइंग स्क्वायड टीम मेंबर सी सूबेदार यादव ने संदीपन घाट में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में सीओ चायल मनोज कुमार रघुवंशी ने बताया कि एक राजनीतिक दल की रैली में रुपए में नोट बांटने का मामला सामने आया है। जिसकी जांच की जा रही है।

प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

**कांग्रेस नेता ने कहा कि जब मैं देश- विदेश में करता हूँ प्रतापगढ़ की तारीफ, यहां के सांसद के कारण झुक जाता है मेरा सिर**

# जनता ने सरकार को बदलने का कर लिया निर्णय : प्रमोद

प्रतापगढ़



प्रबुद्ध सम्मेलन में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक राम सिंह पटेल।

**अमृत विचार :** सपा (इंडी. गठबंधन) लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में हादीहाल में शनिवार को प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहाकि लोकसभा के दो चरणों के मतदान में आइएनडीआईए आगे है। कहा कि देश की जनता यह निर्णय कर चुकी है कि इस अंहकारी सरकार को बदल देगी।

प्रमोद तिवारी ने भाजपा सांसद और प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता पर सवाल उठाते हुए तंज कसा। उनकी योग्यता से लेकर सांसद के रूप में जनपद में कराए गए विकास कार्यों के बारे में पूछा। कहा कि जब मैं देश- विदेश में प्रतापगढ़ की तारीफ करता हूं तो यहां के सांसद के कारण मेरा सिर झुक जाता है। सांसद अपने कार्यकाल में खुद के प्रयास से जिले के विकास के लिए एक योजना न ला सके,यह असफलता है। जैसा यहां का सांसद है, वैसे प्रधानमंत्री, वैसा ही मुख्यमंत्री है। इनको जनता की चिंता नहीं है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि अब तक के हुए लोकसभा के दो चरणों के चुनाव में सात प्रतिशत कम मतदान हुआ है। वोट न करने वाले ऐसे मतदाता हैं, जो भाजपा के समर्थक है, विरोध में नहीं जा सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि केंद्र से भाजपा की सरकार जा रही है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र के मायने समझाए। कैसे युवाओं को, महिलाओं को सलाना एक-एक लाख रुपये दिया जाएगा। एक महीने में 30 लाख नौकरी देने की घोषणा को दोहराया। विशिष्ट अतिथि पट्टी विधायक राम सिंह पटेल एवं पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव ने कहा कि जनपद से चार सांसद होने पर यह प्रदेश में नया एक कीर्तिमान होगा। कहा कि प्रमोद तिवारी, इमरान प्रतापगढ़ी राज्यसभा सदस्य हैं। अब प्रतापगढ़ से डा. एसपी सिंह पटेल और कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज को सांसद बनाकर एक नया इतिहास रचना है। प्रतापगढ़ लोकसभा के सपा प्रत्याशी डा. एसपी सिंह पटेल ने भाजपा पर आरोप लगाया कि यह सरकार लोकतंत्र के चारों स्तंभों को कमजोर कर रही है। अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के संयोजक महेन्द्र नाथ दुबे,संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय ने किया।

### परिषदीय स्कूलों और मदरसों का समय बदला

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अत्यधिक गर्मी को देखते हुए कक्षा आठ तक के स्कूलों व मदरसों का समय बदल दिया गया है। सौमवार से सुबह साढ़े सात से दिन में एक बजे तक स्कूल चलेंगे। यह नौनिहालों के लिए ये राहत की खबर है। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कक्षा एक से कक्षा आठ तक के परिषदीय स्कूलों व मान्यता प्राप्त स्कूलों का समय बदल दिया गया है। अब परिषदीय विद्यालय 29 अप्रैल से सुबह 7 : 30 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक खुलेंगे। अभी तक यह सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक खुल रहे थे। मदरसों के समय में भी परिवर्तन कर दिया गया है।

# कांग्रेस के सामने भाजपा के किले को भेदने की चुनौती

**विधानसभा उप चुनावः लखनऊ पूर्वी** 

## दोनों ही नए चेहरे होने से हो सकता है कड़ा मुकाबला

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानसभा लखनऊ पूर्व सीट पर करीब तीन दशक से भगवा परचम लहरा रहा है। तमाम प्रयास के बाद भी विरोधी दल भाजपा की इस सीट को फतह करने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में इस बार भी उपचुनाव में इंडी गठबंधन प्रत्याशी के लिए जीत दर्ज कर पाना बेहद कठिन चुनौती होगी। फिलहाल भाजपा ने ओपी श्रीवास्तव और कांग्रेस ने मुकेश चौहान जैसे नए चेहरों पर विधानसभा उप चुनाव में दांव लगाया है। खास बात यह है कि दोनों प्रत्याशी पहली बार किसी बड़े चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। विधान सभा लखनऊ पूर्व में भाजपा ने 1991 से जीत का सिलसिला जारी रखा है और 2022 चुनाव में 59.40 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं। 32.7 प्रतिशत वोट हासिल कर सपा दूसरे नंबर पर रही थी। इससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी को 24.71 प्रतिशत वोट मिले थे। बीते आंकड़े बता रहे हैं कि बीजेपी को हराने के लिए सपा और कांग्रेस को बड़ा उलटफेर करना होगा।

लखनऊ पूर्वी सीट पर बीजेपी के भगवती शुक्ला ने साल 1991 में पहली बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद से बीजेपी यहां से कभी नहीं हारी। साल 2014 के विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी के आशुतोष टंडन ने सपा प्रत्याशी जूही सिंह को 26,495 वोटों से हराया था। साल 2017 के चुनाव में भी आशुतोष टंडन ने सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी अनुराग भदौरिया को 79,230 वोटों से करारी शिकस्त दी थी। साल 2022 में फिर सपा प्रत्याशी अनुराग भदौरिया को 68,731 वोटों से हराया। आशुतोष टंडन के निधन के बाद होने वाले उपचुनाव में बीजेपी ने ओपी श्रीवास्तव, जबकि कांग्रेस ने इस्माईलगंज प्रथम से दो बार के पार्षद मुकेश सिंह चौहान को टिकट दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी लगातार सपा का समर्थन हासिल होने का दावा कर रहे हैं। लेकिन सपा की तरफ से अब तक तस्वीर साफ नहीं की गई है। नामांकन के दौरान भी सपा और गठबंधन के अन्य दलों के कोई नेता दिखाई नहीं दिए।

● लखनऊ की इस विधान सभा सीट को विरोधी दल 1991 से जीतने में रहे हैं असफल


ओपी श्रीवास्तव


मुकेश चौहान

### विधान सभा चुनाव 2022 में किसको मिले कितने वोट




### पिछले चुनाव में कांग्रेस को मिले थे 1.74 प्रतिशत वोट

लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस के लिए बीजेपी से लड़ना आसान नहीं होगा। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज तिवारी को महज 1.74 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि बीजेपी प्रत्याशी को 59 .40 प्रतिशत वोट मिला था। ऐसे में कांग्रेस को सपा और अन्य दल का कितना समर्थन मिलता है। यह जीत और हार तय करेगी। ऐसा होने के बाद गठबंधन और बीजेपी के बीच टक्कर संभव है। क्योंकि दोनो की प्रत्याशी नए चेहरे है और जनता किसे चुनती है यह तो 20 मई की वोटिंग तय करेगी।

### 2012 में केवल पूर्वी सीट पर ही जीत हासिल की थी

परिसीमन के बाद 2012 के चुनाव में महोना सीट को खत्म करके बीकेटी व लखनऊ उत्तर नई सीट बनी थी। जिसके चलते लखनऊ पूर्व विधान सभा के क्षेत्र का भी परिवर्तन हुआ था। सपा में अखिलेश यादव की सक्रिय राजनीति की शुरुआत का यह पहला चुनाव था। ऐसे में प्रदेश में सपा का जोर तो था, लेकिन अटल का गढ़ रहे लखनऊ में भाजपा का दबदबा बना रहने के कयास लग रहे थे। वर्ष 2007 में आठ में से शहर की चार सीटों पर जीती भाजपा के लिए कहा जा रहा था कि 2012 में भी पार्टी को बहुत नुकसान नहीं होगा, लेकिन हुआ उल्टा। 2012 में नौ में से सात सीटों पर सपा ने जीत दर्ज कराई। सिर्फ लखनऊ पूर्व सीट पर भाजपा से वरिष्ठ नेता कलराज मिश्र और कैंट से कांग्रेस से रीता बहुगुणा जोशी ने जीत दर्ज कराई। वहीं, लखनऊ पश्चिम, मध्य की परंपरागत सीट भी भाजपा ने खो दी।

# काव्य गोष्ठी के बहाने स्मृति को किया प्रस्तुत

अमेठी/गौरीगंज

**अमृत विचारः** शनिवार की देर शाम नगरपालिका के माधवपुर वार्ड में काव्य गोष्ठी के बहाने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की चुनावी सभा कराई गई। कार्यक्रम का आयोजन हाल ही में भाजपा ज्वाइन करने वाले विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाई मुकेश प्रताप सिंह और विधायक के समर्थकों ने किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह कार्यक्रम में पूरे समय मौजूद रहे और अपने समर्थकों के साथ केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक जुट होकर मतदान का संदेश दिया।

भाजपा कार्यालय की ओर से शनिवार को माधवपुर में शाम सात बजे से काव्य गोष्ठी में स्मृति ईरानी के बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर काव्य गोष्ठी जैसा कुछ भी नहीं दिखा।कवि दूर दूर तक नहीं नजर आए। कार्यक्रम में विधायक राकेश प्रताप सिंह के समर्थक प्रधान,बीडीसी और नगर के अन्य नागरिक मौजूद रहे। राकेश प्रताप सिंह ने एक एक करके सबसे स्मृति ईरानी का स्वागत कराकर अपने जनाधार की ताकत दिखाई।

स्मृति ईरानी कार्यक्रम में लगभग 8.15 बजे पहुंची। उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र व अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक जंगबहादुर सिंह , अमरनाथ पासी,नवनीत मिश्र, जगदेव मौर्य, केशव सिंह आदि मौजूद रहे।

### गांधी परिवार पर बोला हमला

स्मृति ईरानी ने यहां भी कांग्रेस और गांधी परिवार को निशाने पर लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए कमल का बटन दबाकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील की।कवि बुद्ध सेन शर्मा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को प्रगति शील किसान रणांजय सिंह,मो सुल्तान सिद्दीकी, राकेश मटियारी आदि ने संबोधित किया।

# नेहरू और इंदिरा की बराबरी कर सकते हैं मोदी

- लगातार तीसरी बार एक ही सीट से जीत का बना सकते हैं रिकॉर्ड
- सबकी नजर एक बार फिर वाराणसी लोक सभा सीट पर
- 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने 4,79,505 मतों के अंतर से जीता था चुनाव

चुनाव डेस्क, लखनऊ



**अमृत विचारः** दुनिया के सभी छोटे-बड़े देशों की नजर एक बार फिर भारत की सांस्कृतिक राजधानी बनारस पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतिहास दोहराने के लिए वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में दावेदार हैं इस बार पीएम मोदी के निशाने पर तीन रिकॉर्ड हैं। पहला रिकॉर्ड है वाराणसी सीट से जीत की हैट्रिक। इससे पहले दो सांसद ही यहां से जीत की हैट्रिक लगा सके हैं। इसके अलावा मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह यूपी के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं। बतौर प्रधानमंत्री नेहरू फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकॉर्ड बनाया था।

वाराणसी शहर को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, 'दीपों का शहर, भगवान शिव की नगरी, 'ज्ञान नगरी' जैसे कई नामों से संबोधित किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की धरती कहे जाने वाले वाराणसी संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें रोहनियां, वाराणसी नॉर्थ, वाराणसी साउथ, वाराणसी कैंट और सेवापुरी सीट शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर बीजेपी गठबंधन को जीत मिली थी, 4 सीट बीजेपी के खाते में गई थी तो एक सीट अपना दल (एस) के पास गई थी। वाराणसी सीट से नरेंद्र मोदी के चुनाव लड़ने की वजह से देश की टॉप सीट है।

2019 के संसदीय चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट से नरेंद्र मोदी बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे, मोदी के सामने समाजवादी पार्टी की ओर से शालिनी यादव मैदान में थीं तो कांग्रेस ने अजय राय को मैदान में उतारा। चुनाव एकतरफा रहा था और पीएम मोदी ने 479,505 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया था। पीएम नरेंद्र मोदी को चुनाव में 674,664 वोट मिले थे जबकि शालिनी यादव को 195,159 वोट आए तो वहीं अजय राय को 152,548 वोट मिले। वाराणसी सीट पर कुल 1,060,829 वोट पड़े थे।

इससे पहले 2014 के चुनाव में भी नरेंद्र मोदी ने यहीं से चुनाव लड़ा था। वाराणसी सीट पर इस चुनाव में मोदी को 581, 022 वोट मिले थे जबकि उनके सामने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल मैदान में थे, केजरीवाल को 209,238 वोट मिले थे, मोदी ने यह चुनाव 371,784 मतों के अंतर से जीत लिया और इस जीत के बाद देश के प्रधानमंत्री भी बने। 2009 के चुनाव में बीजेपी के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को जीत मिली थी। उन्होंने बसपा के उम्मीदवार और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को कड़े मुकाबले में 17,211 मतों से हराया था। चुनाव में अजय राय सपा के टिकट पर मैदान में थे और तीसरे स्थान पर रहे थे।

### सपा-बसपा का नहीं खुला खाता

● बनारस शहर संस्कृतियों के संगम के लिए जाना जाता है। देशभर की संस्कृतियां काशी में रच-बसी हैं। अलग सोच और अलग अंदाज में जीने वाले बनारसियों ने सबसे ज्यादा लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा कांग्रेस और भाजपा का साथ दिया है। यहां से सात-सात बार भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। बनारस यूपी की उन लोकसभा सीटों में एक है, जहां सपा या बसपा ने कभी जीत हासिल नहीं की।

### जनता लहर में कांग्रेस बुरी तरह हारी

1971 के चुनाव के बाद और अगले चुनाव से पहले देश ने आपातकाल का दौर देखा। आपातकाल खत्म हुआ तो 1977 में फिर से चुनाव हुए। जनता लहर में कांग्रेस बुरी तरह हारी। वाराणसी सीट भी पार्टी ने गंवा दी। यहां कांग्रेस के राजा राम को भारतीय लोक दल के चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से करारी हार झेलनी पड़ी। 1980 के लोकसभा चुनाव एक बार फिर कांग्रेस ने वाराणसी सीट पर वापसी की। यहां कांग्रेस की तरफ से उतरे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने पार्टी को जीत दिलाई। उन्होंने जनता पार्टी (सेक्युलर) के प्रत्याशी राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की।

### मुख्तार अंसारी ने भी लड़ा था चुनाव

28 मार्च को बांदा में मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उनके सियासत की भी चर्चा इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश में है . पांच बार विधायक रहे मुख्तार अंसारी ने भी 2009 लोकसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर वाराणसी से चुनाव लड़ा था। 2009 चुनावी परिणाम में मुरली मनोहर जोशी ने 17211 वोट से मुख्तार अंसारी को हराकर जीत हासिल की थी। ऐसे में कहा जाता है की इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए बीजेपी को काफी जोर लगाना पड़ा था।

### ये भी हैं मैदान में

2024 में वाराणसी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एक बार फिर नरेंद्र मोदी के सामने चुनावी मैदान में है तो वहीं बसपा की ओर से सैयद नियाज अली अपना जोर अजमा रहे हैं। यहां मतदान सातवें चरण में होगा।


अजय राय


सैयद नियाज अली

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| नरेंद्र मोदी | 6,74,664 |
| शालिनी यादव | 1,95,159 |
| अजय राय | 1,52,548 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 |
| एएपी | अरविंद केजरीवाल | 209,238 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 |
| बसपा | विजय प्रकाश जयसवाल | 60,579 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रघुनाथ सिंह/त्रिभुवन नारायण | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957व 62 | रघुनाथ सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | सत्य नारायण सिंह | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी |
| 1971 | राजाराम शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | चन्द्रशेखर | जनता पार्टी |
| 1980 | कमलापति त्रिपाठी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | श्यामलाल यादव | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | अनिल शास्त्री | जनता दल |
| 1991 | श्रीश चंद्र दीक्षित | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98 व 99 | शंकर प्रसाद जयसवाल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | राजेश कुमार मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |

**2014 नोटा** 2,051 | **2019 नोटा** 4,037

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | मुरली मनोहर जोशी | 203,122 |
| बसपा | मुख्तार अंसारी | 185,911 |
| सपा | अजय राय | 123,874 |
| कांग्रेस | राजेश कुमार मिश्र | 66,386 |

**2024**

- कुल मतदाता - 19,62,948
- पुरुष - 10,65,485
- महिला - 8,97,328
- अन्य - 174




# चार बार के चैंपियन के सामने प्रशिक्षु राजनीतिक खिलाड़ी का दांव

## चुनावी अखाड़े में दोनों खिलाड़ियों पर मतदाताओं की नजर

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** गोंडा जिले के राजनीतिक पितामह कहे जाने वाले कुंवर आनंद सिंह का बेटा भी अब धोबी पछाड़ में चैंपियन बन चुका है। राजनीतिक दांवपेंच की बारीकी परख रखने वाले पिता की बराबरी कर चुके भाजपा के दिग्गज खिलाड़ी कीर्तिवर्धन सिंह चार बार के चैंपियन रह चुके हैं और पांचवीं बार मैदान मारने को लेकर चुनावी दंगल के हर दांव की परख रखते हैं। उनके सामने विरासत की राजनीति की निकली कोपल को दिग्गज खिलाड़ी का सामना करना पड़ा रहा है। इस प्रशिक्षु खिलाड़ी के पास कितने कारगर दांव हैं और अभी कितना सीखना है यह लड़ने वाले दिन पता चलेगा। लेकिन पीछे से शाबाशी देने वाले उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं।

जी हां हम बात कर रहे हैं 59-लोकसभा क्षेत्र गोंडा की। देश की 73 साल की राजनीति में गोंडा सीट पर 40 साल तक सिर्फ एक ही परिवार का बर्चस्व रहा है। मनकापुर कोट की खोक से जन्मी राजनीति को सीखने, जीने व उसी में सम्मिलित होने की कला राज परिवार में है। 1971 में जब कुंवर आनंद सिंह के राजमहल पर आकर इंदिरा गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए आनंद सिंह की पीठ थपथपाई थी। तो आनंद सिंह ने भी इंदिरा गांधी की बात का मान रखा और गोंडा लोकसभा सीट जीत कर उनकी झोली में डाल दिया।

राष्ट्रीय आपात के कारण यह सीट 1977 में उनके हाथ से खिसक गई, लेकिन जिस राजनीति का जन्म किसी राजघराने से होता था उसी दांव को चलकर आनंद सिंह ने 1980 में दोबारा वह सीट जीत ली। इतना ही नहीं वह लगातार तीन कार्यकाल तक सांसद रहे और उनकी दखल राष्ट्रीय राजनीति में होने लगी। इसका असर यह रहा कि विधानसभा चुनावों में जिन पर उनका बरदहस्त होता था वह सीट जीत जाता था। 1989 में उन्हें राजनीतिक पितामह की संज्ञा दी जाने लगी। उसी राजनीति की कोख से उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह का उदय हुआ। अपने पिता की राह पर चलते हुए कीर्तिवर्धन सिंह ने दो बार सपा तो दो बार भाजपा से चुनावी जंग जीत चुके हैं। सपा में रहकर भाजपा को हराया और भाजपा में रहकर सपा को मात दी। ऐसे में शह मात दोनों के पैंतरे उनके पास हैं और इन्हीं पैंतरों तथा पिता से सीखी पैंतरे को साथ लेकर वह पांचवीं बार चुनावी अखाड़े में हैं। उनके सामने राजनीति के पितामह बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा जिसने राजनीति में अभी अभी कदम रखा है और बिना प्रशिक्षण लिए ही चार बार के पहलवान के सामने लड़ने को भेज दिया गया है। राजनीतिक घराने से होने के नाते थोड़ी बहुत राजनीति की जानकार को स्वयं अखाड़े में मुकाबला करना है। घर वाले व चाहने वाले अखाड़े के बाहर रखकर शाबाश कहकर उत्साह तो अवश्य बढ़ा सकते हैं लेकिन लड़ाई तो खिलाड़ी को ही लड़नी होगी। इसके पहले श्रेया वर्मा न तो विधायक रहीं और न सांसद। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं वह भी देश के सबसे बड़े सीट के लिए।



### अपनी ढपली अपना राग


पहले की सरकार आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थीं। अब देश में कोई भी पटाखा फूटता है तो पाकिस्तान भी सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं। -योगी आदित्यनाथ


राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले अब वोट मांगने के लिए राम मंदिर का दौरा कर रहे हैं, जो भगवान को धोखा देने के अलावा व कुछ नहीं है। -स्मृति ईरानी


जो-जो काम समाजवादी पार्टी ने शुरू किए थे, उन सभी कामों को भाजपा ने बंद करा दिया। आज युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। -अखिलेश यादव


सरकार ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देकर जो सम्मान दिया है, उसके बाद अब किसानों की बारी है। ऐसा वोट डालिए कि लखनऊ व दिल्ली में सबको पता चल जाए। -चारू चौधरी

### सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा ने रामजस कालेज से किया है ग्रेजुएट

सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा समाजवादी पार्टी के खांटी नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री हैं। उन्होंने शुरुआती पढ़ाई वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून से की है। इसके बाद अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा जब कांग्रेस सरकार में केंद्रीय मंत्री थे उनके साथ रहकर दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कालेज से अर्थशास्त्र से बीए आनर्स किया। युवा महिला नेता होने के साथ वह अपने पिता राकेश वर्मा के 2022 के चुनाव में कमान संभाल चुकी हैं।

### कीर्तिवर्धन सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय से की है एमएससी

कीर्तिवर्धन सिंह भी उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण की है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी व एमएससी की परीक्षा पास की है। वह चार बार सांसद रह चुके हैं। 1998 व 2004 में सपा से सांसद रह चुके हैं। 2014 व 2019 में भाजपा से भी वह दो बार सांसद रह चुके हैं। वह 2014 में अनुमान समिति, बाद में विज्ञान और प्रोद्योगिकी, पर्यावरण एवं वन संबंधी स्थाई समिति के सदस्य रहे हैं। रक्षा मंत्रालय सलाहकार समिति का सदस्य भी उन्हें बनाया गया था।

### सपा और भाजपा के उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

पांचवें चरण में होने वाले गोंडा लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले ही दिन भाजपा उम्मीदवार ने दो तथा सपा उम्मीदवार ने चार सेटों में परचे भी खरीद लिए हैं। नामांकन व जांच के बाद दोनों अधिकृति प्रत्याशी घोषित होते ही टकराव के लिए मैदान में दिखेंगे।

## चुनावी चक्कर

● **सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो :**

वाराणसी में लोकतंत्र को मजबूत बनाने और मतदाताओं को जागरूक करने, स्वच्छता को संस्कार में शामिल करने के लिए नमामि गंगे काशी क्षेत्र के वेदपाठी बटुकों ने लोगों को जागरूक किया। वे हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे। सदस्यों ने शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'। 'हम सबने यह ठाना है, शत-प्रतिशत मतदान कराना है'। 'सब मिलकर मतदान करेंगे स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करेंगे'। 'लोकतंत्र का यह आधार , वोट कोई न हो बेकार' आदि स्लोगन और नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक ने कहा कि हमारे पास मतदान के रूप में सुअवसर है। भारत में समृद्धिशाली, आत्मनिर्भर व राष्ट्र को समर्पित सरकार बनाने का, आइए हम एक ऐसी सरकार का चयन करें जो राष्ट्रीय सुरक्षा को बल देने वाली हो। जो बिजली-सड़क-पानी की अच्छी व्यवस्था देने वाली हो। जिस पर माताओं बहनों को विश्वास हो सके। जो किसानों की चिंता कर सके, गरीबों की सुध ले सके। कहा कि हमें ऐसी सरकार चुननी है जो हमारी राष्ट्रीय, सांस्कृतिक ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत का सम्मान करने व उसे आगे बढ़ाने वाली हो एवं जिसका नेतृत्व सक्षम, कर्मठ एवं इमानदार हो। मतदान करना सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है। सभी को लोकतंत्र के इस पर्व का भागीदार बनना चाहिए। कितना भी जरूरी समय क्यों न हो . मतदान के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान काशी क्षेत्र के संयोजक, महर्षि योगी विद्यालय के वेदपाठी बटुक व क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।



# 'झारखंड झुकेगा नहीं' कमल भी खिलने से रुकेगा नहीं

**कब कहां मतदान**

13 मई– सिंहभूम, पलामू, लोहरदगा, खूंटी।
20 मई – हजारीबाग, कोडरमा, चतरा।
25 मई – रांची, जमशेदपुर, धनबाद, गिरीडीह।
01 जून– राजमहल, दुमका और गोड्डा।

**सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा 14 में 12 सीटें जीतने का पिछला इतिहास दोहरा सकती, लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो कई सीटें गंवा सकती**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचारः** झारखंड में प्राकृतिक संसाधन और खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है, फिर भी इसे बेरोजगारी, गरीबी और बुनियादी ढांचे के विकास की कमी जैसे सवालों से जूझना पड़ता है। राज्य में सबसे बड़ी आबादी आदिवासियों की है, इस कारण यहां की कुल 14 लोकसभा सीटों में पांच एसटी वर्ग और एक सीट एससी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव यहां चार चरणों में हुआ था। इस बार भी राज्य में जमीनी जटिलताएं देखते हुए चार चरणों में 13 मई से पहली जून तक वोट डाले जाएंगे। पिछले एक दशक में भाजपा की लोकसभा चुनाव की सफलता छोड़ दें, तो यहां कोई भी राजनीतिक दल राजनीति में अपना दबदबा कायम नहीं कर पाया है। 2019 के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 12 सीटें जीती थीं।

लेकिन 2019 में ही विधानसभा चुनाव कांग्रेस, आरजेडी और झामुमो गठबंधन जीत गया था। इस तथ्य के साथ ही हाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने की घटना ने 2024 के लोकसभा चुनाव को और जटिल तथा अप्रत्याशित बना दिया है। राज्य में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में है। इक्का-दुक्का सीटों पर भाकपा, माकपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवार तीसरा कोण बनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

**2019 का दलीय जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 11 | 76,23,987 |
| कांग्रेस | 01 | 23,38,466 |
| झामुमो | 01 | 17,22,635 |
| आजसू | 01 | 6,48,277 |

**2014 में किसे कितने वोट**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 12 | 52,07,439 |
| जेएमएम | 02 | 12,05,031 |
| कांग्रेस | 00 | 17,24,740 |
| आजसू | 00 | 4,81,667 |

**वोट शेयर – 2019**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 51% |
| कांग्रेस | 15.6% |
| झामुमो | 11.5% |
| आजसू | 4.3% |

**वोट शेयर – 2014**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40.1% |
| कांग्रेस | 13.5% |
| झामुमो | 9.3% |
| आजसू | 3.7% |

**12** सीटें पिछली बार राज्य में एनडीए ने जीती थीं



### कल्पना सोरेन चुनाव जीतकर संभालेंगी राज्य की कमान?

- झारखंड में होने वाले गांडेय विधान सभा सीट के उप चुनाव में झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को उतारने का फैसला लिया है। भाजपा ने गांडेय सीट के उपचुनाव में प्रदेश मंत्री दिलीप कुमार वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2019 में गांडेय विधानसभा के चुनाव में झामुमो के डॉ. सरफराज अहमद ने जीते थे। लेकिन बदली राजनीतिक परिस्थितियों में उन्होंने चार माह पहले विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

### भाजपा ने इस बार खेला है ओबीसी कार्ड

- इस बार भाजपा ने राज्य में ओबीसी वोटर को अपनी ओर करने की पूरी कोशिश की है। माना जा रहा है कि भाजपा के रणनीतिकारों ने अगड़े वोटों पर अपनी स्वभाविक हिस्सेदारी मान कर पिछड़ों को लुभाने के प्रयास किया है। यही वजह है कि सामान्य सीटों पर भी ओबीसी प्रत्याशी को प्राथमिकता दी है।

### धनबाद में भी नए प्रत्याशियों में संघर्ष

- धनबाद लोकसभा सीट पर भी दोनों नए चेहरे टकराएंगे। यहां कांग्रेस की अनुपमा सिंह और भाजपा के ढुल्लू महतो के बीच संघर्ष है। इस सीट पर भाजपा ने अपने सांसद पीएन सिंह का टिकट काटकर बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व मंत्री और मजदूर नेता राजेन्द्र सिंह की बहू और विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को उतारा है।



### अर्जुन मुंडा के सामने फिर कालीचरण

खूंटी लोकसभा सीट पर रोचक चुनावी जंग हो रही है। यहां भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में यह सीट 1,445 मतों के मामूली अंतर से जीती थी। उनको एक बार फिर भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के भाई कालीचरण मुंडा कांग्रेस से टक्कर देंगे।

### हजारीबाग और चतरा सीट पर नए चेहरों के बीच मुकाबला

- हजारीबाग सीट जिसका प्रतिनिधित्व कभी पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और बाद में उनके बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने किया। इस बार भाजपा ने सांसद जयंत सिन्हा की जगह स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है। जयंत सिन्हा ने 2019 में कांग्रेस के गोपाल साहू को 4 .79 लाख वोटों के अंतर से हराकर ये सीट जीती थी। यहां कांग्रेस ने जय प्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। इसी तरह चतरा सीट से भाजपा ने सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर कालीचरण सिंह को उतारा है। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार बनाया है। वह पहली बार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं।

### चंपई सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे मोहंती

- जमशेदपुर में भाजपा ने विद्युत वरन महतो को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में चंपई सोरेन को तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से हराया था। इस बार झामुमो ने यहां से बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती को मुकाबले में उतारा है। भाजपा ने लोहरदगा सीट से सांसद सुदर्शन भगत की जगह राज्यसभा सदस्य समीर ओरांव को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा के लिए उनका कार्यकाल तीन मई को खत्म हो रहा है। कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है।



## दुमका से आठ बार के सांसद शिबू सोरेन इस बार मैदान में नहीं

- लोकसभा चुनाव से दो माह पहले झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय ने भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो नेता चंपई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने। लोकसभा चुनाव का मोर्चा पार्टी के साथ हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने संभाल रखा है। उनकी ही अगुवाई में 21 अप्रैल को रांची में इंडिया गठबंधन दलों की रैली हुई थी। हालांकि उनकी भाभी सीता सोरेन झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होकर दुमका सीट से चुनाव लड़ रही है। दुमका शिबू सोरेन की पारंपरिक सीट रही है। वे आठ बार यहां से सांसद रहे हैं। इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। सीता सोरेन का मुकाबला करने के लिए झामुमो ने अपने वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नलिन सोरेन को दुमका में उतारा है।
- झामुमो ने 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा देकर हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों के साथ हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के मुद्दे पर चुनावी अभियान छेड़ दिया है। झामुमो नेता सभाओं में हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेताओं पर साजिश का आरोप लगा रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने आदिवासियों की जमीनें हड़पी हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण की योजनाएं लेकर आए हैं। इसके साथ ही वह मोदी सरकार की उलब्धियां गिनाते हैं।
- फिलहाल राज्य में चुनावी अभियान अभी 13 मई को मतदान वाली सीटें छोड़कर बाकी जगह बहुत गति नहीं पकड़ पाया है। लेकिन इतना स्पष्ट है कि पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए हेमंत सोरेन बड़ा मुद्दा बन चुके हैं। ऐसे में भाजपा अगर हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे को जनता को समझा पाने में सफल हो भी जाती है तो उसकी चुनावी संभावनाओं पर कोई बड़ा फर्क नहीं आने वाला है। पार्टी 14 में 12 सीटें जीतने का पुराना इतिहास दोहरा सकती है। लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो भाजपा कई सीटें गंवा भी सकती है।



### रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय कांग्रेस से देंगी टक्कर

- रांची सीट पर भाजपा ने एक बार फिर सांसद संजय सेठ पर भरोसा जताया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में कांग्रेस के सुबोध कांत सहाय को 2,82,780 मतों से हराया था। कांग्रेस ने इस बार रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय को मैदान में उतारा है।

### भाजपा 13, कांग्रेस सात और झामुमो लड़ रहा है पांच सीटों पर चुनाव

झारखंड में भाजपा 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) के साथ हुई सीट शेयरिंग के अनुसार 14 में 13 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी, जबकि आजसू एक ही सीट पर प्रत्याशी उतारेगी। उधर, झामुमो –कांग्रेस–आरजेडी और माले गठबंधन के बीच हुए सीट बंटवारे के मुताबिक 14 सीटों में से सात पर कांग्रेस, पांच पर झामुमो और एक–एक सीट पर माले तथा आरजेडी के उम्मीदवार उतरेंगे।

# एमपी में गर्मी से हुई कम वोटिंग निकालेगी किसकी गर्मी !

**वोटर की उदासीनता**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में भी पहले चरण की तरह मतदाताओं ने कम उत्साह दिखाया। पहले चरण में 7.48 प्रतिशत कम वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण की छह सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद में 58.35% वोट पड़े जो 2019 की तुलना में 9.33% कम रहे। इस नौ प्रतिशत से कम वोटिंग में 11 प्रतिशत महिलाएं वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचीं।

महिलाओं के बूथ पर कम संख्या में पहुंचने का यह आंकड़ा भाजपा के लिए परेशान करने वाला है। विधानसभा चुनावों में महिलाओं के बढ़-चढ़कर मतदान करने से भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। ऐसे में जिन सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है, वहां भाजपा जीत का अंतर घटने का अनुमान लगा रही है, जबकि कांग्रेस अपनी जीत की संभावनाएं तलाश रही है।



अगले चरण में शिवराज, ज्योतिरादित्य व दिग्विजय की किस्मत का फैसला।

**40** डिग्री से ऊपर पारा को निर्वाचन आयोग मान रहा लोगों के घर से बाहर नहीं आने की बड़ी वजह

**9%** कम मतदान में 11 प्रतिशत महिलाओं के वोट डालने के लिए नहीं पहुंचने के कारण भाजपा की बढ़ी परेशानी

एमपी में कम वोटिंग का कारण जहां राजनीतिक दल मतदाताओं की उदासीनता बता रहे हैं, वहीं निर्वाचन आयोग गर्मी के कारण मतदान कम होने की बात कह रहा है। विशेषज्ञ मतदान कम होने पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना कि राजनीतिक दलों की चुनावी मशीनरी वोटरों को घर से निकाल नहीं सकी जिससे मतदाता की उदासीनता नहीं टूटी।

निर्वाचन आयोग की मतदान गर्मी होने की बात बेवजह भी नहीं है। 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान सबसे ज्यादा तापमान रीवा में 42.2 डिग्री था। यहां सबसे कम वोटिंग हुई। रीवा में 48.67 फीसदी मत पड़े। हालांकि सतना में भी पारा 42.2 डिग्री था। लेकिन यहां 61.87 फीसदी लोगों ने मतदान किया। इसका कारण यहां कांटे का त्रिकोणीय संघर्ष माना गया। खजुराहो में 42 डिग्री तापमान के बीच 56.44% वोट पड़े। यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी का पर्चा रद होने से विपक्ष के मतदाताओं की उदासीनता कम मतदान की वजह हो सकती है। दमोह में 41.2 डिग्री गर्मी में 56.18 मतदाता बूथ पर पहुंचे। टीकमगढ़ में 39 डिग्री पारा रहा। यहां 59.79 वोटिंग हुई, जबकि होशंगाबाद में 40.1 तापमान के बीच 67.16 मतदान हुआ।

दूसरे चरण के चुनाव में एमपी में सर्वाधिक 67.16 प्रतिशत मतदान होशंगाबाद और सबसे कम 49.44 प्रतिशत रीवा सीट पर हुआ।

### खजुराहो और रीवा में सबसे कम मतदान

- पिछले चुनाव से इस बार खजुराहो में सबसे ज्यादा मतदान में गिरावट आई। 2019 के मुकाबले इस बार 11 .87 फीसदी कम वोटिंग हुई। रीवा में 11 .74 प्रतिशत वोट कम डाले गए। इसके बाद दमोह में पिछली बार की अपेक्षा करीब 10 फीसदी कम मतदान हुआ।

### कांग्रेस ने उत्साह नहीं दिखाया, भाजपा ने विपक्ष की शून्यता का लाभ उठाया

मध्य प्रदेश में पहले चरण में कांग्रेस ने कोई उत्साह नहीं दिखाया, दूसरे चरण में भाजपा ने भी रुचि कम दिखाई। इससे मतदान में जोश नहीं आया। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता ऐसा नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार से सवाल जवाब कर सके। जब ऐसा नहीं हुआ तो भाजपा ने विपक्ष की शून्यता जैसी स्थिति में चुनाव लड़ा।

### तीसरे चरण में ज्योतिरादित्य दिग्विजय के साथ शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

अब भाजपा सामने चुनौती है तीसरा चरण, जिसमें ग्वालियर चंबल के साथ मध्य की नौ सीटों पर मतदान होना है। गुना, मुरैना, भिंड और ग्वालियर सीटों के विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और सागर लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। ये सभी प्रमुख सीटें हैं और कई हाईप्रोफाइल हैं। गुना सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है तो राजगढ़ से कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह हैं। भिंड, मुरैना, ग्वालियर में मुकाबले दिलचस्प तो विदिशा में चार बार के मुख्यमंत्री रहे पूर्व सीएम शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है।



**हम भी मैदान में** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में प्रचार की कमान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संभालकर किया रोड शो।

## चुनाव लोकसभा का, बिसात विधान सभा की बिछी

**चंडीगढ़।** कहा जाता है कि राजनीति में आज का दुश्मन कल दोस्त और आज का दोस्त कल दुश्मन हो सकता है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार है। बीजेपी और जजपा मिलकर हरियाणा की सरकार चला रही हैं। लेकिन अब जजपा के बोल बदल गए हैं। जजपा राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है और राज्य में अपना अस्तित्व बचाने में जुटी है। यही वजह है कि उसके नेता बीजेपी को लेकर काफी हमलावर है। बीजेपी के खिलाफ मौन रहने वाले जजपा के नेता अब उसे जमकर कोस रहे हैं और विरोध भी कर रहे हैं। जजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने पांच उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी है और बाकी पांच उम्मीदवारों की सूची भी जल्द ही जारी करेगी। ऐसे में जजपा अब खुद को बीजेपी से पूरी तरह अलग कर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। जजपा का असली लक्ष्य इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। जजपा अभी से ही उसके लिए माहौल बना रही है।



**हम नहीं कम** सीपीएम की नेता वृंदा करात ने कोलकाता में रोड शो करके माकपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट। इस दौरान उन्होंने लाल झंडे के लिए मतदान का आह्वान किया।

# भाजपा– कांग्रेस की लड़ाई को बसपा बना रही त्रिकोणीय

**जांजगीर- चांपा संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित छत्तीसगढ़ की जांचगीर- चांपा लोकसभा सीट पर भाजपा लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज करने को बेकरार नजर आ रही है, जबकि इस संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों को जीतने वाली कांग्रेस हर हाल में इस सीट पर कब्जा करने को आतुर दिख रही है। प्रदेश की सत्ता में पूर्ण बहुमत से काबिज हुई भाजपा को इस क्षेत्र के मतदाताओं ने नकार दिया था इस वजह से भी कांग्रेस को लगता है कि मतदाता लोकसभा चुनाव में भी उसके साथ होंगे। हालांकि कांग्रेस नेताओं को बसपा से ज्यादा उम्मीदें हैं। उन्हें लगता है कि बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाएगी इससे कांग्रेस को यह सीट आसानी से मिल जाएगी। बसपा ने इस इस पर जीत तो कभी दर्ज नहीं की लेकिन पार्टी एक लाख से ज्यादा वोट हर चुनाव में पाती है।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में जीत दर्ज की थी, जबकि 1991 के चुनाव में पार्टी हार गई थी। 1996 के चुनाव में भाजपा को फिर जीत मिली लेकिन 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने नकार दिया। 2004 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने अपनाया। 2009, 2014 और 2019 में भी भाजपा का कब्जा इस सीट पर हुआ लेकिन विधानसभा चुनाव में यहां के मतदाताओं ने भाजपा को आठ विधानसभा सीटों पर हराकर जोर का झटका दिया है। इससे पार्टी के रणनीतिकार परेशान हैं और उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि कहीं विधानसभा चुनाव की तरह ही मतदाता इस बार भी कांग्रेस के साथ न चले जाएं। इस बार भाजपा ने कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया पर दांव लगाया है। बसपा के महावत के रूप में डॉ. रोहित डहरिया मैदान में हैं।



### 42 फीसद से अधिक हैं पिछड़ी जाति के मतदाता

- इस क्षेत्र में 20 लाख 52 हजार मतदाता हैं। इनमें पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या 42 प्रतिशत से अधिक है। जबकि सामान्य वर्ग के मतदाता लगभग सात फीसद हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या 25 प्रतिशत है। अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या 11 .6 प्रतिशत तो मुस्लिम एक प्रतिशत, ईसाई मतदाता 0 .18 प्रतिशत और जैन धर्म के मतदाताओं की संख्या 0 .06 प्रतिशत हैं।

### बेरोजगारी और महंगाई को मुद्दा बना रही कांग्रेस

- कांग्रेस ने इस सीट पर बेरोजगारी, महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की है। पार्टी नेता और कार्यकर्ता लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि उन्हें मुफ्त में अनाज देकर न सिर्फ बेरोजगार बनाया जा रहा है बल्कि रोजगार के अवसर भी खत्म किए जा रहे हैं। गैस सिलेंडर की कीमतों के साथ ही अनाज की बढ़ी कीमतों को भी कांग्रेस भुना रही है। जबकि भाजपा लगातार मोदी की गारंटी के बारे में बताकर किसानों, युवाओं और महिलाओं से वोट मांग रही है।

# मैकगुर्क की पारी ने दिल्ली को दिलाई जीत

## मुंबई इंडियंस को 10 रनों से हराया, जैक ने खेली 84 रनों की पारी, अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 15 गेंद में बनाया अर्धशतक

नई दिल्ली, एजेंसी

जैक फ्रेसर मैकगुर्क की 27 गेंद में 84 रन की आतिशी पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में 10 रन से हराकर प्लेआफ की दौड़ के लिए दावा मजबूत कर लिया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली ने चार विकेट पर 257 रन बनाए जिसमें मैकगुर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े । जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। पिछले पांच मैचो में चौथी जीत के बाद दिल्ली अंकतालिका में दस मैचों में दस अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस नौ मैचों में छह अंक लेकर नौवे स्थान पर है।

दिल्ली को ऑस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के बल्लेबाज मैकगुर्क ने बेहतरीन शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए अभिषेक पोरेल के साथ 44 गेंद में 114 रन जोड़े। उन्होंने आईपीएल में इस सत्र में सबसे तेज अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ा। मैकगुर्क 27 गेंद में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सिर्फ 25 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए जिसमें ल्यूक वुड को 18वें ओवर में जड़े पांच चौके और एक छक्का शामिल था ।

मुंबई की शुरूआत दिल्ली की तरह आक्रामक नहीं रही। ईशान किशन ने दूसरे ओवर में खलील अहमद को तीन चौके जड़कर हाथ खोलने शुरू किये थे लेकिन चौथे ओवर में ही मुंबई को रोहित शर्मा के विकेट के रूप में करारा झटका लगा । आठ गेंद में आठ रन बनाकर रोहित को खलील ने शाई होप के हाथों लपकवाया । अगले ओवर में सूर्यकुमार यादव ने मुकेश कुमार को दो चौके लगाये लेकिन ईशान (14 गेंद में 20 रन) इसी ओवर में अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। खलील के अगले ओवर में छक्का और चौका जड़ने वाले सूर्य अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 13 गेंद में 26 रन बनाकर लिजाड विलियम्स को कैच देकर लौटे।

मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने जरूर कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन जब टीम को उनसे कप्तानी पारी की जरूरत थी, वह क्रीज पर जमने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे। इंपैक्ट खिलाड़ी रसिख सलाम ने 13वें ओवर में मुंबई को दोहरे झटके देकर उसकी उम्मीदों पर लगभग पानी फेर दिया। पहले हार्दिक (24 गेंद में 46 रन, चार चौके , तीन छक्के) ने प्वाइंट पर मुकेश को कैच दिया और फिर निहाल वढेरा ने विकेट के पीछे पंत को कैच थमाया। इस समय मुंबई को 43 गेंद में 118 रन की जरूरत थी और उसके पांच विकेट की बाकी थे। तिलक वर्मा ने अकेले किला लड़ाते हुए 32 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। वह आखिरी ओवर में रन आउट हुए। दिल्ली के लिये रसिख ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुकेश को भी तीन और खलील को दो विकेट मिले ।




बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ पंत से बात करते मैकगुर्क । मुंबई को 10 रनों से हराने के बाद जीत की खुशी मनाते दिल्ली के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**114** रन दिल्ली के सलामी बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और अभिषेक पोरेल ने पहले विकेट के लिए बनाए महज 44 गेंद में।

**दिल्ली 257/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक मैकगुर्क का नबी बो चावला | 84 | 27 | 11/6 |
| अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी | 36 | 27 | 3/1 |
| शाई होप का वर्मा बो वुड | 41 | 17 | 0/5 |
| ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह | 29 | 19 | 2/2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 6/2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 6 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** वुड 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, पंड्या 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1

**मुंबई 247/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन का अक्षर बो मुकेश | 20 | 14 | 4/0 |
| रोहित शर्मा का होप बो खलील | 8 | 8 | 1/0 |
| सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील | 26 | 13 | 3/2 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 4/4 |
| हार्दिक पंड्या का मुकेश बो सलाम | 46 | 24 | 4/3 |
| नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम | 4 | 2 | 1/0 |
| टिम डेविड पगबाधा मुकेश | 37 | 17 | 2/3 |
| मोहम्मद नबी का होप बो सलाम | 7 | 4 | 0/1 |
| पीयूष चावला का होप बो मुकेश | 10 | 4 | 1/1 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 9 | 3 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** विलियम्स 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, सलाम 4-0-34-3

## आज का मुकाबला



गुजरात टाइटन्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु — दोपहर 3:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद — शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 09 | 385 |
| केएल राहुल (लखनऊ) | 09 | 378 |

## खेल डायरी

### सेंथिलकुमार बैच ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया । शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने शुक्रवार रात 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया । अब सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत हांगकांग के एंडीज लिंग से होगी । वहीं अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में एक अन्य पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय आकांक्षा सालुंखे यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से 29 मिनट में 7-11, 7-11, 8-11 से हार गईं ।

### शीर्ष एथलीटों से कम नहीं भारतीय एथलीट

**बेंगलुरु ।** भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का विश्वास बढ़ा है और वे खुद को शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते हैं । दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं । तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर कहा, तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है ।



### ओलंपिक क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर माहेश्वरी

**नई दिल्ली ।** भारत की माहेश्वरी चौहान दोहा में शॉटगन निशानेबाजों के लिए आईएसएसएफ ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिता में शनिवार को 25 के दो शानदार दौर के बाद शीर्ष पर है । शीर्ष छह निशानेबाज रविवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे । अभी एक और दौर का क्वालीफिकेशन बाकी है । इस आयोजन से भारतीय निशानेबाजों के पास पेरिस ओलंपिक का दो कोटा हासिल करने का मौका है ।

### मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते आर्यन और जितेश

**अस्ताना (कजाकिस्तान) ।** आर्यन (51 किग्रा) और जितेश (54 किग्रा) ने शनिवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपने मुकाबले जीतकर पहले दिन भारत को जीत से शुरुआत कराई । आर्यन ने दक्षिण कोरिया के जो ह्योन वू को और जितेश ने चीनी ताइपे के चेन यू चेन को 5-0 के समान अंतर से हराया । अन्य मुक्केबाज जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63 .5 किग्रा) बाद में रिंग में उतरेंगे । जदुमणि सिंह एम (51 किग्रा), आकाश गोरखा (60 किग्रा), अजय कुमार (63 .5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) रविवार को अंडर-22 वर्ग में अपना अभियान शुरू करेंगे । एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा) मंगलवार को महिलाओं के अंडर-22 वर्ग में उज्बेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी । प्रीति ने पहले ही पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की कर ली है ।

### आदर्श और मानसी बने ट्रायथलॉन चैंपियन

**नई दिल्ली ।** भारतीय एथलीट आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल (01:02:03) और मानसी मोहिते (01:07.53) शनिवार को नेपाल के पोखारा में एशियाई ट्रायथलॉन में क्रमश: पुरुष और महिला चैंपियन बने । कौशिक विनायक मलंदकर (01:03:26) क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में हमवतन सिनिमोल के बाद दूसरे स्थान पर रहे । वहीं साई लोहिताक्ष केडी (01:07:20) और कृषिव पटेल (01:07:23) दक्षिण एशियाई पुरुष जूनियर वर्ग में शीर्ष दो स्थान हासिल करने में सफल रहे ।

### भारतीय स्पिनर नहीं करा रहे स्पिन : मुरलीधरन

**चेन्नई ।** श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि भारत के युवा स्पिनर बड़े शॉट को रोकने की कोशिश में गेंद को स्पिन करने की कला से दूर हो रहे हैं । टेस्ट में 800 विकेट लेने वाले मुरलीधरन इंडियन प्रीमियर लीग टी20 में सनराइजर्स हैदराबाद के रणनीतिक कोच है । मुरलीधरन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा भारत में समस्या यह है कि अधिकांश स्पिनर गेंद को स्पिन नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे थोड़ी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं ।

# शंघाई में भारतीय तीरंदाजों का जलवा, चार स्वर्ण पदक जीते

शंघाई, एजेंसी

एशियन गेम्स की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप 2024 में कंपाउंड स्पर्धाओं में दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदकों में से चार पदक अपने नाम किए। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फाइनल में जगह बनाई और शूट-ऑफ में 2023 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराकर महिला कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच सेटों की समाप्ति के बाद स्कोर 146 की बराबरी पर रहा।



इस स्वर्ण पदक के साथ, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

इस बीच, मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी क्वार्टर-फाइनल में एंड्रिया बेसेरा से 144-142 से हार गईं। अवनीत कौर क्वार्टर-फाइनल में ज्योति के खिलाफ 143-142 से हार गईं, जबकि परनीत कौर तीसरे दौर में बाहर हो गईं। पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड में, प्रियांश को ऑस्ट्रिया के 2021 विश्व चैंपियन निको वीनर से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जिन्होंने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाया, जबकि प्रियांश 147 का स्कोर बनाने में सफल रहे।

# यानिक सिनर और इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन प्री-क्वार्टर में पहुंचे



**मैड्रिड ।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर और इगा स्वियातेक शनिवार को अपने-अपने मैच जीतकर मैड्रिड मास्टर्स टेनिस के अगले दौर में पहुंचे । महिला एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियातेक ने सोराना क्रिस्टिया को 6-1, 6-1 से हराकर आसानी से अंतिम-16 में अपनी जगह बना ली । क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पोलैंड की यह खिलाड़ी सोमवार को विक्टोरिया अजारेंका या सारा सोरिब्स टोर्मो से भिड़ेंगी । पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी ने स्लोआने स्टीफंस को 6-1, 6-3 से हराकर अमेरिका की खिलाड़ी की सात मैचों के अजेय क्रम को रोक दिया । पुरुष वर्ग में सिनर ने इटली के हमवतन लोरेंजो सोनेगो को 6-0, 6-3 ये हराया । लोरेंजो के खिलाफ सिनर की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है । ब्राजील के क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो ने दूसरे दौर में सातवीं रैंकिंग के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराया । इस मुकाबले से पहले क्ले कोर्ट पर पिछले 11 में से 10 मैच जीतने वाले सितसिपास रैंकिंग में 118वें स्थान पर काबिज मोंटेइरो की चुनौती पार नहीं पा सके ।

# लखनऊ पर राजस्थान की रॉयल जीत

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में राजस्थान रायल्स के खिलाफ सुस्त क्षेत्ररक्षण और कैच टपकाने का खामियाजा हार के साथ चुकाना पड़ा जब संजू सैमसन (71 नाबाद) और ध्रुव जुरेल (52) के बीच शतकीय भागीदारी की बदौलत राजस्थान ने नवाबों को उनके घर में पीट कर प्लेआफ के लिये अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर राजस्थान रायल्स (आरआर) ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की। मौजूदा सत्र में अब तक खेले गये नौ मुकाबलों में उसकी यह आठवीं जीत थी जबकि लखनऊ को उसने दूसरी बार पटखनी दी है वहीं इस हार के साथ लखनऊ की प्लेआफ की उम्मीदों को हल्का झटका लगा है। कप्तान केएल राहुल (76) और दीपक हुड्डा (50) के बीच 115 रन की शतकीय साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पांच विकेट पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया था।

इस शतकीय भागीदारी पर सैमसन और जुरेल की शतकीय भागीदारी ने पानी फेरते हुये जीत का लक्ष्य एक ओवर शेष रहते ही प्राप्त कर लिया। राजस्थान अच्छी शुरुआत के बाद लगातार दो विकेट गंवा कर कुछ देर के लिये संकट में दिखने लगी थी जब जॉस बटलर (34) और यशस्वी (24) के विकेट छठवें और सातवें ओवर के बीच लगातार दो गेंदो पर लखनऊ ने झटक लिये थे वहीं अनुभवी अमित मिश्रा ने इन फार्म बल्लेबाज रियान पराग (14) का विकेट लेकर लखनऊ को मुकाबले में बराबरी पर खड़ा कर दिया था। इसके बाद सैमसन ने जुरेल के साथ मिलकर बेखौफ अंदाज से लखनऊ के गेंदबाजों का सामना किया। इस बीच जुरेल को लखनऊ के क्षेत्ररक्षकों ने दो जीवनदान दिये जो उन्हे बहुत महंगे पड़े।

इससे पहले टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत निराशाजनक हुयी जब उनके सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (8) और मार्कस स्टॉयनिस (0) पहले दो ओवर के खेल में ही सस्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। इस नाजुक मोड़ पर केएल राहुल को दीपक हुड्डा का साथ मिला और दोनो ने अगले दस ओवरों में 11 रन प्रति ओवर की रफ्तार से रन बटोर कर टीम को सम्मानजनक स्थिति में खड़ा कर लिया। एलएसजी के लिये निकोलस पूरन (11) का बल्ला आज नहीं चला। वह संदीप शर्मा का दूसरा शिकार बने। केएल राहुल की शानदार पारी का अंत आवेश खान ने किया जब आफ स्टंप से बाहर फेकी गयी उनकी शार्ट पिच गेंद को मारने के प्रयास में राहुल डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े ट्रेंट बोल्ट को कैच थमा बैठे। आयुष बडोनी (18) और कृणाल पांड्या (15) रन बना कर नाबाद लौटे।



रियान पराग का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते अमित मिश्रा। ● एजेंसी



**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

**लखनऊ 196/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो बोल्ट | 8 | 3 | 2/0 |
| लोकेश राहुल का बोल्ट बो आवेश | 76 | 48 | 8/2 |
| मार्कस स्टोइनिस बो संदीप | 0 | 4 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का पोवेल बो अश्विन | 50 | 31 | 7/0 |
| निकोल्स पूरन का बोल्ट बो संदीप | 11 | 11 | 1/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 18 | 13 | 1/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 15 | 11 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-41-1, संदीप 4-0-31-2, आवेश 4-0-42-1, अश्विन 4-0-39-1, चहल 4-0-41-0

**राजस्थान 199/3** — 19 ओवर, अतिरिक्त : 4

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का बिश्नोई बो स्टोइनिस | 24 | 18 | 3/1 |
| जोस बटलर बो यश | 34 | 18 | 4/1 |
| संजू सैमसन नाबाद | 71 | 33 | 7/4 |
| रियान पराग का बडोनी बो मिश्रा | 14 | 11 | 0/1 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 52 | 34 | 5/2 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 3-0-32-0, मोहसिन 4-0-52-0, यश 4-0-50-1, स्टोइनिस 1-0-3-1, कृणाल 4-0-24-0, मिश्रा 2-0-20-1, बिश्नोई 1-0-16-0

# हम्पी, हरिका और वैशाली करेंगी फिडे महिला ग्रां प्री में नेतृत्व

नई दिल्ली, एजेंसी

ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली की तिकड़ी 2024-2025 फिडे महिला ग्रां प्री सीरीज में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। इसमें भाग लेने वाली सभी 14 खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग शर्तो को पूरा करने के बाद महिला ग्रां प्री में अपने स्थान अर्जित किये हैं। शेष छह खिलाड़ियों को प्रत्येक छह टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा नामांकित किया जाएगा।

इस आयोजन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में क्लासिकल टाइम फॉर्मेट की तीन महिला विश्व चैंपियन तान झांग्ये (2017-2018), एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक (2008-2010) और मारिया मुजिकचुक (2015-2016) के साथ पूर्व रैपिड विश्व चैंपियन हम्पी, कैटरीना लैग्नो और अन्ना मुजिकुक भी शामिल हैं। मौजूदा चैंपियन जू वेनजुन ग्रां प्री सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी जगह महिला विश्व रैपिड और महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2018 उप विजेता सरसादत खदेमलशरीह को मिली है। वह अप्रैल 2024 फिडे रेटिंग सूची के अनुसार क्वालिफिकेशन हासिल करने की कतार में अगली खिलाड़ी थीं। अक्टूबर 2023 में, फिडे ने महिला ग्रां प्री नियमों में बदलाव की घोषणा की।



**बराबरी की टक्कर** — पिछला मैच जीतने के बाद गुजरात को मात देना चाहेगा बेंगलुरु, लगातार दो मैच में हार चुकी है चेन्नई

# आरसीबी के खिलाफ गुजरात की निगाह सुधार पर

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं।

गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। मोहित शर्मा (10 विकेट), उमेश यादव (7 विकेट), संदीप वारियर (5 विकेट) ने काफी रन लुटाए हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) और मयंक मार्कंडेय (सनराइजर्स ) का सामना करते हुए शानदार अर्धशतक जड़े। वहीं सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डु प्लेसी लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं, लेकिन गुजरात टाइटन्स का मध्यक्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है।



## सनराइजर्स से जीतने को बेताब है सीएसके

**चेन्नई ।** लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी । नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है । सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया । सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है । दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं । इसलिए सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जाएगी । सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है, लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा । सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है ।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### फिलिस्तीन का समर्थन तेज, एक दर्जन अमेरिकी विवि में प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इजराइल विरोधी आंदोलन तेज होते जा रहे हैं। यह प्रदर्शन अब तक अमेरिका की 12 से ज्यादा यूनिवर्सिटी में फैल चुका है। इसमें 543 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लॉस एंजिलिस पुलिस डिपार्टमेंट ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलिना में प्रदर्शन कर रहे 93 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यूनिवर्सिटी ने अपनी ग्रेजुएशन सेरेमनी को रद्द कर दिया है। इमोरी, ओहियो स्टेट, मिनेसोया और कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में भी प्रदर्शन जारी हैं

### नगालैंड में व्यापारिक प्रतिष्ठानें अनिश्चितकालीन तक बंद रहेंगी

**कोहिमा।** नगालैंड में भूमिगत समूह की ओर से जबरन वसूली किए जाने के विरोध में व्यापारिक प्रतिष्ठानों का अनिश्चितकालीन बंद शनिवार को शुरू हो गया, जिसके कारण बाजार और निजी कार्यालय बंद रहे। सबसे पहले शुक्रवार को राज्य की वाणिज्यिक राजधानी दीमापुर में व्यापारिक प्रतिष्ठानों का बंद शुरू हुआ था, जिसके बाद 'कन्फेडरेशन ऑफ नगालैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीएनसीसीआई) के आह्वान पर अन्य जिले भी इसमें शामिल हो गए। सीएनसीआई ने कहा कि बैंक, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों को इस बंद के दायरे से बाहर रखा गया है।

### चीन ने पाकिस्तान के लिए निर्मित हैंगर श्रेणी की पनडुब्बी की लांच

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान को अत्याधुनिक युद्धपोत उपलब्ध कराने के लिए आठ हैंगर श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली लांच की है। वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआइजी) शुआंगलिउ बेस पर शुक्रवार को आयोजित लांच समारोह में पाकिस्तान नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। डब्ल्यूएसआइजी द्वारा किया जाना है, जबकि शेष चार का निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के तहत केएस एंड ईडब्ल्यू (कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स) में किया जा रहा है। उन्नत तकनीक से लैस इन पनडुब्बियों को खतरनाक वातावरण में संचालित करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया जाना है।

### रूस ने यूक्रेन के चार ताप विद्युत संयत्र पर किया मिसाइल हमला

**कीव।** रूस ने रात भर यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के चार ताप विद्युत संयंत्र (टीपीपी) पर मिसाइल हमले किए। कंपनी के अनुसार रूसी हवाई हमलों से टीपीपी में विद्युत उपकरणों को काफी क्षति पहुंची है। ऊर्जा मंत्रालय ने टेलीग्राम पोस्ट में जानकारी दी है कि, रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव और इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्रों और सेंट्रल निप्रॉपेट्रोव्स्क क्षेत्र में हमल कर ऊर्जा बुनियादी ढांचे की सुविधाएं को नुकसान पहुंचाया है। कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि रूसी हमलों के कारण डीटीईके की 80 प्रतिशत उत्पादन क्षमता खत्म हो गई है।

## लंबे छक्के मारने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को सैनिक प्रशिक्षण केंद्र भेजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में फौज को हर मर्ज की दवा माना जाता है। पड़ोसी देश के क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सुपर लीग के दौरान खिलाड़ियों को लंबे छक्के नहीं मार पाने पर फटकार लगाई। ड्रेसिंग रूम में उन्होंने खिलाड़ियों को कहा, 'मैं आप लोगों की फिटनेस दुरुस्त करूंगा। इसके बाद नकवी ने सुपर लीग खत्म होते ही क्रिकेटरों को काकुल की पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी में 14 दिन की ट्रेनिंग के लिए भेज दिया। ट्रेनिंग में खिलाड़ियों ने पहाड़ों की चढ़ाई और पत्थरों को उठाया। इससे पाकिस्तान के स्टार बैटर मोहम्मद रिजवान, इरफान नियाजी व आजम खान चोटिल हो गए। जिससे रिजवान व इरफान को न्यूजीलैंड सीरीज अधूरी छोड़नी पड़ी। जबकि आजम कोई मैच ही नहीं खेल पाए। इन तीनों के 2 जून से होने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से आयरलैंड व इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खेलने पर भी सवाल खड़ा हो गया है। ट्रेनिंग में क्रिकेटरों को फिजिकल हर्डल, बर्मा ब्रिज कराई गई। खिलाड़ियों को एक-दूसरे की पीठ पर लादकर दौड़ाया गया। जैसा कि युद्ध में फौजी चोटिल साथी को पीठ पर लादकर ले जाते हैं।



## क्या है ईवीएम... भारत में सबसे पहले कहां हुआ इस्तेमाल, आइए जानें

*लोकसभा और प्रदेश विधानसभा चुनावों में ईवीएम के उपयोग से मतदान से लेकर मतगणना तक चीजें आसान हो गई हैं। इतना ही नहीं, ईवीएम ने चुनाव करवाने का खर्च भी बहुत हद तक कम कर दिया है। हमारे देश में सालोंभर कहीं ना कहीं चुनाव होते ही रहते हैं, इस कारण भी ईवीएम का महत्व काफी बढ़ गया है। अभी हमारे देश में ईवीएम के दूसरे संस्करण का उपयोग हो रहा है जिसकी क्षमता पहले संस्करण के मुकाबले काफी ज्यादा है। आइए जानते हैं ईवीएम के बारे में महत्वपूर्ण सवालों के जवाब...*

### एक मशीन में होती हैं दो इकाइयां

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वोट रिकॉर्ड करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दो इकाइयां होती हैं- एक नियंत्रण इकाई और दूसरी मतदान इकाई जो पांच मीटर की केबल से जुड़ी होती है। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के पास रखा जाता है जबकि वोटिंग यूनिट को वोटिंग कंपार्टमेंट के अंदर रखा जाता है।

### क्या है वीवीपैट



वीवीपैट एक तरह की मशीन होती है, जिसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ जोड़ा जाता है। इस व्यवस्था के तहत मतदाता द्वारा वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया गया है, उनका नाम और चुनाव चिह्न छपा होता है। यह व्यवस्था इसलिए है ताकि किसी तरह का विवाद होने पर ईवीएम में पड़े वोटों के साथ पर्ची का मिलान किया जा सके। ईवीएम में लगे शीशे के एक स्क्रीन पर यह पर्ची सात सेकेंड तक दिखाई देती है। इसे डिजायन करने का श्रेय भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने को जाता है। जिन्होंने साल 2013 में इसे तैयार किया था।



### ईवीएम में कितने उम्मीदवारों के नाम हो सकते हैं रिकॉर्ड

वर्ष 2006 से 2010 तक एम 2 ईवीएम उपयोग किए जाते थे। उस ईवीएम में नोटा सहित अधिकतम 64 उम्मीदवारों के नाम डाले जा सकते थे। एक बैलेटिंग यूनिट में 16 उम्मीदवारों के नाम डाले जाने की सीमा है। यदि उम्मीदवारों की कुल संख्या 16 से अधिक है, तो एक बैलॉटिंग यूनिट जोड़ दिया जाता था। इस तरह एम 2 ईवीएम में अधिकतम 4 बैलॉटिंग यूनिट जोड़कर ज्यादा से ज्यादा 64 उम्मीदवारों के नाम दर्ज किए जा सकते थे। हालांकि, वर्ष 2013 से एम 3 ईवीएम का उपयोग होने लगा जिसमें चार की जगह अधिकतम 24 बैलॉटिंग यूनिट जोड़े जा सकते हैं। यानी अब 384 उम्मीदवारों तक के नाम दर्ज किए जा सकते हैं।

### इस्तेमाल कब और कहां हुआ था

भारत में ईवीएम का उपयोग पहली बार वर्ष 1982 में केरल के (70) परूर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा उपयोग की जा रही एक ईवीएम अधिकतम 2,000 वोट रिकॉर्ड कर सकती है।

**क्या है खासियत-** यदि कोई शख्स चुनाव के दौरान वीवीपैट की पर्ची में अपने द्वारा किसी अलग उम्मीदवार का नाम आने की बात करता है, तो चुनाव अधिकारी उस मतदाता से पहले एक हलफनामा भरवाते हैं। इसके तहत मतदाता को बताया जाता है कि सूचना के गलत होने उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का प्रावधान है।

### सऊदी-चीन की शर्तों के आगे झुकी सत्ता, इमरान की सेना को दो टूक

# पाकिस्तान को गुलाम बनाने वालों से समझौता नहीं... जेल में ही रहूंगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर देश की सेना और सरकार पर निशाना साधा। साथ ही उन अटकलों को दूर कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि वह मौजूदा हालातों को सुधारने के लिए सत्ताधारियों से बात करने को तैयार हैं। खान ने देश को गुलाम बनाने वालों के साथ समझौता करने से इनकार करते हुए कहा कि वह नौ साल और जेल में रहने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे।



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जारी एक संदेश में खान ने कहा कि देश पर सबसे खराब तानाशाही थोपी गई है जो अर्थव्यवस्था, सरकारी शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका की बर्बादी का आधार बन रही है। उन्होंने देश को बर्बादी की ओर बढ़ने से रोकने में हर व्यक्ति से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह मेरा राष्ट्र के लिए संदेश है कि मैं देश की वास्तविक स्वतंत्रतता के लिए कोई भी बलिदान दूंगा, लेकिन कभी भी अपने या अपने देश की स्वतंत्रता से समझौता नहीं करूंगा। गौरतलब है, अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से, 71 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने को कम से कम चार मामलों में दोषी ठहराया गया है।

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान से सुलह चाहती है सेना

पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान से अब पाकिस्तानी सेना सुलह चाहती है क्योंकि चीन और सऊदी अरब निवेश के लिए सियासी शांति का माहौल तैयार करने की शर्त रख दी है। हाल में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने पाक यात्रा के दौरान कहा कि देश राजनीतिक तनाव खत्म कर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाए। पिछले साल चीनी विदेश मंत्री ने भी तत्कालीन पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर से राजनीतिक अनिश्चितता को खत्म करने के लिए कहा था। इसी बीच, पाकिस्तान ने सऊदी अरब को आश्वासन दिया है कि निकट भविष्य में राजनीतिक माहौल में सुधार होगा क्योंकि सेना और इमरान के बीच बातचीत चल रही है। सेना और इमरान के बीच जेल में सीक्रेट मीटिंगों का दौर चल रहा है।

### मई के दंगों की जिम्मेदारी लें इमरान

जेल में मीटिंग के दौरान पाकिस्तानी सेना की तरफ से इमरान से कहा गया कि या तो वह 9 मई के दंगों की जिम्मेदारी लें या कड़ी कार्रवाई का सामना करें। इमरान ने जिम्मेदारी लेने से इनकार करने के साथ-साथ अदियाला जेल में मीडिया से बात करते हुए अपनी पत्नी बुशरा बीबी को कथित तौर पर जहर देने के लिए जनरल असीम मुनीर को जिम्मेदार ठहरा दिया।

### अब्बासी कर रहे हैं मध्यस्थता

इमरान और सेना के बीच सुलह के लिए दो तटस्थ राजनेता और एक से. लेफ्टिनेंट जनरल मध्यस्थता कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नवाज के करीबी रहे शाहिद खाकन अब्बासी मध्यस्थता कर रहे हैं। मरियम को पीएमएलएन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने के बाद अब्बासी ने पार्टी छोड़ दी और आम चुनाव नहीं लड़ा था।



## अमेरिका में भीषण तूफान से इमारतें ढहीं

**ओमाहा (अमेरिका)।** मध्यपश्चिमी अमेरिका में शुक्रवार को भीषण तूफान ने जमकर कहर बरपाया जिससे नेब्रास्का राज्य के ओमाहा में कई इमारतें ढह गई जिसके मलबे में कई लोग दब गए हैं और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। दबे लोगों की तलाशी अभियान चलाया है। तूफान से शुक्रवार रात तक कई लोगों के घायल और अधिक जनमाल का नुकसान हुआ है। प्राधिकारियों ने बताया कि इमारत के मलबे में कई लोग फंस गए लेकिन सभी को बचा लिया गया और उन्हें जानलेवा चोटें नहीं आयी हैं। कई हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की है।

## आंतरिक कलह के बाद नवाज संभालेंगे पार्टी की कमान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- आयोग्य ठहराए जाने के 7 साल बाद पूर्व पीएम ने छोड़ा था पद

पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अगले महीने से सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की कमान फिर से संभालने के लिए तैयार हैं।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोग्य ठहराए जाने के सात साल बाद उन्होंने अपना पद छोड़ा था। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि 11 मई को पार्टी की बैठक में 74 वर्षीय नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। पार्टी में जारी आंतरिक तनाव को देखते हुए नवाज शरीफ को फिर एक बार पार्टी का अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया। 2017 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शरीफ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए ही यह फैसला सुनाया था। पीएमएल-एन पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह ने बताया कि शुक्रवार को पार्टी की बैठक में नवाज शरीफ को फिर से पार्टी का अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया था।

### बर्फ से ढका गांव



**लाहौल :** हिमाचल प्रदेश में पहाड़ों ने एक बार फिर बर्फ की चादर ओढ़ ली है। पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है, लेकिन क्रम जारी है। शनिवार को लाहौल स्पीति के कोकसर गांव ने बर्फ की सफेद चादर ओढ ली। जबकि घाटी के शिशु और अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में अधिक बर्फबारी हुई। ● एजेंसी

## हादसे में 3 भारतीय महिलाओं की मौत

**न्यूयार्क, एजेंसी**

- गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं तीनों, घटना की जांच में जुटी अमेरिकी पुलिस

अमेरिका के साउथ कैरोलिना प्रांत में एक सड़क हादसे में तीन भारतीय महिलाओं की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तेज रफ्तार कार नियंत्रण से बाहर हो गई। कार करीब 20 फीट हवा में उछलकर पेड़ों से टकरा गई। कार ड्राइवर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुर्घटना में मरने वाली तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं। उनकी पहचान रेखाबेन पटेल, संगीताबेन पटेल और मनीषाबेन पटेल के रूप में की गई। साउथ कैरोलिना हाईवे पेट्रोल के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना शुक्रवार दोपहर के समय हुई। तीनों महिलाएं भारतीय थीं, जो एसयूवी से तेज गति से जा रही थीं। एसयूवी इतनी तेज गति से चल रही थी कि चार लेन के ट्रैफिक को पार करके दूसरी ओर चली गई और लगभग 20 फीट ऊंचाई तक उछलकर पेड़ों से टकरा गई।



तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जांच चल रही है। हादसे के शिकार लोग जार्जिया में रहते थे। ग्रीनविल काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य उप कोरोनर माइक एलिस ने कहा, 'यह बात साफ है कि वे निर्धारित गति सीमा से ऊपर कार चला रहे थे। यह भी स्पष्ट लग रहा है कि इस सड़क दुर्घटना में कोई अन्य कार शामिल नहीं थी।

### पेड़ में फंसी मिली कार

ग्रीनविल काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य उप कोरोनर माइक एलिस ने बताया कि कार दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पर साउथ कैरोलिना हाईवे पेट्रोलिंग, गंट फायर एंड रेस्क्यू और कई ग्रीनविले काउंटी ईएमएस इकाइयों सहित आपातकालीन सेवाएं तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान कार एक पेड़ में फंसी मिली, जो टुकड़ों में टूटी थी। दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति को काफी चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जंगली हाथी का आतंक, 2 वनरक्षक समेत 3 को कुचला

**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी के हमले में दो वनरक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है।

## रूस से भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर पर हूती विद्रोहियों का हमला

**काहिरा/लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- लाल सागर में हुए हमले की ली जिम्मेदारी, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दी जानकारी

रूस से भारत के लिए निकले एक ब्रिटिश तेल टैंकर जहाज पर लाल सागर में यमन के हूती विद्राहियों ने बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला कर दिया। ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन ने शनिवार को इसकी जिम्मेदारी ली। एंड्रोमेडा स्टार तेल टैंकर के मालिक ने जहाज के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी है। उक्त जहाज रूसी व्यापार में शामिल है, जो रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार के लिए निकला था। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स हैंडल के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि एक मिसाइल दूसरे जहाज एमवी मैशा के पास गिरी, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। बताया कि हूती विद्राहियों ने यमन से लाल सागर में तीन एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें लॉन्च की थी, जिससे एंड्रोमेडा स्टार को हल्का नुकसान हुआ।

हूती प्रवक्ता याह्या सारेया ने कहा कि पनामा झंडा लगा एंड्रोमेडा स्टार ब्रिटिश स्वामित्व वाला था, लेकिन एलएसईजी डेटा और एंब्रे के अनुसार, शिपिंग डेटा से पता चलता है कि इसे हाल ही में बेचा गया था। इसका वर्तमान मालिक सेशेल्स-पंजीकृत है। जहाज पर हमला इजराइल, यूएस और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को निशाना बनाने के हूती विद्रोहियों के अभियान में रुकावट के बाद हुआ है।

**विज्ञान** नासा के वैज्ञानियों ने की घोषणा, वेधशाला बनाने को लेकर कई वर्षों से चल रही है तैयारी

# चांद पर बनेगी गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** चंद्रमा हमारा एक ऐसा उपयोगी स्थान है, जहां से ब्रह्मांडीय अध्ययन पृथ्वी से अधिक कारगर साबित हो सकते हैं। जिसके चलते नासा चांद पर गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला स्थापित करने की तैयारी में जुटने लगा है। योजना सफल रही तो चांद पर वेधशालाओं का भविष्य होगा।

पृथ्वी पर खगोलीय अध्ययन की संभावनाएं दिनोंदिन कम होने लगी है। इसकी वजह प्रकाश प्रदूषण है। साथ ही पृथ्वी के भीतर होने वाली भूकंपीय हलचल के कारण गुरुत्वाकर्षण तरंग जैसी शक्तियों को यहां से पकड़ पाना आसान नही है। जिस कारण वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में वेधशालाएं स्थापित करनी पड़ रही है। मगर यह एक बेहद खर्चीली योजना होती है। जिस कारण चांद पर वेधशालाओं को स्थापित करना कुछ कम खर्चीला हो सकता है। चांद की धरती पर वेधशाला बनाने को लेकर वैज्ञानिकों के बीच मनन पिछले कई वर्षों से चल रहा है। इसकी बड़ी वजह मंगल ग्रह का मार्ग आसान करना है। साथ ही मंगल को अंतरिक्ष के सफर का केंद (डिपो) बनाना वैज्ञानिकों की योजना में शामिल है। अब लगता है कि इसकी शुरुआत गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला से हो सकती है। इस योजना को लेकर वैज्ञानिक उत्सुक हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा से गुरुत्वाकर्षण तरंग को आसानी डिटेक्ट करना, पृथ्वी की तुलना में अधिक आसान हैं। पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा ठंडा है, बेहद शांत है और भूकंपीय रूप से शोरमुक्त है और हवा के दबाव से भी दूर है। जिस कारण चांद पर गुरुत्वाकर्षण लहर वेधशाला बनाये जाने की तैयारी चल रही है।



चन्द्रमा

### संभव है जल्द इस योजना को मूर्तरूप दिया जाएगा

महत्वकांक्षी इस योजना को नासा समेत कुछ अन्य देश अमली जामा पहनाएंगे। इस योजना को दृष्टि प्रदान करने वाला अमेरिकी लूनर ग्रेविटेशनल-वेव एंटीना (एलजीडब्ल्यूए) है। गुरुत्वाकर्षण शक्ति से हर कोई वाकिफ है। भविष्य में इस शक्ति का उपयोग मानव जीवन के लिए भी किया जा सकता है। इस संभावना को लेकर गुरुत्वाकर्षण वेब पर अध्ययन किए जा रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

## फिल्म इंडस्ट्री में चलता है फेवरेटिज्म : परिणीति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती। दस सालों में मैंने बहुत बुरा वक्त देखा है।

## अक्षय की फिल्म खेल खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में 06 सितंबर को रिलीज होगी। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित ' खेल खेल में '' में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जयसवाल और फरदीन खान की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 06 सितंबर 2024 को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित, खेल खेल में ,गुलशन कुमार, टी-सीरीज़ और वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत है। यह फिल्म 06 सितंबर 2024 को देशभर में रिलीज होगी।

